डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
मंगलवार
22.11.2022
मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 13
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रश्मि प्रवाह
हमारे पास बचपन से ही दो रास्ते होते हैं या तो हम सही रास्ता चुन लें, नहीं तो कठिनाईयां हमारा रास्ता चुन लेगी।

www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-29 अंक-38 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा ने हाईकोर्ट से वापस ली याचिका

नवीन मेल संवाददाता

रांची। निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के दौरान अभिषेक झा के अधिवक्ता ने अदालत से याचिका वापस लेने का आग्रह किया। अदालत ने उनका पक्ष सुनने के उपरांत उन्हें याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी। न्यायाधीश संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान प्रार्थी की ओर से अदालत को बताया गया कि उन्होंने हाईकोर्ट में जो याचिका दायर की थी उस याचिका में अभिषेक ने ईडी कोर्ट में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट का आग्रह किया था। ईडी कोर्ट ने मामले में अभिषेक झा को समन जारी कर अदालत में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने का आदेश दिया था। ईडी कोर्ट ने पूर्व में अभिषेक के व्यक्तिगत उपस्थिति की छूट के आग्रह को खारिज कर दी थी। इसके बाद अभिषेक की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गयी। साथ ही हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका भी दाखिल की है। पूर्व में पांच नवम्बर को ईडी की विशेष अदालत में अभिषेक झा की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दी थी।

झारखंड विधानसभा का स्थापना दिवस आज, तैयारी पूरी, तीन दिन चलेगा कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड विधानसभा के 22वें स्थापना दिवस समारोह को यादगार बनाने के लिए तीन दिवसीय कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गयी है। विधानसभा भवन को दुल्हन की तरह सजाया गया है। 22 नवम्बर को बिरसा मुंडा उत्कृष्ट विधायक के रूप में चयनित भाकपा माले के विधायक विनोद कुमार सिंह को सम्मानित किया जायेगा। पिछले साल यह सम्मान भाजपा विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी को मिला था। इसके अलावा कपिलेश्वर प्रसाद उत्कृष्ट विधान-कर्मी के रूप में चयनित संयुक्त सचिव धनेश्वर राणा, निजी सहायक अमित कुमार दास, वरीय सचिवालय सहायक अनवारूल हक अंसारी, चालक हेमंत कुमार चौरसिया और अनुसेवक अजित नारायण सम्मानित किये जायेंगे। राज्यपाल रमेश बैस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री

हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम के पहले दिन ही मंगलवार 22 नवम्बर को देश की सीमा पर नक्सल अभियान में शहीद और शांतिकाल में वीरता पदक प्राप्त पुलिसकर्मियों और सैनिकों को सम्मानित किया जायेगा। इसी दिन स्पीकर रवींद्रनाथ ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

छात्र संसद का भी होगा आयोजन

कार्यक्रम के तीसरे दिन 24 नवम्बर गुरुवार को द्वितीय झारखंड छात्र संसद का आयोजन होगा। इसके लिये अलग-अलग विश्वविद्यालयों के 111 छात्रों के ऑनलाइन स्क्रीनिंग टेस्ट और इंटरव्यू के बाद चयनित 24 छात्र-छात्राएं छात्र संसद में भाग लेंगी। इसके लिये रांची से साक्षी प्रिया, खूंटी से पूजा शेखर, सिमडेगा से दिव्या वंसल, लोहरदगा से गीता श्रेया, पूर्वी सिंहभूम से सीमा हेंब्रम, पश्चिमी सिंहभूम से हेमंत कालुंडिया, सरायकेला से विवेक कपूर, हजारीबाग से मुस्कान कुमारी सिन्हा, रामगढ़ से कौशल कुमार, चतरा से आस्था कुमारी आर्या, धनबाद से पीयूष कुमार, कोडरमा से सचिन कुमार, गिरिडीह से रूद्रप्रताप सिंह, दुमका से सुहानी आनंद, देवघर से आकाश कुमार लाल, गोड्डा से स्वाति राज, साहिबगंज से खुशीलाल पंडित, पाकुड़ से काकुली कर्मकार, पलामू से गोविंद कुमार मेहता, गढ़वा से अदिति राज लक्ष्मी, लातेहार से सुधा कुमारी, बोकारो से सोनी कुमारी, गुमला से मरियम खलखो और जामताड़ा से अल्ताफ अंसारी का चयन हुआ है।

उत्कृष्ट विधायकों की सूची

आपको बता दें कि 22 वर्षों में सिर्फ 2009, 2014 और 2019 को छोड़कर हर साल स्थापना दिवस मनाया गया है। साल 2001 में विशेश्वर खां को उत्कृष्ट विधायक चुना गया था। इसके बाद हेमलाल मुर्मू, राजेंद्र प्रसाद सिंह, लोकनाथ महतो, अन्नपूर्णा देवी, राधाकृष्ण किशोर, पशुपति नाथ सिंह, इंदर सिंह नामधारी, जनार्दन पासवान, माधव लाल सिंह, रघुवर दास, लोबिन हेंब्रम, प्रदीप यादव, स्टीफन मरांडी, विमला प्रधान, नलिन सोरेन और रामचंद्र चंद्रवंशी सम्मानित किये गये हैं।

छह हजार रुपये घूस लेते दारोगा गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने सरायढेला के एक दारोगा को छह हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। दारोगा राजेंद्र उरांव केस की डायरी लिखने की एवज में पैसे मांग रहा था। भुक्तभोगी ने इसकी शिकायत एसीबी से की थी। मामले की सत्यापन के बाद एसीबी ने जाल बिछाकर आरोपी दारोगा को रंगेहाथ दबोच लिया। यह मामला करीब पांच साल पुराना था। वर्ष 2017 के इस मामले में केस डायरी लिखने के लिए आरोपित दारोगा राजेंद्र उरांव सरायढेला थाना क्षेत्र में रहनेवाले प्रदीप पांडेय से छह हजार रुपये रिश्वत मांग रहा था। भुक्तभोगी ने इसकी शिकायत एसीबी में की थी। एसीबी ने जाल बिछाकर दारोगा को सरायढेला स्थित बॉम्बे स्वीट्स में बुलाया। दारोगा यहां बिना वर्दी पहुंचा था। इस दौरान उसने

जैसे ही पैसे लिये, एसीबी ने उसे रंगेहाथ दबोच लिया। आरोपित दारोगा को सरायढेला थाना ले जाया गया है। मामले में शिकायतकर्ता प्रदीप पांडेय के आवेदन पर एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। इस संबंध में धनबाद एसीबी के डीएसपी नितिन खंडेलवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2017 के एक मामले में केस डायरी लिखने के लिए आरोपित दारोगा राजेंद्र उरांव बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर निवासी प्रदीप कुमार पांडे से दस हजार रुपये बतौर रिश्वत की मांग कर रहा था। भुक्तभोगी द्वारा काफी मिन्नतों के बाद रिश्वत की रकम छह हजार रुपये तय हुई। इसके बाद भुक्तभोगी ने इसकी शिकायत धनबाद एसीबी से की। डीएसपी ने बताया कि ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

राज्य में फिर से बिजली कटौती शुरू

रांची। राज्य में फिर से बिजली कटौती शुरू हो गयी है। इसकी प्रमुख वजह राज्य के पास बिजली की उपलब्धता की कमी। वहीं, राजस्व की कमी भी है। जेबीवीएनएल अधिकारियों की मानें तो निगम के पास बिजली खरीदने के लिए पैसे नहीं है। निगम का बकाया वर्तमान में करोड़ों में है। जो डीवीसी, एनटीपीसी, सेंट्रल पावर पुल, टीवीएनएल समेत अन्य बिजली जेनरेटर कंपनियों का है। वहीं, राज्य का औसतन मानें तो अलग-अलग जिलों में लगभग छह से दस घंटे तक की बिजली कटौती हो रही है। निगम के अधिकारियों ने बताया कि जिस जिले के उपभोक्ता पैसा देंगे, उसी जिला में बिजली मिल पायेगी। निगम की वर्तमान स्थिति ऐसी है। औसतन मानें तो राज्य में 40 फीसदी तक की बिजली की कमी है।

आदिवासी संघों व समितियों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

नगर निकाय के एकल पद के आरक्षण से जुड़ी त्रुटियों से अवगत कराया

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार को केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की के नेतृत्व में राजी पाड़हा सरना प्रार्थना सभा भारत, आदिवासी जन परिषद, अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद, आदिवासी सेना, आदिवासी लोहरा समाज, जन आदिवासी केंद्रीय परिषद, झारखंड क्षेत्रीय पाड़हा समिति, कांके रोड सरना समिति, राष्ट्रीय आदिवासी मुंडा परिषद, एचईसी विस्थापित मोर्चा और 22 पाड़हा चेटे संघ के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मुख्यमंत्री को इस बात से अवगत कराया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर नगर निगम, नगर पर्षद, नगर पंचायत के

एकल पद - महापौर/अध्यक्ष को आरक्षित करने में कई त्रुटियां हैं। रांची समेत अनुसूचित जिलों के कई नगर निकाय में पहले से अनुसूचित जनजाति के आरक्षित महापौर/अध्यक्ष के पद को अनुसूचित जाति अथवा सामान्य घोषित कर दिया गया है। यह संविधान के प्रावधानों के अनुकूल भी नहीं है। यह आदिवासी जनमानस की भावनाओं के भी खिलाफ है। सरकार अनुसूचित जिलों के नगर निकायों के एकल पद आरक्षण के मामले में उचित और कानून संगत कदम उठाये। इस मौके पर मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे मौजूद थे।

बाबूलाल मरांडी ने सीएम को पत्र लिख घूस मांगने की शिकायत पर जांच कराने की मांग की

रांची। भाजपा विधायक दल के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सीएम को पत्र लिखकर कहा है कि प्रदूषण नियंत्रण पर्षद मुख्यालय में संविदा पर कार्यरत कर्मी नैयर रिजवी द्वारा कार्य कराने के एवज में घूस मांगे जाने की शिकायत मिली है, इसकी जांच करायी जाये। उन्होंने कहा कि संविदा पर कार्यरत कर्मी नैयर रिजवी पर्षद में सीटीई, सीटीओ एवं एचडब्ल्यूएम प्रमाण पत्र निर्गत करने के एवज में मोटी रकम लेते हैं। जो उद्यमी पैसा देने से इनकार करते हैं उनके सीटीई/सीटीओ के लिए किये गये आवेदन को अनावश्यक रूप से त्रुटि बताकर रद्द कर दिया जाता है। साथ ही उद्यमियों को धमकी दी जाती है कि पैसा नहीं देने पर फाइल पर ऐसा नोटिंग कर देंगे कि कार्यालय का चक्कर लगाते रह जायेंगे, काम नहीं होगा। उन्होंने कहा कि संविदा कर्मी द्वारा किये जा रहे ऐसे करतूत से लगभग सभी वाकिफ हैं और यहां तक कि कई लोग व्यक्तिगत रूप से मुझसे मिलकर इनके कृत्यों के विषय में जानकारी देते रहे हैं। वर्षों से इनका यह कृत्य बदस्तूर जारी है। बाबूलाल मरांडी ने सीएम से आग्रह करते हुए कहा है कि उक्त संविदा कर्मी पर लगे आरोप की जांच कराकर कार्रवाई की जाये। साथ ही निगरानी द्वारा कर्मी की अर्जित सम्पत्ति की जांच कराना करायी जाये।

पुलिस व उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के बीच मुठभेड़

तीन उग्रवादी ढेर, तीन हथियार बरामद

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। सदर थाना क्षेत्र के बेंदी जंगल में पुलिस द्वारा चलाये जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान उग्रवादी संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) और पुलिस बल के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में जेजेएमपी के तीन उग्रवादी ढेर हो गए हैं। पुलिस को भारी पड़ता देख बाकी उग्रवादी जंगल का फायदा उठाकर भाग निकले। इस दौरान पुलिस बल ने तीन हथियार भी बरामद किए हैं। जिसमें दो इंसास रायफल और एक एसएलआर शामिल हैं। मुठभेड़ की पुष्टि लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने की है। मिली जानकारी के अनुसार

लातेहार एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में सीआरपीएफ और जिला पुलिस बल के जवान सदर थाना क्षेत्र के बेंदी जंगल में सर्च ऑपरेशन चला रहे थे। इसी दौरान पुलिस को नजदीक आता देख उग्रवादी संगठन ने जवानों पर निशाना साधते हुए गोलीबारी शुरू कर दी। उग्रवादी संगठन द्वारा गोलीबारी किये जाने पर पुलिस ने भी जवाबी गोलीबारी की । जिसमें जेजेएमपी संगठन के तीन उग्रवादी ढेर हो गए । पुलिस को भारी पड़ता देख बाकी उग्रवादी जंगल का फायदा उठाते हुए फरार हो गए। पुलिस ने मुठभेड़ स्थल से तीन हथियार भी बरामद किए हैं। जिसमें दो इंसास रायफल और एक एसएलआर शामिल हैं। लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए कहा कि मुठभेड़ में तीन उग्रवादी मारे गए हैं । पुलिस द्वारा इलाके की घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

पूर्व आईएएस अधिकारी अरुण गोयल ने चुनाव आयुक्त का संभाला पदभार

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के पूर्व अधिकारी अरुण गोयल ने सोमवार को चुनाव आयुक्त का पदभार संभाल लिया। निर्वाचन आयोग (ईसी) ने यह जानकारी दी। गोयल 1985 बैच के पंजाब कैडर के आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने 18 नवम्बर को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी। हालांकि, उन्हें 60 वर्ष का होने के बाद 31 दिसम्बर 2022 को सेवानिवृत्त होना था। गोयल को शनिवार को चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया था। वह मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडेय के साथ निर्वाचन आयोग का हिस्सा होंगे। मई 2022 में मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) के रूप में सुशील चंद्रा की सेवानिवृत्ति के बाद निर्वाचन आयोग में एक पद खाली था। गोयल इससे पहले भारी उद्योग सचिव के पद पर तैनात थे। उन्होंने संस्कृति मंत्रालय में भी सेवाएं दी हैं। उनकी नियुक्ति ऐसे समय में की गयी है, जब गुजरात में एक और पांच दिसम्बर को दो चरणों में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। आनेवाले महीनों में नगालैंड, मेघालय, त्रिपुरा और कर्नाटक के लिए चुनाव कार्यक्रम तय करते समय निर्वाचन आयोग के पास उसके सभी तीन सदस्य होंगे।

होटल-रेस्त्रां में मुफ्त में वाशरूम उपयोग करने, पानी पीने के अधिकार वाला नियम बदलेगी सरकार

– ब्यूरो

नयी दिल्ली। अभी यह नियम है कि कोई भी व्यक्ति मुफ्त में होटल या रेस्टोरेंट के वॉशरूम का उपयोग कर सकता है, वहां मांग कर मुफ्त में पानी पी सकता है। लेकिन अब इसको केंद्र सरकार खत्म करना चाहती है। इसके लिये नया कानून बनाने की तैयारी है। इसके लिए इंडियन सराय एक्ट-1867 की धारा 7(2), जिसके तहत होटल व रेस्टोरेंट यह सुविधा देने को बाध्य हैं, बदला जायेगा। अंग्रेजों के समय बने इस कानून के तहत भारतीय सराय अधिनियम-1867 का पालन नहीं करनेवालों पर उक्त अधिनियम की धारा-14 के अनुसार 20 रुपये का जुर्माना लग सकता है। भारतीय संविधान ने होटल और सराय को राज्यों के अधीन रखा है, लेकिन इसके लिये केंद्रीय कानून भी है। केंद्रीय कानून इसमें उद्योग के पहलू- भोजन, प्रदूषण आदि को नियंत्रित करता है। कहा जा रहा है कि इस कानून का दुरुपयोग राज्य व केंद्र के अफसर व पुलिस अधिकारी करते हैं, होटल व रेस्त्रांवालों को तरह-तरह से परेशान करते हैं। इसलिए केंद्र सरकार इसे खत्म करना चाहती है। पीसी जैन आयोग ने भी इस अधिनियम को निरस्त करने की सिफारिश की है।

टिकट कटने से नाराज नेता विरोध में चुनाव न लड़ सके, दल-बदल कानून में संशोधन की तैयारी

राज्यों में हिमाचल से भी ज्यादा बगावत होने का भय

– कृष्णमोहन सिंह

नयी दिल्ली। टिकट काटने से नेता नाराज होकर या तो विरोधी पार्टी से टिकट लेकर चुनाव में उतर जा रहे हैं या निर्दलीय लड़ जा रहे हैं। इसे रोकने के लिए दल-बदल कानून में संशोधन की बात चल रही है। मालूम हो कि हिमाचल में ऐसे लगभग 21 नेता बागी होकर चुनाव मैदान में ताल ठोककर आ गये। कईयों को तो खुद केंद्रीय सत्ता सर्वोच्च ने फोन करके मनाने की कोशिश की थी, लेकिन कुछ ने यह कहकर नाम वापस लेने से मना कर दिया कि हमारे भगवान ने यह फोन नामांकन करने से पहले किया होता, तो चुनाव लड़ने का पर्चा नहीं भरा होता, अब तो भर दिया है, इसलिए जनता जनार्दन का मान रखने के लिए लड़ना ही पड़ेगा। इसी तरह से गुजरात में भी कुछ पूर्व व कुछ वर्तमान विधायकों में से जिन्हें टिकट

नहीं दिया गया है, पर्दे के पीछे से विरोध का स्वर तेज कर दिया है। कई तो खुलकर सामने भी आ गये हैं। इसको लेकर केंद्रीय सत्ता हुक्मरान चिंतित हो गये हैं। चिंता इसलिए भी होने लगी है कि 2023 में नौ राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं और उन राज्यों में भी भाजपा उसी तरह भाजपा नेताओं के टिकट काटेगी जैसे गुजरात व हिमाचल में काटी है। ऐसे में उन राज्यों में हिमाचल से भी ज्यादा बगावत होने का भय है। उसके बाद 2024 के शुरू में लोकसभा के टिकट को लेकर माथापच्ची शुरू हो जायेगी। अभी से चर्चा है कि लोकसभा चुनाव में लगभग 50 प्रतिशत वर्तमान भाजपा सांसदों का टिकट काटने की तैयारी है। जिनका टिकट कटेगा उसमें से 30 प्रतिशत भी बगावती तेवर अपनाये, तो बहुत नुकसान हो सकता है। कहा जा रहा है कि ऐसा नहीं होने पाये और यदि हो भी तो जिनका टिकट काटा जाये वे किसी और पार्टी से टिकट लेकर चुनाव नहीं लड़ने पावें, इसके लिये दल-बदल कानून में संशोधन करने की तैयारी हो रही है। बताया जा रहा है कि नया दल-बदल कानून केवल विधायकों, सांसदों पर ही नहीं, बल्कि पंजीकृत दलों के पदाधिकारियों ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

चारा घोटाला मामला : लालू प्रसाद की सजा बढ़ाने की मांगवाली याचिका पर तीन सप्ताह बाद होगी सुनवाई

रांची। बहुचर्चित चारा घोटाला में देवघर कोषागार से अवैध निकासी मामले में आरोपी लालू प्रसाद सहित छह सजायाफ्ता की सजा बढ़ाने की मांग को लेकर सीबीआई की ओर से दायर याचिका पर सोमवार को आंशिक सुनवाई हुई। अदालत ने मामले की विस्तृत सुनवाई के लिए तीन सप्ताह बाद की तिथि निर्धारित करने का आदेश दिया है। झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश रंगन मुखोपाध्याय और न्यायाधीश अंबुज नाथ की खंडपीठ में इस मामले पर सुनवाई हुई। मामले में सीबीआई की ओर से कोई अधिवक्ता कोर्ट में उपस्थित नहीं हुआ। लालू प्रसाद की ओर से अधिवक्ता प्रभात कुमार ने पैरवी की। कोर्ट ने मामले की सुनवाई तीन सप्ताह बाद निर्धारित की है।

महिला पर छात्र को चाकू मार कर घायल करने का आरोप

विश्रामपुर। पुलिस अनुमंडल के रेहला थाना क्षेत्र अंतर्गत कमता गांव निवासी नसीम खां के दस वर्षीय पुत्र मोहम्मद हुसैन को मामूली विवाद में चाकू मारकर गंभीर रुप से घायल कर दिया गया है। छात्र को चाकू मारकर घायल करने का आरोप गांव के ही एक महिला पर लगा है। इस संबंध में रेहला थाना में छात्र के पिता नसीम खां के द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बताया जा रहा है कि कामता गांव के ही कमरू जमा की बीबी समजीदा व उसकी दोनो बेटियों ने मिलकर बच्चे पर चाकू से हमला किया है। रेहला पुलिस इसे मामूली विवाद से उत्पन्न घटना बता रही है। वहीं घायल छात्र के परिजनों का आरोप है कि मोहम्मद हुसैन को कमरू जमा के परिवार वाले बली देने के लिए कहीं ले जा रहे थे। जब वह उनके चंगुल से किसी तरह छूट कर भागने लगा तो उसे चाकुओं से गोद कर जान से मारने का प्रयास किया गया। रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने बताया कि मामले कि छान बीन कि जा रही है। जांचोपरांत दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी।

न्यूज गैलरी

करकटा पंचायत में कृषक पाठशाला का आयोजन

उंटारी रोड। एनएमएइटी योजना अंतर्गत सोमवार को उंटारी रोड़ प्रखंड के करकटा पंचायत करकटा में संचालक सत्यानंद कुशवाहा के खेतों में श्री विधि से पंक्ति वध तरीके से गेहूं लगवाया गया। बीज उपचार,पौधे से पौधे की बीच की दूरी,2 से 3 बार खरपतवार की निकासी,आइएनएम व आईपीएम की जानकारी दी गई। राज्य अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा संचालित योजना को ब्लॉक चैन टेक्नोलॉजी से निबंधित करवाने तथा 90 प्रतिशत अनुदानित दर पर पैक्स से उन्नत किस्म के बीज लेने की जानकारी दी गई। बिरसा फसल विस्तार योजना,फसल राहत योजना,एनएफएसएम टीआरएफए एवं अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई। जिसमे उपस्थित आईटी/बीटीएम अभिमन्यु प्रसाद,यूसुफ आजाद, किसान मित्र शंकर मेहता,शंकर राम,महिला किसान ममता देवी,किसान हरिद्वार मेहता,साकेत मेहता,संजय मेहता,गोविंद मेहता परशुराम मेहता एवं अन्य किसान उपस्थित हुए।

आज से होगी दो दिनी खेलो झारखंड प्रतियोगिता

हुसैनाबाद। राज्य सरकार के आयोजित खेलो झारखंड प्रतियोगिता कार्यक्रम के तहत हैदरनगर स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय के खेल मैदान में मंगलवार व बुधवार को खेल का आयोजन किया गया है। इस संबध में मुखिया संघ अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये प्रखंड कार्यालय से बीडीओ धीरज कुमार ठाकुर ने लिखित सूचना सोमवार को जारी की है। इस कार्यक्रम में इस प्रखंड के जिला पार्षद, प्रमुख, उप प्रमुख, सभी मुखिया व पंचायत समिति सदस्य सहित समस्त पंचायत प्रतिनिधि, 20 सूत्री अध्यक्ष व उपाध्यक्ष सहित सभी सदस्य, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी व बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को आमंत्रित किया गया है। खेल प्रातः 10 बजे से शुरू किया जायेगा।

निजी खर्च से कराया सड़क की मरम्मत

विश्रामपुर। नगर परिषद अंतर्गत वार्ड दस के मधुरीडीह गांव में एक किलोमीटर लंबी सड़क की मरम्मत निजी खर्च से समाजसेवी गोपाल राम ने करवाया। पहले मेटल भरवाकर सड़क में बने गड्ढों को समतल करवाया। उसके बाद मोरम से सड़क का पूर्ण मरम्मत करवाया। गोपाल राम ने कहा कि ग्रामीणों की हर समस्याओं का समाधान करने का सार्थक प्रयास करते रहता हूं। मौके पर नरेश यादव ,लक्ष्मण यादव, देवनाथ यादव, बबलू यादव, डॉ. राजेश कुमार,राकेश कुमार, ई.चंदन कुमार,विश्वनाथ राम,राजेंद्र राम,लक्ष्मण राम,अखिलेश कुमार,मदन राम सहित कई लोग मौजूद थे।

कांग्रेस का भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम आहूत

विश्रामपुर। नगर परिषद अंतर्गत वार्ड एक में कांग्रेस का भारत जोड़ो यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस नेत्री सह भावी अध्यक्ष प्रत्याशी रीना पांडेय व संचालन मणिभूषण पांडेय ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि हम सब देश को जोड़ने का प्रयास करते हैं और भाजपा तोड़ने की बात करती है।। भाजपाइयों से जनता को सावधान रहने की जरूरत है। वरीय जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार चौबे ने कहा कि सभी धर्म व जात को एक साथ लेकर सिर्फ कांग्रेस ही चल सकती है। कांग्रेस नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय ने भारत जोड़ो यात्रा के बारे में विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। कहा कि विश्रामपुर नगर परिषद के सभी बीस वार्ड में भारत जोड़ो यात्रा के तहत कार्यक्रम होगा। मणिभूषण पांडेय ने कहा कि नगर परिषद चुनाव में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी बेहतर परिणाम लायेगा। मौके पर सतीश चौबे उर्फ बालजी चौबे, राजेश चौरसिया, सखी चंद्र भूईया, गनौरी चौधरी, सुरेंद्र राम, रीता देवी, अमरेंद्र पांडे, सूरज पांडे, ब्रह्मदेव चौधरी, सुकन चौधरी, घुरा चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे।

पीएम आवास स्वीकृति के बाद दो लाभुक ने गिरवाया कच्चा मकान

चार माह बाद भी नहीं मिला पहला किस्त, झोपड़ी में रह रहा पूरा परिवार

मामला विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड एक के भोला टांड टोले का

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। नगर परिषद अंतर्गत वार्ड एक के भोलाटांड टोला निवासी नईम अंसारी की पत्नी रबीना बीबी और नजीम अंसारी की पत्नी रसीदा बीबी के नाम प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना स्वीकृत हुआ । चुकि दोनों लाभुकों के पास जमीन की कमी थी, लिहाजा दोनों ने अपना पुराना कच्चे का मकान गिरवा दिया और पूरा परिवार झोपड़ी बनाकर रहने लगे। उसके बाद आवास निर्माण हेतु कार्य लगवाया। ईट, बालू, छरी सहित सभी सामग्री भी उधार ले लिया। नगर परिषद कार्यालय द्वारा दोनों लाभुकों का जियो टैग भी किया गया। लेकिन जियो टैग के चार माह बाद भी आवास योजना का पहला किस्त दोनो लाभुकों को नहीं दिया गया। अब दोनो लाभुक नप कार्यालय का

चक्कर लगा रहे हैं। कार्यालय कर्मियों द्वारा कहा जा रहा है कि दोनों लाभुक आवास योजना का मापदंड पूरा नहीं करते हैं। इसलिए इन दोनों को आवास योजना का लाभ नहीं दिया जा सकता। प्रश्न यह है कि जब उक्त दोनों लाभुक आवास योजना के मानक को पूरा नहीं करते तो योजना निर्माण की स्वीकृति क्यों दी गई। जांचोपरांत जियो टैग क्यों किया गया। नप कार्यालय के इस कार्यशैली के कारण दो परिवार झोपड़ी में रह रहा है। इधर दुकानदार भी सामग्री का बकाया पैसा मांग रहा है। पीड़ित परिवार ने पूरे मामले की जानकारी निवर्तमान नप अध्यक्ष प्रतिनिधि राजद नेता नईमुद्दीन अंसारी को दी। श्री अंसारी ने एक प्रतिनिधिमंडल के साथ स्थलीय निरीक्षण भी किया। उन्होंने कहा कि नप कार्यालय के इस कार्यप्रणाली से कई सवाल खड़ा होता है। निवर्तमान अध्यक्ष हलीमा बीबी ने नप अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आवास के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। जो रिश्वत देगा ,उसे आवास मिलेगा। कमी कोई न कोई तकनीकी मामला बताकर आवास योजना को नामंजूर कर देते हैं। इस बाबत पूछे जाने पर नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम ने कहा कि इन परिवार के एक लाभुक को पहले आवास योजना का लाभ दिया जा चुका है। फिर भी पूरे मामले की जांच होगी। जांचोपरांत अग्रतर कार्रवाई की जायेगी।

मतदाता जागरूकता को लेकर सीओ पहुंचे सोहड़ खास

नवीन मेल सवांददाता

सतबरवा। मतदाता जागरूकता और नए मतदाताओं को वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने के साथ जागरूकता फैलाने सतबरवा के अंचलाधिकारी प्रशांत कुमार शाह प्रखंड के सुदूरवर्ती सोहड़ खास प्लस टू उच्च विद्यालय पहुंचे। जहां जाने का एक मात्र मार्ग पगडंडी है । श्री शाह पहले शीर्ष अधिकारी हैं जो यहां तक पहुंचे । इस दौरान विद्यालय के बच्चों की संख्या,उनके यूनिफॉर्म उनके शिष्टाचार को देख काफी उत्साहित हुए । उन्होंने बताया कि वह भी सरकारी विद्यालय से पढ़कर यहां तक पहुंचे हैं । विद्यालय के मैट्रिक और इंटर में पढ़ने वाले बच्चों के बारे में बताया कि जिनका जन्म 1 जनवरी 2005 के पहले हुआ है वे अब वोट डालने के योग्य हो चुके हैं । उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा और वह अब देश के लिए सही नेता चुनने में भागीदार बन सकते हैं । इसलिए उन्होंने सभी को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का आह्वान किया । साथ ही विद्यालय की व्यवस्था का भी जायजा लिया। प्रधानाध्यापक भरदूल कुमार सिंह ने उनका स्वागत किया और विद्यालय के बाल संसद के प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल के सदस्यों ने उन्हें बुके देकर सम्मानित किया । साथ ही बच्चों ने अपने लिए शाह से सड़क की मांग की और बताया कि उनके विद्यालय तक सड़क नहीं है । जिसके कारण उनको काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। जिस पर श्री शाह ने बच्चों को बताया कि वे सड़क के लिए हर संभव प्रयास करेंगे । आप सब मन लगाकर पढ़ाई करें और उनसे भी ऊंचा पद पाएं । मौके पर विद्यालय के शिक्षक अर्पण कुमार गुप्ता ,संजय कुमार, नंद किशोर सिंह ,कौशल किशोर सिंह ,पुरुषोत्तम कुमार, संतोष कुमार शर्मा, समेत शिक्षक और प्रबंधन समिति के सदस्य मौजूद रहे।

हुसैनाबाद में चढ़ा फुट्बॉल का बुखार

कल से होगा कर्नल कप फुटबॉल का पहला मैच

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। कर्नल ब्रिगेड फुट्बॉल क्लब द्वारा आयोजित कर्नल कप 2022 मंगलवार से अनुमंडल मैदान में ग्यारह बजे से प्रारम्भ होगा । जिसमें स्थानीय ग्रामीण युवा की बत्तीस टीमें हिस्सा लेंगी । सभी बत्तीसों टीम अपने फुट्बॉल टीम का झण्डा और बैनर के साथ अनुमंडल मैदान से अम्बेडकर चौक गांधी चौक होते हुए वापस अनुमंडल मैदान तक राष्ट्रीय धुन पर मार्च पास्ट करेंगे। क्लब के संरक्षक कर्नल संजय सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि युवाओं का खेल के प्रति उदासीनता समाज के लिए चिंता का विषय है। हुसैनाबाद किसी जमाने में फुट्बॉल हब हुआ करता था जो आज समाप्त हो रहा है। खेल के प्रति युवाओं को जागरूक करने के लिए खिलाड़ियों द्वारा जपला में मार्च पास्ट तथा क्लब के सभी सदस्यों द्वारा खिलाड़ियों के गाँव में जाकर ड्रेस वितरण समारोह जागरूकता अभियान का ही एक हिस्सा है। उन्होंने आगे कहा कि प्रतिदिन दो मैच खेले जायेंगे। पहला मैच दो बजे से तथा दूसरा साढ़े तीन बजे से खेल जायेगा। मार्च पास्ट के बाद तेईस नवम्बर को एक ही ओपनिंग मैच मोहम्मदगंज बनाम सडेया बारह बजे से खेला जायेगा। चौबीस को पहला मैच हैदरनगर और रपुरा दूसरा खड़गड़ा और पतहरिया , पचीस को पहला मैच जमुआ और कूकही तथा दूसरा मैच देवरी कला और सरहु ,छब्बीस को पहला मैच झरगड़ा और झरहा दूसरा मैच काजीनगर और अमही, 28 नवंबर को पहला मैच बभंडी बनाम बैराओं, और दूसरा मैच रपुरा बनाम डंडिला , उनतीस को पहला मैच सडेया बनाम रानीदेवा और दूसरा मैच पांती बनाम डंडिला , तीस को पहला मैच लंगरकोट बनाम बैराओं तथा दूसरा मैच बेलासपुर बनाम झरगड़ा एक दिसम्बर को पहला मैच पथरा बनाम पतरा कला दूसरा मैच झरहा बनाम मोहम्मदाबाद , दो दिसम्बर पहला मैच कचरा बनाम देवरी कला दूसरा मैच हीरा सिकनी बनाम रानीदेवा, चार दिसम्बर को चार मैच खेला जायेगा, जो सुबह ग्यारह बजे से प्रारम्भ होगा । जिसमें पहला मैच अमही बनाम बेनी कला ,दूसरा मैच खरगड़ा बनाम पथरा तीसरा मैच बभंडी बनाम लंगरकोट तथा चौथा मैच सरहु बनाम जपला खेला जायेगा। पांच को पहला मैच मोहम्मदाबाद बनाम झरगड़ा तथा दूसरा मैच सडेया बनाम हीरा सिकनी , छह का पहला मैच कूकही बनाम सबानो तथा दूसरा मैच बेनी कला बनाम काजीनगर, सात का पहला मैच पतहरिया बनाम पतराकला तथा दूसरा पतरा खुर्द बनाम जमुआ , आठ का पहला मैच मोहम्मदाबाद बनाम बेलासपुर तथा दूसरा मैच पतहरिया बनाम पथरा, नौ का पहला मैच रानीदेवा बनाम मोहम्मदगंज तथा दूसरा मैच सरहु बनाम कचरा ,दस को पहला मैच सबानो पतराखुर्द तथा दूसरा मैच हैदरनगर बनाम पांती ग्यारह दिसम्बर को तीन मैच खेला जाएगा। जिसमें पहला मैच बेलासपुर बनाम झरहा तथा दूसरा मैच जपला बनाम कचरा तथा तीसरा मैच पतराकला बनाम झरगड़ा ,बारह का पहला मैच जपला बनाम देवरी कला तथा दूसरा मैच पतरा खुर्द बनाम कूकही,तेरह का पहला मैच डंडिला बनाम हैदरनगर तथा दूसरा मैच सबानो बनाम जमुआ ,चौदह का पहला मैच मोहम्मदगंज बनाम हीरा सिकनी तथा दूसरा मैच रपुरा बनाम पांती के बीच खेला जायेगा।

आरडीडीई ने सीता +2 उच्च विद्यालय सहित कई विद्यालयों का किया निरीक्षण

हरिहरगंज। पलामू आरडीडीई शिवनारायण शाह ने सोमवार को प्रखंड क्षेत्र स्थित सीता प्लस टू उच्च विद्यालय, अररूआ खुर्द स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय उर्दू मकतब तथा एनपीएस तारांचक का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षकों से विद्यालय में पठन-पाठन की स्थिति में सुधार लाने सहित अन्य निर्देश दिये। आरडीडीई ने सीता प्लस टू उच्च विद्यालय में प्रधानाध्यापक तथा शिक्षकों से कहा कि साफ-सफाई और समय से कक्षा का संचालन करना शिक्षकों की जिम्मेवारी होती है। कक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस दौरान उन्होंने प्रयोगशाला का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापक गोपाल शरण राणा,आदि शिक्षक व कई छात्र मौजूद थे। विद्यालय का निरीक्षण किया।

खेल में छिपा है बच्चों का भविष्य : चंद्रदेव

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पढ़ाई के साथ खेलने से बच्चों का शारीरिक विकास होता है। साथ ही खेल में बच्चों का भविष्य छिपा हुआ है । उक्त बातें पंडवा बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने कही वे सोमवार को पंडवा के खेल मैदान में आयोजित प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड 2022-2023 के उद्घाटन के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि खेल के माध्यम से पूरी दुनिया में झारखंड का नाम महेंद्र सिंह धोनी ने रौशन किया है। मौके पर उपस्थित बीईईओ बलराम पाठक ने कहा कि खेल छात्र जीवन का एक अंग है । खेल से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। मौके पर आयोजित खेल प्रतियोगिता 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में अंशु राज मवि पंडवा व बालिका में वर्षा कुमारी राउमवि मुरमा , 200 मीटर दौड़ बालक वर्ग में अंशु राज गुप्ता म वि पंडवा व बालिका में रिम्पा कुमारी राउमवि गाड़ी खास तथा 400 मीटर बालक वर्ग में केतन कुमार साव राउमवि कठौतीया व बालिका में वर्षा कुमारी राउमवि कजरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं गोला फेंक में प्रथम स्थान राउमवि मुरमा का अभय कुमार व राउमवि गाड़ी की नीतू कुमारी सहित दर्जनों खेलो में बच्चों ने पुरस्कार प्राप्त किया। इस मौके पर कार्यक्रम का संचालन रामानुज प्रसाद व अभय कुमार द्विवेदी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर बीपीएम जरीना, शिक्षक अवधेश कुमार, अजय प्रकाश, नंद कुमार मेहता , दिव्या टोप्पो, अनिल सिन्हा, पंकज कुमार, अशोक पाठक, अजय कुमार पाठक, उपेंद्र राम, शशि भूषण सिंह, सुजाता सिंह, मीनाक्षी,लेखापाल जयप्रकाश ठाकुर, सीआरपी दिनेश सिंह, राजन कुमार, धीरज मोहन, हरिनंदन कुमार, बीआरपी सुभाष ओझा, ओम प्रकाश सिंह, संजू मेहता, सतेंद्र मेहता सहित दर्जनों शिक्षक उपस्थित थे।

बाजार से दिन दहाड़े बाइक की चोरी

हैदरनगर। बाजार चौक स्थित दुर्गा भवन के बगल के गली में खड़ी बाइक की चोरी सोमवार को अपराह्न दो बजे दिन के करीब कर ली गई। भुक्तभोगी हैदरनगर थाना के हेमजा गांव निवासी अशर्फी राम ने बताया कि पार्किंग के अभाव में चौक बाजार के दुर्गा भवन व महावीर मंदिर के पीछे गली में हीरो स्पलेंडर प्रो बाइक नंबर जेएच 03 एल 4476 खड़ी कर झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक की शाखा में आवश्यक कार्य से गया था।

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय,(रोजगार कार्यालय) गढ़वा

दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजनान्तर्गत भर्ती कैम्प–2022
सूचना

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, गढ़वा के तत्वावधान में दिनांक–25.11.2022 (दिन–शुक्रवार) को पूर्वाह्न–11.00 बजे से अपराह्न 4.00 बजे तक जिला नियोजनालय परिसर, गढ़वा में एक दिवसीय "दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजनान्तर्गत भर्ती कैम्प–2022" आयोजित किया जा रहा है।

भर्ती कैम्प में निम्न नियोजक ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है:–

S. No.	Name and Add. Of the Employer	Name of the Post	No. Of Vacancy	Qualification		Experience	Age	Salary	Remarks
				Essential	Desirable				
1	2	3	4	5	6	7	8		9
1	Indo Farm Equipment Ltd.	Helper	150	12th pass	ITI And Diploma	Fresher	18-35 year	11000/-	-
2	Spark Minda Corporation, Gujrat	Assembly Operator	150	10th Pass	ITI And Diploma	Fresher	18-35yr	15500-17000/-	-
3	Roop Polymers Ltd. Haryana	Apprentice Trainee	100	10th pass	ITI (Fitter)	Fresher	18-26yr	14475-15199/-	-

भर्ती कैम्प में भाग लेने वाले निजी नियोजकों एवं उनसे प्राप्त रिक्तियों की विस्तृत विवरणी से संबंधित सूचना झारखण्ड सरकार के वेबसाईट–www.rojgar.jharkhand.gov.in एवं garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।

भर्ती कैम्प में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि वे पूर्व में निबंधित न हो तो भर्ती कैम्प तिथि के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में जा कर या स्वयं अधिकृत वेबसाईट–www.rojgar.jharkhand.gov.in पर जा कर लें। भर्ती कैम्प के दिन निबंधन का कार्य स्थगित रहेगा। रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, इसलिए रिक्ति के शर्तों के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहे है। भर्ती कैम्प में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा।

विशेश जानकारी के लिए जिला नियोजनालय,गढ़वा से सम्पर्क कर सकते हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR.NO.282853 Labour Employment and Traning(22-23):D

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 104/2022-23/RWD/GARHWA दिनांक :- 20.11.2022

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र0 सं0	आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में	अक्षर में	कार्य समाप्ति की तिथि
1.	RWD/ GARHWA/ 11/2022-23	मेराल डंडई मुख्य पथ के देवगाना स्टैण्ड से बजनवा टोला भाया बिछियादामर करीय जरही गेरूवाडीह तक पथ निर्माण कार्य (लं– 8.150 कि0मी0)	9,74,64,800.00	नौ करोड़ चौंहत्तर लाख चौंसठ हजार आठ सौ रू0 मात्र	18 माह
S 2.	RWD/ GARHWA/ 12/2022-23	पुटु मोड़ से मस्जिद टोला होते हुए मतौली सिवाना तक पथ निर्माण कार्य (लं– 3.805 कि0मी0)	4,05,19,300.00	चार करोड़ पाँच लाख उन्नीस हजार तीन सौ रू0 मात्र	18 माह
3.	RWD/ GARHWA/ 13/2022-23	चामा बड़का आहर से धिवा नदी भाया पी0एम0जी0एस0वाई0 रोड तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2.800 कि0मी0)	3,25,15,500.00	तीन करोड़ पच्चीस लाख पन्द्रह हजार पाँच सौ रू0 मात्र	15 माह
4.	RWD/ GARHWA/ 14/2022-23	आर0ई0ओ0 रोड सुरेश चन्द्रवंशी के घर से बरवाही पी0एम0जी0एस0वाई0 रोड होते हुए हड़ही पुल तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2.550 कि0मी0)	2,86,10,700.00	दो करोड़ छियासी लाख दस हजार सात सौ रू0 मात्र	15 माह
5.	RWD/ GARHWA/ 15/2022-23	पंचकेरी आर0ई0ओ0 पथ से विगु चौधरी के घर होते हुए बागी नदी तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2.000 कि0मी0)	2,18,33,600.00	दो करोड़ अठारह लाख तैंतीस हजार छः सौ रू0 मात्र	12 माह

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 29.11.2022
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 14.12.2022 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, गढ़वा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– 15.12.2022 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 16.12.2022 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा के पक्ष में एवं गढ़वा में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 282937 Rural Work Department(22-23)D

समाहरणालय, गढ़वा
(जिला निर्वाचन शाखा)
E-mail ID – dep-eo-gar@gov.in / electiongarhwa1950@gmail.com

–::मतदाताओं के लिए आम–सूचना ::–

एतद् द्वारा गढ़वा जिला के नागरिकों को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के द्वारा दिनांक 01.01.2023 को अहर्त्ता तिथि मानते हुए मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2023 के तहत् दिनांक 09.11.2022 से 08.12.2022 तक मतदाता सूची में पंजीकरण, सुधार आदि करने हेतु निम्नवत् तिथि निर्धारित की गई है:–

क0	पुनरीक्षण का कार्यक्रम	निर्धारित अवधि
1	मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन	दिनांक 09.11.2022 (बुधवार)
2	दावा/आपत्ति प्राप्त करना	दिनांक 09.11.2022 (बुधवार) से 08.12.2022 (गुरूवार)
3	विशेष अभियान दिवस	दिनांक 12.11.2022 (शनिवार), 13.11.2022 (रविवार), 19.11.2022 (शनिवार) एवं 20.11.2022 (रविवार)
4	दावा/आपत्ति का निष्पादन	दिनांक 26.12.2022 (सोमवार) तक
5	• मतदाता सूची के स्वास्थ्य मानकों की जाँच और अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति प्राप्त करना • डाटाबेस को अपडेट करना और सप्लीमेंट्स की छपाई	03.01.2023 (मंगलवार) तक
5	मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन	05.01.2023 (गुरूवार)

* दिनांक 01.01.2023, 01.04.2023, 01.07.2023 एवं 01.10.2023 की अहर्त्ता तिथि को मतदाता बनने की योग्यताधारी नागरिक मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने हेतु **प्रपत्र–6** में रंगीन फोटो तथा आयु एवं निवास प्रमाण–पत्र के साथ अग्रिम आवेदन कर सकते हैं।
* प्रवासी भारतीय मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने हेतु **प्रपत्र–6क** में आवेदन कर सकते हैं।
* मतदाता सूची से नाम विलोपन हेतु **प्रपत्र–7** में आवेदन कर सकते हैं।
* मतदाता सूची में प्रविष्टियों में सुधार, मतदाता पहचान पत्र प्रतिस्थापन, दिव्यांगन चिन्हांकित करने, विधानसभा के अंदर अथवा बाहर निवास स्थानान्तरण हेतु **प्रपत्र–8** में आवेदन कर सकते हैं।
* दावा एवं आपत्ति आवेदन यथा प्रपत्र–6, प्रपत्र–6क, प्रपत्र–7 एवं प्रपत्र–8 BLO/AERO/ERO कार्यालय में दिनांक 09.11.2022 से 08.12.2022 तक समर्पित किया जा सकता है। सभी प्रपत्र निःशुल्क उपलब्ध है।
* सभी मतदान केन्द्रों पर दिनांक 12.11.2022, 13.11.2022, 19.11.2022 एवं 20.11.2022 को विशेष अभियान दिवस आयोजित किया जाएगा। उक्त तिथियों को मतदान केन्द्रों पर बी0एल0ओ0 के द्वारा पंजीकरण/सुधार आदि हेतु दावा/आपत्ति प्राप्त किया जाएगा।
* सभी प्रपत्रों का Online आवेदन **www.nvsp.in** एवं भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के **Voter Help Line App** एवं voterportal.eci.gov.in के माध्यम से किया जा सकता है।
* सभी प्रपत्र भारत निर्वाचन आयोग के वेबसाईट **eci.gov.in** अथवा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड के वेबसाईट **ceo.jharkhand.gov.in** पर भी उपलब्ध है।
* प्रपत्रों में अपना ईमेल आईडी एवं मोबाईल नं0 अवश्य लिखें ताकि आयोग द्वारा निर्वाचन से संबंधित गतिविधियों से आपको अवगत कराया जा सके।
* मतदाता सूची में पंजीकरण/सुधार करने एवं इससे संबंधित किसी प्रकार की सहायता एवं जानकारी हेतु **Toll Free No. 1950** पर सम्पर्क कर सकते हैं।

सभी नागरिकों की भागीदारी इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपेक्षित है। सभी राजनीतिक दल, गढ़वा जिला के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संस्थान के प्रतिनिधि एवं प्रबुद्ध नागरिकों से अपील है कि इस कार्यक्रम का अपने स्तर से भी व्यापक प्रचार–प्रसार करेंगे एवं वैसे सभी योग्य नागरिक जो 18+ आयुवर्ग के हैं, का नाम मतदाता सूची में निबंधित कराने हेतु अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करेंगे।

ह0/–जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, गढ़वा

PR 282848 (Election)22-23*D

न्यूज गैलरी

पुरुष नसबंदी जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर उपायुक्त ने किया रवाना

मेदिनीनगर। उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने सोमवार को समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर पुरुष नसबंदी दो जागरूकता रथ को रवाना किया। इन रथों के माध्यम से जिले के सभी प्रखंड वासियों को पुरुष नसबंदी के प्रति जागरूक किया जायेगा। पुरुष नसबंदी अभियान के तहत जिले के सभी सीएचसी स्तर पर विशेष शिविर लगाकर पुरुषों का नसबंदी किया जायेगा। यह अभियान जिले में 21 नवंबर से 20 दिसंबर तक चलाया जायेगा साथ ही नसबंदी कराने वाले पुरुषों को प्रोत्साहन राशि भी दी जायेगी। मौके पर इस संबंध में उपायुक्त श्री दोड्डे ने कहा कि परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी को सुनिश्चित करने हेतु यह अभियान एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि हर दंपति को छोटा परिवार रखने का प्रयास करना चाहिए। उपायुक्त ने सभी स्वास्थ्य कार्यकताओं,आंगनवाड़ी सेविकाओं,प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारियों,सखी मंडलों से परिवार नियोजन की सेवाओं को अपनाने हेतु अपने क्षेत्र के योग्य दंपति को जागरुक एवं प्रोत्साहित करने की अपील की। मौके पर प्रभारी सिविल सर्जन,डीपीएम दीपक व अन्य उपस्थित थे।

ओबीसी मोर्चा करेगा आक्रोश मार्च

मेदिनीनगर। नगर निकाय चुनाव में ओबीसी के आरक्षण के लिए सड़क पर ओबीसी मोर्चा आक्रोश मार्च और न्यायालय की शरण में जायेगा । उक्त बातें मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने एक बैठक में कहीं। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा नगर निकाय चुनाव में ओबीसी का आरक्षण हटाये जाने पर निंदा की गई और आगे बड़े आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है। गत महीने देश के मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र सरकार पंचायत और नगर निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण देकर चुनाव कराई है। वही बिहार सरकार न्यायालय के अनुसार ट्रिपल टेस्ट की कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। वही प्रदेश महासचिव ने कहा कि ओबीसी मोर्चा को विश्वास नहीं हो रहा है कि जिस सरकार को ओबीसी मोर्चा ने समर्थन किया है । वही पहले पंचायत चुनाव में और अब शहरी नगर निकाय में ओबीसी समुदाय का हक छीन लिया।

24 घंटे बाद रघु भुइयां की लाश तालाब से बरामद

पाटन। किशुनपुर के ग्राम मनिका में शनिवार को तालाब में डूबे हुए व्यक्ति रघु भुइयां की लाश रविवार को सुबह 11बजे बरामद की गई। उसकी मौत तालाब मे डूबने से हो गई है । तालाब मे डूबे हुए व्यक्ति को 24घंटे के बाद रेस्क्यू किया गया । काफी मस्कत करने के बाद रेस्क्यू करने पहुंचे ग्रामीण ने ड्राम का नाव बना कर लाश को निकला । लाश को निकालने मे तालाब मे 9 फीट पानी में तैर कर ग्रामीण मोहम्मद रमजान अंसारी, मंसूर अंसारी, संदीप कुमार, नीरज सोनी के द्वारा निकाला गया लाश को देखते हुए रघु भुईया के परिजन रोते बिलखते रहे .इस घटना में पंचायत के जनप्रतिनिधि ने हर संभव मदद की मौके पर रहे थाना प्रभारी गुलशन गौरव ओ पी प्रभारी कुमार नीरज उपस्थित रहे थाना प्रभारी ने बताया कि शव निकलने के बाद अत्यंत परीक्षण करने के बाद शव को पोस्टमार्टम करने के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया गया. मौके पर किशनपुर के पंचायत समिति सदस्य मनोरंजन गिरी, संतोष उपाध्याय, धर्मेंद्र दुबे, धीरेंद्र नाथ उपाध्याय, बलराम दुबे, बबलू उपाध्याय मौजूद थे।

विवाहिता ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का लगाया आरोप

मेदिनीनगर। पड़वा थाना क्षेत्र के बटसारा के रीमा देवी ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। साथ ही समझौता करने आये पिता एवं भाई के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए 15 लोगों के खिलाफ पड़वा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। पड़वा थाना को दिए गए आवेदन में रीमा ने कहा है कि 31 मई 2022 को उसकी शादी बटसारा के रवियांश कुमार पिता कुंदन चंद्रवंशी उर्फ बबलू के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही ससुराल वालों द्वारा एक लाख रुपए नगद के साथ साथ सोने का चैन,पलंग आदि की मांग किया जाता है। जब इसकी जानकारी रीमा अपने पिता कृष्णा चंद्रवंशी को दी तो उसके पिता कुछ लोगों के साथ उनके घर ससुराल बटसारा समझौता के लिए आए थे। आरोप है कि बातचीत के दौरान मायके वाले के सामने ही रीमा के साथ ससुराल वालों ने मारपीट शुरू कर दिया। विरोध करने पर रीमा के पिता और उसके मायके वालों के साथ ससुराल वालों ने जमकर पिटाई कर दिया। जिसमें रीमा के मायके के दो लोगों का सिर फट गया। रीमा ने इस मामले में ससुर कुंदन चंद्रवंशी,सास बेबी देवी, रौशन चंद्रवंशी, रविअंश चंद्रवंशी, राकेश चंद्रवंशी,पिन्टु चंद्रवंशी,सरिता देवी,विक्कु कुमार, विकास चंद्रवंशी,अरूण चंद्रवंशी, प्रभात कुमार, अंजली देवी, सुजीता देवी,डब्लु सिंह के नाम शामिल है। थाना प्रभारी नकुल साह ने कहा कि विवाहिता रीमा देवी के लिखित आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया गया है।

कर्मचारी के निधन पर जपला मुख्य डाकघर में शोक सभा

हुसैनाबाद। प्रधान डाकघर मेदिनीनगर पलामू में कार्यरत एपीएम एकाउंट्स राजेन्द्र प्रजापति 59 वर्ष का आकस्मिक निधन पर जपला मुख्य डाकघर में एक शोक सभा का आयोजन कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया गया। मालूम हो कि स्व .प्रजापति आगामी जनवरी 2023 में सेवानिवृत्त होने वाले थे। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से डाक निरीक्षक सुमन कुमार समानता, अरविन्द कुमार ओझा, विनोद चौधरी, संतु मिंज,गामा कुमार साह, पप्पू कुमार, देवेन्द्र कुमार रवि, मनीष कुमार, राजेश पाठक, शोभनाथ,अरुण सिंह, राजदेव राम, संजय कुमार गुप्ता, अभिषेक कुमार देवेंद्र नाथ गुप्ता ओम कुमार का नाम प्रमुख है।

दिशा की बैठक में विकास योजनाओं की समीक्षा

बैठक में किया गया योजनाओं की समीक्षा

बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,सर्व शिक्षा अभियान,समेकित बाल विकास योजना,प्रधानमंत्री उज्वला योजना,प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना,बेटी बचाव बेटी पढ़ाओ, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा का क्रियान्वयन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं की समीक्षा की गयी।

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति(दिशा)की बैठक सोमवार को समाहरणालय के सभागार में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान जिले में आम लोगों के लिए चलायी जा रही योजनाओं की समीक्षा की गयी। कुछ योजनाओं की धीमी प्रगति पर सांसद ने नाराजगी व्यक्त कर संबंधित अधिकारी से सवाल-जवाब भी किया । साथ ही पिछली बैठक में लिए गये निर्णयों एवं अनुपालन के विषय पर भी चर्चा की गयी। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने समीक्षा के दौरान जिले में विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों में आ रही कमियों को भी बताया। इस पर सांसद ने लक्ष्य आधारित कार्यों को समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में रेहला की प्रमुख ने कस्तूरबा गांधी आवसीय विद्यालय में चाहरदीवारी निर्माण कराने की बात उठायी । वहीं पांकी विधायक ने मनातू में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में बच्चियों के लिए शौचालय निर्माण करवाये जाने का मामला उठाया गया। बैठक में विधायक आलोक चौरसिया ने अपने क्षेत्र अंतर्गत सड़क के शिलान्यास के दौरान विभाग द्वारा जानकारी नहीं दिये जाने का मामला उठाया। इसी तरह पांकी विधायक ने पांकी विधानसभा क्षेत्र के कई पूल-पुलियों के निर्माण में गड़बड़ी किये जाने का मामला उठाया तथा मनरेगा योजनाओं में जांच की मांग की। इस तरह बैठक में कई प्रमुखों द्वारा पीडीएस डीलर द्वारा समय से राशन नहीं वितरण किये जाने से संबंधित मामला उठाया गया। सांसद ने पेयजल विभाग के कार्यपालक अभियंता से कहा कि बारालोटा जलापूर्ति योजना में लाखों खर्च होने के बावजूद लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। इस पर कार्यपालक अभियंता ने कहा कि लीकेज की शिकायत मिली है। जिसे ठीक करा दिया जायेगा। वहीं रामगढ़ प्रमुख ने जंगली क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त कराने की बात कही। बैठक में विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि रामगढ़ के कई टोलों में अब तक विद्युतीकरण नहीं हो पाया है। इस पर सांसद द्वारा बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता को इसका तत्काल समाधान करने हेतु निर्देश दिया गया। साथ ही जहां बिजली नहीं है वहां तत्काल बिजली पहुंचाने हेतु निर्देशित किया गया। सतबरवा प्रमुख ने अपने कार्यालय में कुर्सी टेबल नहीं होने व बीडीओ द्वारा किसी भी कार्यक्रम की जानकारी नहीं देने संबंधित शिकायत की। इसी तरह अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी आवेदन देकर अपनी-अपनी बातें रखीं। बैठक में सांसद के अलावा डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया, पांकी विधयाक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता, उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे, उप विकास आयुक्त मेघा भारद्वाज,पुलिस अधीक्षक, सभी प्रखंड प्रमुख, महापौर जिला परिषद उपाध्यक्ष, समेत अन्य सभी विधायक के प्रतिनिधि सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

पानी बिल माफ करने को लेकर निगम ने लगाया कैम्प

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। निगम मेयर के द्वारा पानी बिल कर माफी की घोषणा के बाद सोमवार को स्थानीय गांधी स्मृति टाउन हॉल में मेगा कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें मेयर अरुणा शंकर सहित कई वार्ड के आयुक्त ने भी भाग लिया। कैम्प में पानी कनेक्शन से संबंधित 50 से अधिक आवेदन लिया गया। लोगो के रुझान को देखते हुए कैम्प का संचालन 26 नवंबर तक बढ़ाया गया है। गौरतलब है कि निगम मेयर के द्वारा घोषणा किया गया है कि जिन लोगों के पानी का कनेक्शन लगा है। लेकिन पानी नहीं आ रहा है और निगम के द्वारा पानी बिल बढ़ता जा रहा है। तो ऐसी स्थिति में निगम के द्वारा जांच कर वैसे लाभुक के पानी बिल को कम किया जायेगा। कैम्प में पानी कनेक्शन के अतिरिक्त होल्डिंग एवं ट्रेड लाइसेंस की शिकायतों का भी निष्पादन किया जा रहा है। निगम के नगर प्रबंधक समिता भगत ने निगम के नागरिकों को निगम द्वारा आयोजित मेगा कैम्प में सम्बंधित दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर इसका लाभ उठाने की अपील किया है।

वार्ड आयुक्त ने किया अपील : वार्ड संख्या 27 के वार्ड आयुक्त कमर यासमीन ने सोमवार को निगम के द्वारा आयोजित कैंप में भाग लिया और कैंप के माध्यम से निगम क्षेत्र में रहने वाले लोगों को इस कैंप का लाभ उठाने के लिए कहा है । जिनके घरों में पानी का कनेक्शन लगा हुआ है । लेकिन अभी तक उन्हें पानी सप्लाई नहीं हो रहा है। उन्होंने बताया कि निगम के द्वारा यह प्रयास किया जा रहा है कि जिन लोगों को बिना पानी का लाभ दिए ही बिल बनता जा रहा है । वैसे लोगों को निगम की ओर से राहत दिया जाए। साथ ही उन्होंने अपने वार्ड के लोगों को भी इस कैंप का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए कहा है । जिसमें पानी कनेक्शन के साथ-साथ होल्डिंग टैक्स और ट्रेड लाइसेंस से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया जाना है।

24 को होगा चतुर्थवर्गीय सरकारी कर्मचारी संघ की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। राज्य के चतुर्थवर्गीय सरकारी कर्मचारी संघ की बैठक 24 नवंबर को आयोजित होगी। इसकी सूचना संघ के जिलाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह और सचिव विवेक कुमार शुक्ला ने दी। उन्होंने पत्र के माध्यम से सभी चतुर्थवर्गीय सरकारी कर्मचारी साथी गण को सूचना दी है। पत्र के माध्यम से बताया गया कि सपन कुमार कर्मकार, प्रदेश महामंत्री के निदेशानुसार पलामू जिला चतुर्थ वर्गीय सरकारी कर्मचारी संघ, जिला शाखा-पलामू द्वारा वर्षो से वर्ग 4 को वर्ग 3 में पद प्रोन्नति करने समेत अन्य ज्वलंत मांगो की प्राप्ति हेतु तथा जिला एवं प्रमण्डल स्तर पर सम्मेलन कराने को लेकर आपस में विचार-विमर्श करने हेतु 24 नवंबर को पलामू समाहरणालय में स्थित उपभोक्ता फोरम कार्यालय के समक्ष एक बैठक अपराह्न 2.30 बजे आहूत की गई है।

सदर अस्पताल में मरीजों की भीड़, लोग परेशान

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। सदर अस्पताल अक्सर अपनी अव्यवस्था को लेकर सुर्खियों में रहता है। पर कुछ दिनों से हॉस्पिटल में मरीजों की काफी भीड़ देखी जा रही है। लोग एक बार फिर सदर अस्पताल का रुख कर रहे है।सोमवार को हॉस्पिटल के सभी विभागों के बाहर मरीजों की लंबी कतार लगी थी। मरीजों में सबसे ज्यादा संख्या महिलाओं की थी। ठंड के कारण सर्दी-खांसी और फ्लू से बच्चों को अधिक परेशानी हो रही है। ऐसे में सदर अस्पताल में बच्चों को भी दिखाने के लिए लोग आ रहे है। लोगों ने पूछने पर बताया कि सदर अस्पताल में व्यवस्था अभी ठीक हुई है। दवाएं भी यहां अवेलेवल है। हाल के दिनों में व्यवस्था में गड़बड़ी की वजह से मरीजों को परेशानी हो रही थी। डॉक्टरों को दिखाने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता था। पर अब डॉक्टर्स भी विजिट कर रहे है। वहीं सदर अस्पताल के बाहर टिकट काउंटर के पास मरीजों को पुर्जा कटवाने के लिए घंटा समय का इंतजार करना पड़ा।

भुइयां विकास परिषद ने कई मांगों को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। चावल घोटाला सहित अन्य मांगों को लेकर भारतीय भूइयां विकास परिषद के बैनर तले सोमवार को शिवाजी मैदान से रैली निकालकर छह मुहान होते हुए मेदिनीनगर पलामू उपायुक्त कार्यालय के समक्ष रैली पहुंचा। सभा की अध्यक्षता भारतीय आदिम जनजाति परिषद् के केन्द्रीय कमिटी सदस्य श्रवण परहिया ने किया और मंच संचालन भारतीय भुइयां विकास परिषद् प्रमण्डल सचिव पिन्टू राम भुइयां ने किया। सभा में मुख्य अतिथि भारतीय आदिम जनजाति परिषद के केन्द्रीय अध्यक्ष शान्ति देवी एवं भारतीय भुइयां विकास परिषद् के वरिष्ठ अतिथि केन्द्रीय अध्यक्ष नरेश कुमार भुइयां ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पलामू में डाकिया योजना का चावल दो माह का घोटाला हुआ है। इसका जाँच होना चाहिए और आदिम जनजाति के लोगों को चावल मिलना चाहिए एवं पलामू जिला में पूर्व दिनों से कल्याण विभाग में आदिम जनजाति के लोगों का विकास का काम नहीं हो रहा है। बिचौलिया द्वारा लोगों का काम होता है। इसलिए कोरवा परहिया एवं अन्य आदिम जनजाति के लोग सरकार के विकास योजना से वंचित रह जाते हैं। जिसके चलते मजदूर, किसान, दलित, आदिवासी के लोग काम करने बाहर में चले जाते हैं। पलामू के कल्याण विभाग में आदिम जनजाति का काम होना चाहिए और डाकिया योजना के चावल में बिचौलिया के द्वारा वितरण नहीं होना चाहिए। शांति देवी ने कहा कि गरीब, दलित, आदिवासी का जल, जंगल, जमीन से वंचित रह जा रहे हैं, इसलिए सभी मजदूर, गरीब, दलित, आदिवासी को वन पट्टा मिलना चाहिए। इनके निम्न मांगो में था कि साजिश के तहत गिरफ्तार झारखण्ड प्रदेश जिला रामगढ़ के स्वतंत्र पत्रकार रूपेश कुमार सिंह को बिना शर्त रिहा करो। आदिम जनजाति डाकिया योजना में दो माह का चावल घोटाला का वितरण करो। जन-वितरण प्रणाली के तहत गरीबों को मिलने वाले राशन का घोटाला डीलरों के द्वारा किया गया है, उसकी जाँच हो। विधवा, विकलांग, वृद्धा पेंशन देय राशि एक रूपया प्रतिमाह को बढ़ाकर पांच हजार रूपया प्रतिमाह लागू करो। गांव-गांव में सरकारी एम्बुलेंस की व्यवस्था करो । अभी तक जिन गरीब, मजदूर, किसान, दलित, आदिवासी का राशन कार्ड नहीं बन पाया है उनका राशन कार्ड यथाशीघ्र बनाया जाए सहित अन्य मांग थी। मौके पर भारतीय आदिम जनजाति परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष सुचिता सिंह, प्रतिमा देवी, रीता देवी, किरण देवी,उमेश राम, सुनीता देवी ,सरिता देवी,मुखलाल करवा, शीला देवी, मंगरी देवी, श्रवण बैगा सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

जूडो चैंपियनशिप में पलामू ने जीता कांस्य पदक

मेदिनीनगर। आर के आनंद स्टेडियम में आयोजित झारखंड राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में पलामू के चार खिलाड़ियों ने भाग लिया। सब जूनियर केटेगरी में माइनस 50 केजी से खेलते बोकारो, धनबाद, गिरिडीह के खिलाड़ियों को हराते हुए सेमीफाइनल राउंड तक खेलते हुए अपना जगह दूसरे स्थान में बनाया। वही द कराटे एकेडमी के सौरभ कुमार माइनस 50केजी वेट कैटेगरी से खेलते हुए रांची के खिलाड़ियों आपने टेक्निक से चित करते हुए ब्राउंज मेडल हासिल किया। तो वही जूनियर कैटेगरी में राम प्रताप सिंह 55 केजी वेट कैटेगरी से खेलते हुए कोडरमा के खिलाड़ियों को चित कर ब्रॉन्ज मेडल में अपनी जगह बनाई । सभी खिलाड़ी द कराटे एकेडमी के निर्देशक सेंसाई सुमित कुमार के नेतृत्व में चैम्पियन में भाग लिया । वही द कराटे एके-डमी के निर्देशक सुमित बर्मन को झारखंड जूडो एसोसिशन के सचिव परीक्षित तिवारी ने झारखंड राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में पलामू बेस्ट जूडो कोच के अवॉर्ड से नवाजा है।

मुखिया ने किया गैस सिलेण्डर का वितरण

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। चैनपुर प्रखंड के नरसिंहपुर पथरा पंचायत के लाभुकों के बीच मुखिया पति सह सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक ब्यास राम चौरसिया के आवास पर गैस सिलेंडर वितरण समरोह आयोजित किया गया। पथरा पंचायत की मुखिया मीना देवी एवं चैनपुर उत्तरी के पूर्व जिला पार्षद विकास कुमार चौरसिया उर्फ संटू चौरसिया , मुखिया पति व्यास राम चौरसिया ने संयुक्त रूप से गैस सिलेंडर का वितरण किया। मुखिया मीना देवी ने कहा कि 12 साल के पंचायती राज में पथरा पंचायत में सैकड़ों लोग गैस सिलेंडर से वंचित रहे। इनका कोई सुध लेने वाला नहीं था। लेकिन आज मुखिया मीना देवी का मेहनत और प्रयास हर कार्य में रंग ला रही है। आज मुखिया के प्रयास से 48 लाभुकों को गैस सिलेंडर मिला। मुखिया मीना देवी ने कहा कि शेष 32 लाभुकों को 1 सप्ताह के अंदर मिल जायेगा। संटू चौरसिया ने कहा कि मैं जनता के साथ हमेशा खड़ा रहूंगा। व्यास राम चौरसिया ने कहा कि 160 व्यक्तियों ने गैस सिलेंडर हेतु आवेदन दिया था। जिसमें 80 लाभुकों का गैस सिलेंडर पास हुआ जो आज लाभुकों को मिला। 80 लाभुकों का गैस सिलेंडर छटनी हो गया। छटनी का कारण था कि वे लोग लगभग डेढ़-दो वर्ष पूर्व गैस सिलेंडर हेतु कहीं दूसरे व्यक्ति के पास अप्लाई किया था। लाभुक के नाम पर गैस भी निर्गत हो गया लेकिन लाभुकों को गैस नहीं मिला , जो पंचायत वासियों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। गैस सिलेंडर कहीं दूसरे व्यक्ति के पास चला गया जो समझ से परे हैं। आखिर इसका जिम्मेवार कौन था। संगीता देवी, पार्वती देवी, काजल देवी, अनीता देवी, बीना देवी, ललिता देवी जैसे 48 लाभुकों को गैस सिलेंडर मिलने से उनके चेहरे पर खुशियां साफ झलक रही थी। मौके पर वार्ड सदस्य सुनील चौरसिया, सुबोध गुप्ता, नंदकिशोर चौधरी, शोभा देवी, शिव कुमार, अशेष कुमार, राकेश कुमार, मिथुन कुमार, शिक्षक अवधेश प्रसाद, मदन चंद्रवंशी, नागेंद्र जी, चंदन गुप्ता जी, सुरेंद्र जी, जैसे सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

पलामू में थम गई शास्त्रीय संगीत की गूंज, नही रहे पं. राजा राम मिश्रा

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू के लिए सोमवार की सुबह दुःखद खबर लेकर आई। पलामू प्रमंडल के संगीत जगत के धरोहर कला गुरु पं. राजा राम मिश्र अहले सुबह करीबन 1:30 बजे इस धरा को छोड़कर चले गए। वो सेनिया घराने के प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक और 1985 से आकाशवाणी और दूरदर्शन के बी ग्रेड कलाकार थे। वो सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखंड से जुड़े हुए थे। वह 1993 से देवरानी संगीत महाविद्यालय, डालटनगंज के केंद्र अधीक्षक थे। वे प्रयाग संगीत समिति, इलाहाबाद के परीक्षक थे। वह कला और संस्कृति विभाग झारखंड के प्रसिद्ध कलाकार थे। पंडित मिश्र सेनिया घराने के पारंपरिक संगीत परिवार से संबंध रखते थे। उन्होंने संगीत की शिक्षा गुरु और पिता स्वर्गीय पंडित राम रक्षा मिश्रा और उनके बड़े भाई स्वर्गीय सुरेंद्र मिश्रा (आरा, बिहार) के मार्गदर्शन में गायन का प्रशिक्षण शुरू किया था। भारतीय शास्त्रीय संगीत के झारखंड राज्य के प्रसिद्ध गायक पंडित मिश्र ख्याल गायन में तान और तराना की उत्कृष्ट कमान के लिए प्रसिद्ध थे। उनके बेटे पंडित राजा राम मिश्रा ने प्रयाग संगीत समिति, इलाहाबाद से संगीत प्रवीण की डिग्री और प्राचीन कला केंद्र, चंडीगढ़ से संगीत भास्कर की डिग्री प्राप्त की थी। उन्होंने उत्तर प्रदेश, झारखंड, बिहार, मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रतिष्ठित संगीत समारोह के लिए अनगिनत मंच प्रदर्शन किया। पं. राजा राम मिश्र ने अपने शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में पलामू रत्न, पलामू कला श्री, कला गुरु सम्मान, भास्कर सम्मान, सुर श्री सम्मान, धरोहर सम्मान, संगीत गुरु सम्मान जैसे विभिन्न पुरस्कार प्राप्त किए थे। वो अपने पीछे चार पुत्र और एक पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। वो अत्यंत मिलनसार और सरल इंसान थे। उनकी आकस्मिक निधन से शहर के सभी कलाकार और सारा शहर दुःखी है।

सोशल मीडिया पर लोगो मे दी श्रद्धांजलि : जैसे ही प.राजाराम मिश्रा के निधन की खबर फैली। उनके घरों में उनके अंतिम दर्शन को लेकर लोगों का तांता लग गया। वही सोशल मीडिया पर भी लोगों ने उनके निधन पर श्रद्धांजलि दिया जाने लगा। समाज के सभी वर्गों में उनकी लोकप्रियता थी । जिसके कारण जिन्होंने ने भी उनके निधन की खबर सुनी सभी स्तब्ध रह गए। आम से लेकर खास तक सभी ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।

अभाविप ने किया इकाई का पुनर्गठन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। अभाविप के गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय इकाई का पुनर्गठन महाविद्यालय परिसर में किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संयोजक अभय वर्मा ने किया। इसका संचालन नगर मंत्री रामा शंकर पासवान ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से परिषद के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य विनीत पांडे उपस्थित थे। जिसमें सर्वसम्मति से महाविद्यालय अध्यक्ष विपिन यादव,महाविद्यालय उपाध्यक्ष मुस्कान कुमारी, कौशल मिश्रा, निशांत पांडे, अभिषेक तिवारी, अभय कुमार सिंह,कॉलेज मंत्री आदर्श चौबे,कॉलेज सह मंत्री आयुष कुमार तिवारी, करण कुमार, धीरज कुमार पांडे, नवलेश यादव, मिथलेश यादव,सोशल मीडिया प्रमुख रोशन कुमार,सह प्रमुख राहुल पाठक,एस एफ डी प्रमुख अभिषेक कुमार,सह प्रमुख सौरभ पांडे,एस. एफ.डी प्रमुख रौशन कुमार पाल, सह प्रमुख मिथिलेश यादव जंतु विज्ञान विभाग प्रमुख रितिक रौशन, इतिहास विभाग प्रमुख सोनू कुमार, गणित विभाग प्रमुख सचिंद्र सिंह, भूगर्भ विज्ञान प्रमुख रिम्पुजय कुमार एवं कॉलेज कार्यकारिणी में पीयूष पांडे, विपिन मिंज, मिथिलेश यादव, शुभम कुमार, विकास यादव दिलीप यादव, धनराज यादव, रामानंद यादव, निशांत कुमार गुप्ता की घोषणा की गई। इस मौके पर उपस्थित नगर सह मंत्री अभिषेक कुमार रवि ने कहा कि परिषद नित्य निरंतर छात्रों के सहयोग हेतू सदैव कटिबद्ध है । बहुत जल्द ही महाविद्यालय समेत पूरे जिले में परिषद की नई इकाई तैयार करने का काम विद्यार्थी परिषद करेगी। इस मौके पर मुख्य रूप से परिषद के जिला संयोजक रोहित देव,नगर सह मंत्री नीतीश दुबे,पूर्व छात्र संघ सचिव प्रकाश राय,अरमान पांडे,राहुल कुमार चेरो आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

पाचाडुमर और कधवन में स्वास्थ्य विभाग ने मनाया परिवार कल्याण दिवस

केतार। केतार प्रखंड क्षेत्र के पाचाडुमर स्वास्थ्य एंड हेल्थ वेलनेस सेंटर और कधवन स्वास्थ्य उपकेंद्र में सोमवार को परिवार कल्याण दिवस मनाया गया।इस अवसर पर एएनएम बबिता देवी,राजकुमारी देवी और बीटीटी अनुज के द्वारा नवदम्पत्तियों को परिवार कल्याण सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को बताया गया की अपने बेटी की शादी 18 वर्ष के उम्र पुरी करने के बाद ही करें।नवदम्पत्तियों को बताया गया की शादी के दो साल के बाद पहला बच्चा और पहला बच्चा से दुसरे बच्चे का अंतराल तीन वर्ष रखना चाहिए। वहीं अनचाहे गर्भधारण को रोकने के लिए स्थाई और अस्थाई विधी के बारे में जानकारी दी गई।वहीं नवदम्पत्तियों के बीच मालाएन ,अंतरा और कंडोम वितरण किया। वहीं कधवन स्वास्थ्य उपकेंद्र और पाचाडुमर हेल्थ वेलनेस सेंटर पर 6-6 नव दम्पति को सम्मानित किया गया।इस मौके ललीता देवी,मामता देवी, सुमित्रा देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

मृतक की पत्नी को मुखिया ने किया आर्थिक सहयोग

डंडई। सदर पंचायत मुखिया धनवंती देवी की ओर से सोमवार को मृतक राजकुमार गुप्ता का श्राद्ध कार्य के लिए रिफाइन का गिलन ,हजारों पत्तल ,गिलास सहित कई तरह के सामग्री का सहयोग किया गया । साथ ही उनके द्वारा मृतक की पत्नी रेखा कुंवर के हाथ में नगद 1100 रुपए की राशि देकर आर्थिक सहयोग भी किया गया । वही उनके साथ में मृतक के घर पहुंचे कार्यकर्ता योगेंद्र गुप्ता व चंद्रिका साह के द्वारा भी मृतक की पत्नी को आर्थिक मदद दी गयी। मुखिया ने अपने कार्यकाल के बीच उनकी विधवा पत्नी रेखा कुंवर को पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने की बात कही। मौके पर वार्ड सदस्य तौफीक अंसारी, श्रीकांत प्रसाद ,संजय राम, सत्य प्रकाश, राहुल पटवा, इत्यादि लोग उपस्थित थे। वही मुखिया ने मृतक की पत्नी रेखा कुंवर को कंबल ओढ़ा पंचायत में कंबल वितरण योजना की शुरूआत भी की। उन्होंने पंचायत के सभी वार्ड पार्षदों से आठ आठ योग्य व्यक्तियों की सूची जमा करने का निर्देश दिया ।

मुखिया ने 120 गरीब असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया

खरौंधी(गढ़वा)। प्रखंड के मझिगावां पंचायत के मुखिया बिंदा देवी ने सोमवार को 120 बृद्ध, असहाय एवं दिव्यांगों के बीच कम्बल बितरण किया। इस मौके पर मुखिया बिंदा देवी ने कहा कि मानवता सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है।उन्होंने कहा कि पंचायत के वैसे असहाय व निर्धन परिवार के बीच कंबल का वितरण करने का काम किया हूँ। जिनके पास इस कंपकपाती ठंड में भी तन ढकने के लिए सही से कपड़े नहीं रहते हैं। इस मौके पर बीडीसी कृष्णा राम उपमुखिया प्रतीक द्विवेदी,पंचायत सचिव केश्वर सिंह,रोजगार सेवक राजेश कुमार, वार्ड सदस्य पंकज कुमार,बालेश्वर यादव,आशा देवी,समाजसेवी सतीस राम,रवि हुसैन,छोटन प्रजापति,महेंद्र मोची,समसुद्दीन अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुक का कराया गया गृह प्रवेश

चिनियां। प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बिलैती खैर निवासी सरवन सिंह के प्रधानमंत्री आवास का गृह प्रवेश पंचायत के मुखिया गोपाल कुमार यादव 20 सूत्री अध्यक्ष मंगरु सिंह व प्रखंड समन्वयक पंकज विश्वकर्मा ने फीता काटकर नवनिर्मित आवास का गृह प्रवेश कराया है। इस मौके पर विधिवत पूजा अर्चना के बाद लाभुक सरवन सिंह अपने पूरे परिवार के साथ नवनिर्मित नए आशियाने में कदम रखें वही इसकी जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री आवास के प्रखंड समन्वयक पंकज विश्वकर्मा ने बताया कि 15 नवंबर से 30 नवंबर तक प्रखंड क्षेत्र में नवनिर्मित धानमंत्री आवास का गृह प्रवेश कराने का कार्यक्रम रखा गया है जिसके तहत आज बिलैती खैर निवासी सरवन सिंह का प्रधानमंत्री आवास का ग्रुह प्रवेश कराया गया है । मौके पर पंचायत के मुखिया गोपाल कुमार यादव 20 सूत्री अध्यक्ष मंगरू सिंह, प्रखंड समन्वयक पंकज विश्वकर्मा, कंप्यूटर ऑपरेटर अरुण कुमार, स्वयंसेवक बबलू प्रसाद, हरिशंकर राम, सहदेव सिंह, संजय साह, दिलीप ठाकुर, महेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह मंदीत यादव, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

धूमधाम से मना परिवार कल्याण दिवस

भवनाथपुर। सामुदायिक स्वास्थकेन्द्र में सोमवार को परिवार कल्याण दिवस मनाया गया। जिसमें योग्य दंपति के परिवार को परिवार नियोजन से संबंधित रोक थाम की जानकारी डॉ प्रियंका कुमारी के द्वारा दिया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम की सुरुवात दीप प्रज्वलित कर डॉ प्रियंका कुमारी के द्वारा उद्घाटन किया गया। मौके पर आयुष डॉक्टर निशांक, डॉक्टर अभिनीत विश्वास, प्रबंधक प्रदीप कुमार पाठक, अनूप कुमार, सुनील पटेल, गुप्तेश्वर प्रसाद, उपेंद्र कुमार, चंद्रशेखर प्रसाद सहित लोग उपस्थित थे।

गढ़वा दक्षिणी वन प्रमंडल पदाधिकारी ने योजनाओं की जांच की

चिनियां। प्रखंड मे वन विभाग के द्वारा हुई कार्य योजनाओं की जांच गढ़वा दक्षिणी वन प्रमंडल पदाधिकारी श्री शशि कुमार के द्वारा सोमवार को की गई। हेताड कला पंचायत के कठौतिया गाव एवं हेताड़कला मे प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत निर्मित सोलर वाटर टैंक का जांच की गयी। इस योजना को दक्षिणी वन प्रमंडल शशि कुमार के द्वारा लगाए गये तीन सोलर वाटर टैंक एवं 14 कूप मरम्मत निर्माण कार्य की जांच कि गई। उनके द्वारा जांच में सभी कार्यों को उत्तम एवं संतोषजनक पाया गया। जांच के दौरान लाभुकों एवं ग्रामीणों से बातचीत भी की गई। वही वन प्रमंडल पदाधिकारी ने कहा कि इस योजना के तहत और भी विकास कार्य कराए जाएंगे। मौके पर जलछाजन विकास कार्य के प्रभारी वनपाल अभिषेक कुमार, हेताड़ कला पंचायत के मुखिया पति चरकु परहीया, व चिडनीया बनकरमी सहित ग्रामीण मौके पर उपस्थित थे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता सूची कार्यों के प्रगति की समीक्षा की

अधिक संख्या में नये वोटरों को जोड़ने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव मंत्रिमंडल निर्वाचन विभा के सचिव के रवि कुमार द्वारा NIC, गढ़वा से झारखण्ड के सभी विधानसभा अंतर्गत ERO के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा किया गया। मतदाता सूची कार्यों की प्रगति की समीक्षा करने के उद्देश्य से सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं निर्वाचन में संबद्ध सभी कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से कुल 10 एजेंडों यथा- फॉर्म्स पेंडिंग ड्यूरिंग लास्ट कंटीन्यूअस अपडेशन, फॉर्म स्टेटस ऑफ (स्पेशल समरी रीवीजन) एसएसआर 2023, आधार ऑथेंटिकेशन, आइडेंटिफिकेशन ऑफ लो परफॉर्मिंग पोलिंग स्टेशंस, डीएसई एंड लॉजिकल एरर, स्विफ्ट

एक्टिविटीज वीकली कैम्पेनिंग, इंक्लूसिव वीक (कंप्लेनिंग फॉर एनरोलमेंट ऑफ टीजी, पीवीटीजी, पीडब्ल्यूडी, 80+ एंड सेक्स वर्कर्स), रिकॉर्ड कीपिंग तथा एनी अदर इश्यूज जैसे एजेंडों पर आवश्यक दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन दिया। तत्पश्चात मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी -सह- सचिव मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग झारखंड रांची, के० रवि कुमार की अध्यक्षता में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 80- गढ़वा एवं 81- भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र तथा गढ़वा जिला के सभी सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी एवं कंप्यूटर ऑपरेटरों के साथ स्पेशल समरी रिवीजन 2023 के संदर्भ में एक समीक्षात्मक बैठक का भी आयोजन समाहरणालय के सभाकक्ष में किया गया। नए मतदाताओं को ज्यादा से ज्यादा जोड़ने एवं मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत मतदाता सूची में निबंधन, सुधार, स्थानांतरण या नाम विलोपन के कार्य जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया।

एसएसआर 2023 की प्रगति की समीक्षा

एसएसआर 2023 की प्रगति की समीक्षा बारी-बारी से सभी प्रखंडों के सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारियों के साथ किया। कमजोर प्रदर्शन करने वाले बूथ के बीएलओ को शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने सभी निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी से कहा कि कार्यालय में बैठकर पूर्ण लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सकता। बीएलओ के साथ सभी सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी को मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य शिविर लगाकर करने को कहा एवं आवश्यकता पड़ने पर डोर टू डोर जाकर करने को कहा। उन्होंने सभी से अपने दायित्व को समझते हुए कार्य में प्रगति लाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने की बात कही। निर्वाचन संबंधी (ररफ- 2023) अपने द्वारा किए गए कार्यों का रिकॉर्ड मेंटेन करने की बात कही। उन्होंने बताया कि 30 से 40 दिन शेष हैं, कार्य प्रणाली में तेजी लाते हुए कार्य को पूर्ण करें। उक्त समीक्षात्मक बैठक में उपरोक्त पदाधिकारियों के अतिरिक्त उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा -सह- निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 80- गढ़वा राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी नगर उंटारी -सह- निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 81- भवनाथपुर आलोक कुमार आदि मौजूद थे।

इंडोर स्टेडियम में गढ़वा जिला साइकिलिंग संघ की हुई बैठक

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। गढ़वा जिला साइकिलिंग संघ की बैठक जिला मुख्यालय स्थित इंडोर स्टेडियम में की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के चेयरमैन अनिल पांडे के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में तय किया गया कि आने वाले 3 दिसंबर को रामा साहू हाई स्कूल के आउटडोर स्टेडियम में जिला स्तरीय सीनियर-जूनियर, सब जूनियर यूथ महिला पुरुष बॉयज गर्ल्स प्रतियोगिता का आयोजन विभिन्न वर्गों में किया जाएगा । बैठक में जिला स्तर पर भाग लेने वाले प्रतिभागियों हेतु कल से ही पंजीकरण फार्म इंडोर स्टेडियम रामा साहू गढ़वा और गोविंद स्कूल गेट के सामने गढ़वा जिला साइकिलिंग संघ के सचिव अरविंद दुबे के कंप्यूटर कैफे से प्राप्त किया जा सकता है।

बैठक में तय हुआ कि आने वाले अगली बैठक में गढ़वा में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय साइकिलिंग प्रतियोगिता हेतु, आयोजन कमेटी का गठन एवं प्रतियोगिता का नामकरण फाइनल रूप से कर लिया जाएगा।

बैठक में उपस्थित झारखंड साइकिल संघ के महासचिव शैलेंद्र पाठक ने कहा कि गढ़वा में नई-नई प्रतियोगिताओं को सफलतापूर्वक आयोजित करने का श्रेय हमारी पूरी टीम को रहता है और इस बार भी हम लोग इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता को बहुत ही सफलता पूर्वक संपन्न करेंगे।

बैठक में उपस्थित गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष डॉ उमेस सहाय ने कहा कि प्रतियोगिता से संबंधित सभी तैयारियां सूचीबद्ध करते हुए हम लोगों को पूर्ण करना चाहिए। जिससे कि राज्य भर से आने वाले खिलाड़ी गढ़वा जिला की यादें सुनहरे रूप से अपने मन में लेकर जाएं। बैठक में विधायक खेलकूद प्रतिनिधि धीरज दुबे ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा संघ के सचिव अरविंद दुबे ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

अयोग्य किसानों सहित सफेदपोश लोगों के बीच आधा से अधिक चना व सरसो के बीज का वितरण करने का आरोप

नवीन मेल संवाददाता

श्री बंशीधर नगर। प्रखंड के किसान मित्र एवं प्रगतिशील किसान संघ ने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर प्रभारी कृषि पदाधिकारी पर अयोग्य किसानों सहित सफेदपोश लोगो के बीच आधा से अधिक चना व सरसो के बीजों का वितरण करने का आरोप लगाते हुये जांचोपरांत कार्रवाई करने की मांग किया है. एसडीओ को दिये गये आवेदन में कहा गया है कि सभी पंचायत के किसानों का किसान मित्र के द्वारा बीज हेतु रजिस्ट्रेशन कराया गया था. वर्तमान में प्रखंड में 850 किलोग्राम सरसों का बीज और 3750 किलो ग्राम चना का बीज अनुदान पर किसानों के बीच बांटने के लिए सरकार द्वारा उपलब्ध कराया गया है, लेकिन प्रभारी कृषि पदाधिकारी के द्वारा अयोग्य किसानों तथा सफेदपोश लोगो के बीच आधा से अधिक बीज

का वितरण कर दिया गया। जिससे किसानों में भारी आक्रोश है। किसान मित्र और प्रगतिशील किसान संघ ने एसडीओ से उक्त मामले की जांच कर कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। जिससे योग्य किसानों को भी चना बीज उपलब्ध हो सके। इस आशय की प्रति जिले के उपायुक्त, जिला कृषि पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, बीडीओ-सीओ सहित जनप्रतिनधियो को भी दिया है। इधर आक्रोशित किसान मित्र और किसानों ने प्रभारी कृषि पदाधिकारी ज्ञानचंद केसरी को घेराव कर जमकर बवाल किया इस दौरान उन दोनों के बीच लगभग 10 मिनट तक आपसी नोकझोंक होते रहे किसान मित्रों ने उनसे बीज वितरण का विवरण का मांग कर रहे थे लेकिन वह जवाब देने से इंकार कर रहे थे। इसी बीच वह किसी तरह वहां से भाग निकल पड़े। इस संबंध में कृषि पदाधिकारी ज्ञानचंद केसरी से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनके द्वारा फोन नहीं उठाया गया।

मौके पर किसान मित्र सुदेश्वर विश्वकर्मा, संजय कुमार सिंह, परशुराम, दिलीप कुमार पटेल, मनोज सिंह, संजय प्रजापति, मुकेश कुमार तिवारी, विपिन बिहारी सिंह, शिवकुमार राम, अरुण चौबे, मुकेश कुमार शुक्ल, धर्मेंद्र प्रताप देव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

78 किसानों के बीच चना का बीज वितरण

गढ़वा। कृषि विभाग की ओर से सोमवार को गढ़वा प्रखंड के कल्याणपुर के 78 किसानों के बीच चना बीज का वितरण किया गया कार्यक्रम के दौरान जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी प्रमुख विमला देवी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष नीरज तिवारी, जिला परिषद सदस्य जुदुल्लाह कल्याणपुर मुखिया अशोक चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से 78 किसानों के बीच 10 10 किलो चना बीज का वितरण किया। उस दौरान जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि गढ़वा जिला कृषि पर आधारित है और यहां के लोग बेहतर खेती करते हैं ऐसे में सरकार की ओर से उन्हें बीज उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि वह बेहतर खेती कर सकें। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजेश कुमार, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी सहायक तकनीकी पदाधिकारी विजय कुमार यादव, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

समाज को बदलना है तो सकारात्मक सोच के साथ खुद पहल करें : डॉ कुलदेव

नवीन मेल संवादाता

गढ़वा। महर्षि वेद व्यास परिषद, झारखंड के तत्वाधान में रविवार को जूम मीटिंग का आयोजन किया गया। इस मीटिंग के माध्यम से ₹सामाजिक विकास- हर व्यक्ति का प्रयास₹ विषय पर चर्चा की गई। अलग-अलग क्षेत्रों में प्राप्त अनुभव को आदान प्रदान किया गया और बेहतर समाज का निर्माण करने का संकल्प लिया गया। विभिन्न सामाजिक मुद्दों एवं कुप्रथाओं पर प्रकाश डालते हुए निराकरण के लिए योजना बनाने पर सहमति बनी। इसके लिए सबसे पहले सामाजिक संगठन को मजबूत करने पर बल दिया गया। आपसी सहमति के बाद बहुत जल्द राज्य, जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर संगठन विस्तार होगा। विशेष तौर पर निषाद सामुदायिक भवन निर्माण के लिए बहुत जल्द नई समिति बनेगी और

इसे धरातल पर उतारा जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ कुलदेव चौधरी एवं संचालन संतु चौधरी ने किया। बैठक में प्रो. डॉ राजकुमार, अधिवक्ता चिरंजीवी मंडल, कपिल कुमार साहनी, जितेंद्र कुमार चौधरी, सुमेर चौधरी, संतोष चौधरी, ओमकार चौधरी, कमलेश चौधरी, गोपीचंद चौधरी, श्यामजी चौधरी, शिव कुमार चौधरी, नागेंद्र नाथ चौधरी, विजय चौधरी, चंद्र देव चौधरी, दिनेश कुमार चौधरी, रामाकांत चौधरी आदि शामिल थे।

निबंध व रंगोली प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

श्री बंशीधर नगर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से स्थानीय अम्बालाल पटेल बालिका उच्च विद्यालय में रानी लक्ष्मीबाई जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित निबंध एवं रंगोली प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी किरण देवी ने निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिवानी कुमारी, द्वितीय स्थान खुशी कुमारी, तृतीय स्थान मारिया सौदा एवं रंगोली प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राएं साक्षी,कृषिका,सिद्धि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि किरण देवी ने कहा कि नारी को शिक्षित होना बहुत ही आवश्यक है। अगर नारी शिक्षित होंगी तो आने वाला भविष्य भी शिक्षित होगा। उन्होंने छात्राओं से मन लगाकर पढ़ने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य सह प्रोफेसर प्रशांत

सहाय ने कहा की नारी बहुत से क्षेत्रों में पुरुषों से बेहतरीन कार्य कर अपनी शक्ति का परिचय दे रही है। वहीं उपस्थित विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सविता गुप्ता ने नारी शक्ति की संज्ञा को समझाते हुए कहा कि नारी ही माता के रूप में बच्चों को पालती हैं पत्नी और बेटी के रूप में सेविका का कार्य करती है और देश की आन बान शान के लिए वह वीरांगना का रूप लेकर रक्षा भी करती हैं। कार्यक्रम में परिषद के नगर मंत्री अखिल शुक्ला , सह मंत्री पियूष चौबे शिक्षक अकबर अली सहित अन्य छात्राएं मौजूद थी।

628 लोगों का किया गया लेंस प्रत्यारोपण

गढ़वा। राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर द्वारा अपने माता-पिता की स्मृति में सदर अस्पताल परिसर में आयोजित निशुल्क मोतियाबिंद आपरेशन शिविर में सोमवार को 69 मरीजों का लेंस प्रत्यारोपण किया गया। इसके साथ ही शिविर का समापन हो गया। शिविर में 628 मरीजों का लेंस प्रत्यारोपण किया गया। बताते चलें कि मोतियाबिंद आपरेशन शिविर में उड़ीसा के कटक आई हास्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के चिकित्सकों डा.स्मृति रंजन व डा.श्वेता धीमान तथा उनकी टीम के सहयोगियों अर्कदीप मैती, जजाती केशरी दास, अनीता साहू, स्मृति रेखा प्रधान, अरेहाना मोहंती, सूरज कुमार दास, कृष्णा राव, प्रज्ञा मोहंती, झुन्नुबाला पांडा, बिहासिनी दास, नंदिनी नायक, राकेश, टुन्नु नायक, प्रशंता बेहरा, बीरू नायक, दामोदर गोछी एवं सनोज दास द्वारा मरीजों का लेंस प्रत्यारोपण किया गया।

सुख, समृद्धि व विश्व कल्याण के लिए पंच कुंडीय श्री शिवशक्ति महायज्ञ का आयोजन 28 नवंबर से

नवीन मेल संवाददाता

श्री बंशीधर नगर। सगमा प्रखंड मुख्यालय स्थित भैया रूद्र प्रताप देव हाई स्कूल के प्रांगण में क्षेत्र की सुख, समृद्धि एवं विश्व कल्याण के लिए पंच कुंडीय श्री शिवशक्ति महायज्ञ का आयोजन आगामी 28 नवंबर से समस्त क्षेत्रवासियों की ओर से किया जा रहा है।

काशी जूना अखाड़ा से आए श्री सागरपुरी नागा बाबा व जलगांव आश्रम जबलपुर से श्री छोटे पूरी नागा बाबा के सानिध्य में 28 नवंबर से 4 दिसंबर तक यज्ञाचार्य पंडित उमेश कुमार शास्त्री के द्वारा संपन्न कराए जाएंगे। पंच कुंडीय श्री शिवशक्ति महायज्ञ में लोगों को कई आकर्षण देखने को मिलेंगे। घास एवं बांस बल्लियों की सहायता से यज्ञशाला का निर्माण

कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। इस यज्ञशाला में यज्ञचार्य पंडित उमेश कुमार शास्त्री विधि-विधान व मंत्र उच्चारण के साथ यज्ञ हवन संपन्ना करवाएंगे। यज्ञशाला के निर्माण में कोई बाहर के कारीगर नहीं बल्कि गांव के सहयोगियों के साथ अपनी देखरेख में करवाया है। साथ ही महंतो के लिए महायज्ञ परिसर में ही ठहरने के लिए घास-फूस से बनी कुटियाओं का निर्माण कराया जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुए जलगांव आश्रम जबलपुर से श्री छोटेपूरी नागा बाबा ने बताया कि मंत्रों के उच्चारण से जीव जगत का आध्यात्मिक कल्याण होता है। शिव की कृपा से जीवन में सदैव सुख, शांति, समृद्धि एवं पुण्य लाभ प्राप्त होता है। यज्ञ के हवन कुंड में अग्नि के माध्यम से देवताओं को अपनी इच्छा एवं कामना बताई जाती है। कुंड में अग्नि के द्वारा देवता तक हवि पहुंचाने की प्रक्रिया को यज्ञ कहते हैं। उन्होंने बताया कि पंच कुंडीय श्री शिवशक्ति महायज्ञ में समस्त क्षेत्रवासियों की ओर से क्षेत्र की सुख शांति, समृद्धि एवं विश्व कल्याण के लिए के लिए आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने ने भक्तों से पधारकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की।

भवनाथपुर के तीन सरकारी विद्यालयों का झारखण्ड सरकार के शिक्षा सचिव के. रवि कुमार ने किया औचक निरीक्षण

प्रधानाध्यापक को कार्यप्रणाली में सुधार लाने का निर्देश, जमकर लगायी फटकार

नवीन मेल संवाददाता

भवनाथपुर। झारखण्ड सरकार के शिक्षा सचिव के. रवि कुमार ने प्रखण्ड के तीन स्कूल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बेलपहाड़ी के प्रधानाध्यापक बबन सिंह को बर्खास्त करने एवं बीईईओ विजय कुमार पांडेय पर कारवाई करने का डीओ को निर्देश दिया। झारखण्ड सरकार के शिक्षा सचिव के. रवि कुमार ने भवनाथपुर प्रखण्ड के तीन विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। सबसे पहले उत्क्रमित मध्य विद्यालय झुरही में पहुचे जहां प्रधानाध्यापक और शिक्षक तो आ गए थे लेकिन बच्चे को दस बजे आने पर प्रधानाध्यापक राम इकबाल एवं बीईईओ को जम कर फटकार लगायी।

बीईईओ को हर महीने विद्यालय का निरीक्षण करने का आदेश

प्रधानाध्यापक राम इकबाल को कार्यप्रणाली में सुधार लाने को कहा और बच्चों को जागरूक करे ताकि किसी भी कीमत में 9 बजे तक विद्यालय में पहुंच कर पढ़ाई करे।

बीईईओ को हर महीने विद्यालय का निरीक्षण करने का आदेश दिया।शिक्षा सचिव ने लाइब्रेरी एवं रशोइया का भी जांच किए। वंसानी पंचायत के राजकीय प्राथमिक विद्यालय झगराखाड़ में विद्यालय के बच्चों का उपस्थिति और शिक्षकों की उपस्थिति का जांच किए। क्लास एक के एक विद्यार्थी सूरज को अनुपस्थित होने पर शिक्षक को उसके घर भेज बच्चा एवं उसकी मां को विद्यालय बुला कर अनुपस्थिति की जानकारी ली एवं माता आरती देवी को समझाते हुए बच्चे को विद्यालय रोज भेजने का आग्रह किया। वही सुभाष पाठक से लेषण प्लान की मांग की नही होने पर जम कर पाठकार लगाई।

पढ़ाई के प्रति बच्चों को जागरूक करने का दिया गया निर्देश

विद्यालय की भवन का जर्जर स्थिति देख बीडीओ जयपाल महतो से जर्जर भवन के मरमती का आदेश दिया एवं पंचायत के मुखिया इलाइची देवी से चोरी हुए सोलर प्लेट को लगाने एवं अपने पंचायत के सभी विद्यालय में जाकर बच्चों को पढ़ने के प्रति जागरूक करने को कहा। एवं सीआरपी ओमप्रकाश शर्मा को जम कर पाठकार लगाई।

प्रधानाध्यापक के दारू पीकर स्कूल पहुचने का शिकायत की

पंडरिया पंचायत के कुछ ग्रामीण को जानकारी मिलने पर झगराखाड़ विद्यालय में पहुँच कर सचिव से बेलपहाड़ी विद्यालय के प्रधानाध्यापक के दारू पीकर स्कूल पहुचने का शिकायत किया। जिस पर शिक्षा सचिव ने राजकीय उत्क्रमित विद्यालय बेलपहाड़ी पहुच कर जांच किया जहां प्रभारी प्रधानाध्यापक बबन सिंह उपस्थिति बना कर शिक्षक इकलाख अंसारी को प्रभार दे कर दवा कराने के नाम पर गायब थे। शिक्षा सचिव ने प्रभारी प्रधानाध्यापक से फोन पर बात किया। विद्यालय के शिक्षक प्रदीप पाल, इकलाख अंसारी, नसीम अंसारी, याकूब अंसारी, धीरेंद्र पाल, सुनील कुमार, संजय कुमार से दारू पीने जानकारी लिया तो सभी शिक्षकों ने स्वीकार किया। वहीं ग्रामीण गुप्तेश्वर पाल, देवंश पाल, लालजी साह, ओस्ताज मियां, इसराइल मियां, अलीमुद्दीन अंसारी सहित अन्य ग्रामीणों को विद्यालय में शराब पी कर आने का और महौल खराब करने का आवेदन दिया। उन्होंने ने प्रभारी प्रधानाध्यापक बबन सिंह पर प्रपत्र 'क' गठित कर बरखास्त करने का आदेश डीओ को दिया एवं बीईईओ को जम कर फटकार लगाते हुए प्रधानाध्यापक पर कारवाई नही करने को लेकर डीओ को बीईईओ पर कारवाई करने का निर्देश दिया। वही पत्रकारों से बात करते हुए शिक्षा सचिव के. रवि कुमार ने कहा कि विद्यालय में कुछ कमियां है उनको दरुस्त किया जा रहा है एक महीना में फिर हम आकर गढ़वा जिला स्कूल का जांच करेंगे। जो भी दोषी पाए जाएंगे उन पर सख्त कारवाई किया जाएगा। इस मौके पर श्रीबंशीधर अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार, डीओ अनिता पूर्ति, जिला शिक्षा अधीक्षक मिथलेश कुमार, बीडीओ जयपाल महतो, शिक्षा विभाग के बीपीओ रविन्द्र मेहता उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

ईलाज के अभाव में जिंदगी और मौत से जूझ रहा लकवा से ग्रसित बुटन साव

चंदवा। प्रखंड के अलौदीया निवासी बुटन साव पिता स्व कापू साव (44) वर्ष लकवा जैसी बिमारी से ग्रसित होकर गंभीर अवस्था में घर पर ही जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। बुटन घर का एकलौता कमाने वाला सदस्य है वह होटल में काम कर अपने परिवार का जैसे तैसे भरण पोषण कर रहा था। अथार्भाव में परिजन उसका ईलाज कराने में असमर्थ हैं। परिजनों के अनुसार वह ना तो कुछ बोल पाते हैं और न ही इन्हें होश ही है, बिस्तर पर ही पड़ें रहते हैं, उनके स्वास्थ्य में लगातार गिरावट आ रही है। घर पर इनकी ऐसी हालत परिजनों को देखी नहीं जा रही है। पैसा नहीं होने के कारण पत्नी और बच्चों को कुछ समझ में ही नहीं आ रहा है कि इसकी जान कैसे बचाएं और घर का खर्च कैसे चलायें।परिजनों ने जिले के उपायुक्त भोर सिंह यादव से बूटन साव के इलाज को लेकर गुहार लगाई है।

सिमरिया में जिला श्रमिक संघ की हुई बैठक, अध्यक्ष बने मुकेश पाठक व कोषाध्यक्ष सुनील कुमार दांगी

चतरा/सिमरिया। सोमवार को सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय स्थित डांक बंगला प्रांगण में जिला श्रमिक मित्र संघ की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मकेश पाठक व संचालन अर्जुन प्रसाद ने किया। बैठक में संगठन मजबूती समेत विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुवे जिला श्रमिक मित्र संघ का पुनर्गठन किया गया। जिसमे सर्वसम्मति से अध्यक्ष मुकेश पाठक, उपाध्यक्ष सचिन कुमार, सचिव पुष्पा देवी, सह सचिव सुबोध कुमार, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार दांगी को बनाया गया। वही जिला कार्यकारिणी सदस्यय कृष्णा यादव, अर्जुन प्रसाद, धनंजय यादव, मोहन कुमार, कुलदीप राणा, संजू देवी, गोतम दांगी को बनााया गया। अंत में संघ की बैठक हर माह आयोजित करने और संगठन को मजबूत करने काा निर्णय लिया गया।

दो दिनों से इटखोरी प्रखंड क्षेत्र में घूम रहा जंगली हाथी का झुंड, लोगों में दहशत

इटखोरी(चतरा)। जिले के इटखोरी प्रखंड क्षेत्र में दो दिनों से जंगली हाथी झुंड के भ्रमण करने से आसपास के ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। वहीं प्रभारी फॉरेस्टर कमल किशोर ने बताया कि पितीज के हुरनाली गांव होते हुए टोनाटांड क्षेत्र में हाथी पहुंचने की सूचना मिली है। उन्होंने कहा है कि रविवार की रात्रि इटखोरी भद्रकाली होते हुए सोनियां गांव के तरफ हाथी का झुंड पहुंचा है, ग्रामीण घबरायें नहीं हाथी के झुंड देखकर वन विभाग को सूचना दें, विभाग हाथी को जंगल की ओर भगाने में लगी हुई है।

अज्ञात वाहन ने स्कूली बच्ची को रौंदा, हुई दर्दनाक मौत

टंडवा(चतरा)। टंडवा थाना क्षेत्र के सदाबह नदी के पास सोमवार देर शाम अज्ञात मोटरसाईकिल के चपेट में आने से लरंगा गांव निवासी प्रेम गंझू के 9 वर्षीर्या पुत्री तन्नु कुमारी की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते हीं परिजनों में हृदयविदारक चीख-पुकार मच गई। वहीं ग्रामीणों ने उचित मुआबजे की मांग को लेकर सड़क जाम किए जाने से आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। लोगों की मानें तो मृतका मिशन स्कूल मंडेर में दूसरी कक्षा में पढ़ाई करती थी। स्कूल से छुट्टी मिलने पर अन्य बच्चों के साथ अपने घर जा रही थी। इसी बीच अज्ञात मोटरसाईकिल चालक ने पीछे से टक्कर मार दिया जिससे तन्नु की मौत घटना स्थल पर हीं हो गई। समाचार लिखे जाने तक परिजनों द्वारा सड़क जाम जारी था।

स्कूली छात्रों को मतदाता जागरूकता को लेकर एसडीओ ने छात्रों को पाठ पढ़ाया

महुआडांड़। मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बुधवार को एसडीओ नीत निखिल सुरीन के नेतृत्व में संत जोसेफ एंव संत तेरेसा विद्यालय के बालक बालिका को मतदाता जागरूकता का पाठ पढ़ाते हुए बताया कि 1/1/2023 तिथि में जिनका उम्र हुआ वे अपना नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए बीएलओ से मिलने के साथ विस्तृत जानकारी दी । इस संबंध में एसडीओ ने बताया कि दिनांक 1/1/2023 तिथि को मनाते हुए जितने भी योग्य नागरिक का 18 वर्ष हो गया है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने के साथ सूची में अपना निबंधन, सुधार, स्थानांतरण या विलोपन अपने बूथ के नजदीक बीएलओ से करें। मौके पर बीडीओ अमरेग डांग, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी धन श्याम चौबे,फादर दिलीप, बीएलओ सुपरवाइजर खुशीद खान, बीएलओ प्रभारी भिकू प्रसाद बीएलओ और स्कूली छात्रों उपस्थित थे।

आयुक्त सह मतदाता सूची पर्यवेक्षक चन्द्रकिशोर उरांव पहुंचे चतरा, कहा

नये मतदाताओं का प्रपत्र-6 एकत्रित करें

नवीन मेल संवाददाता

चतरा। फोटो मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसएसआर, 2023) को लेकर सोमवार को प्रमण्डलीय आयुक्त हजारीबाग सह मतदाता सूची पर्यवेक्षक चंद्रकीशोर उरांव ने निर्वाचन कार्य की समीक्षा को लेकर चतरा पहुंचे। इस दौरान उपायुक्त अबु इमरान ने चतरा परिसदन में आयुक्त से शिष्टाचार मुलाकात कर पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए स्वागत किया। जिसके पश्चात प्रमण्डलीय आयुक्त विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमण्डल पदाधिकारी 27 चतरा(अजा), उप निर्वाचन पदाधिकारी चतरा तथा सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ चतरा एवं प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी आदि शामिल थे। निरीक्षण के क्रम में मतदान केन्द्र 295 (उमवि पकरिया), मतदान केन्द्र 294 (पंचायत भवन डाढ़ा दक्षिणी भाग), मतदान केन्द्र 293 (पंचायत भवन डाढ़ा उतरी भाग) समेत अन्य मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर उपस्थित कर्मियों से प्रपत्र-6 ऑनलाईन करने से संबंधित जानकारी ली तथा उन्हे निर्देशित किया कि जिस किसी भी व्यक्ति की उम्र 01 अप्रैल, 1 जुलाई तथा 01 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष पूरा हो जा रहा है तथा वो मतदात बनने का अहर्ता रखते है उनका भी प्रपत्र-6 एकत्रित कर लिया जाय। पंचायत भवन डाढ़ा दक्षिणी भाग में पाया गया कि इस मतदान केन्द्र अन्तर्गत सभी शत प्रतिशत मतदाताओं का आधार लिंक का कार्य कर लिया गया है। उमवि पकरिया में पाया गया कि प्रपत्र 6, 27 तथा प्रपत्र 7, 3 ऑनलाईन आवेदन किया गया है। प्रपत्र 7 में 2 दुबारा प्रविष्टि तथा 1 स्थानांतरित मतदाताओं का प्रपत्र भरा गया है।

मतदाता पुनरीक्षण कार्य का लिया जायजा

गिद्धौर (चतरा)। सोमवार को उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग के आयुक्त चंद्र किशोर उरांव ने गिद्धौर प्रखंड में चल रहे संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्य का जायजा लेने पहुंचे। इस क्रम में उन्होंने मतदान केंद्र गंगा स्मारक उच्च विद्यालय गिद्धौर, मध्य विद्यालय गिद्धौर मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर बीएलओ द्वारा किए जा रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्य का जायजा लिया। आयुक्त ने बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्य से संतुष्ट दिखे। जबकि नए मतददाओ द्वारा किए गए आवेदन का घर घर जाकर ऑन द स्पॉट भौतिक सत्यापन करने और कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। इस दौरान सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी सुधीर कुमार दास, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह, अंचल अधिकारी जय शंकर पाठक, पंचायत पर्यवेक्षक मिथिलेश कुमार सिंह के अलावे संबंधित मतदान केंद्र के बीएलओ आदि उपस्थित थे।

बीटीएम ने कृषक मित्रों के साथ की बैठक, दिये कई दिशा-निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

प्रतापपुर(चतरा)। प्रतापपुर प्रखंड सभागार में सोमवार को कृषक मित्रों की एक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बीटीएम प्रभात कुमार ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के लाभ से वंचित या त्रुटि के कारण छूट गए किसानों की सूची कृषक मित्रों को दी गई। जिसे जल्द ही संबंधित किसानों से त्रुटि रहित कागजात प्राप्त कर कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कृषक मित्रों से कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का पैसा जिन किसान भाईयों का नही आ रहा है, उन्हे आधार, जमीन का रसीद तथा वंशावली प्रखंड कार्यालय में जमा करने के लिए लोगों को जानकारी दें ताकि कागजात की त्रुटि की वजह से रुका हुआ पैसा खाते में आ सके। बैठक में बीएओ सहित कई किसान मित्र शामिल थे।

प्रेम-प्रसंग में सीसीएल कर्मी की पत्नी तीन बच्चों के पिता के साथ फरार

नवीन मेल संवाददाता

बरवाडीह। चपरी ग्राम निवासी सीसीएल कर्मी नरेश भुवन की पत्नी गायत्री देवी प्रेम प्रसंग में गांव के ही तीन बच्चों के पिता अनिल गुप्ता के साथ अपने पति की एटीएम व अन्य सामान लेकर फरार हो गए। इस संबंध में भुक्तभोगी नरेश भुवन ने बरवाडीह थाना में लिखित आवेदन देते हुए कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार चपरी ग्राम निवासी अनिल भुवन हजारीबाग जिले में सीसीएल कोलियरी में कार्यरत है। उसकी उसके तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं। इसी बीच अपने पति की अनुपस्थिति में गायत्री देवी की गांव के ही अनिल प्रसाद तीन बच्चों के पिता से प्रेम प्रसंग हो गया। प्रेम प्रसंग के दौरान गायत्री देवी अपनी पति की अनुपस्थिति में हमेशा अनिल प्रसाद के साथ रहती थी। इसी बीच बीते 1 माह पूर्व अपने पति की अनुपस्थिति में गायत्री देवी अपने पति की एटीएम कार्ड जिसमें 300000 से अधिक जमा है। वही घर से जेवरात व अन्य सामान लेकर अपने छोटे-छोटे बच्चों को छोड़कर अपनी प्रेमी अनिल प्रसाद के साथ प्रेम प्रसंग में फरार हो गए। गायत्री देवी के पति नरेश भुवन इस घटना की जानकारी मिलने के बाद वह अपने घर आकर अपनी पत्नी की हर संभावित जगह पर खोजबीन किया लेकिन पत्नी की कोई पता नहीं चलने पर नरेश भुवन बरवाडीह थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर अपनी पत्नी गायत्री देवी पर घर से नगदी जेवरात व अन्य सामान लेकर दूसरे पुरुष के साथ भागने का आरोप लगाते हुए करवाई करने की मांग किया है। भुक्तभोगी ने कहा कि इससे पूर्व भी एक बार उसकी पत्नी अनिल प्रसाद के साथ भाग गई थी तब ग्रामीणों के अनुरोध पर उसे स्वीकार करते हुए रख लिया था, लेकिन पुन इस तरह की घटना होने के बाद वह अपने पत्नी से छुटकारा पाते हुई उस पर करवाई की मांग किया है।

मसूरिया के मजदूर की रायपुर में सड़क दुर्घटना में हुई मौत, गांव में छाया मातम

नवीन मेल संवाददाता

गिद्धौर(चतरा)। थाना क्षेत्र अंतर्गत बारियातु पंचायत के मसूरिया गांव निवासी टेकन यादव के 35 वर्षीय पुत्र अशोक यादव की मौत छत्तीसगढ़ के रायपुर में एक सड़क हादसे में हो गई। परिजनों के अनुसार युवक छत्तीसगढ़ के रायपुर में इटली ढोसा के दुकान में काम करता था और रविवार को एक पार्टी के आर्डर पर गया था, काम कर सोमवार को सुबह वापस लौटने के क्रम में सामने से एक ट्रक ने उसकी म्यूजिक गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। बताया जाता है कि अशोक घर का एक मात्र सहारा था, उसके 8 वर्ष का एक पुत्र और एक पांच वर्ष की पुत्री है। जो विकलांग है। वहीं युवक के अचानक मौत की खबर सुन परिजन का रो रो कर बुरा हाल है।

दिवंगत पंचायत सचिव दीनबंधु पांडेय को बीडीओ व कर्मियों ने दी श्रद्धांजलि

मयूरहंड (चतरा)। दिवंगत पंचायत सचिव दीनबंधु पांडेय के निधन पर सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी साकेत कुमार सिन्हा के नेतृत्व मे मयूरहंड प्रखंड सह अंचल कार्यालय में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। बीडीओ श्री सिन्हा ने पंचायत सेवक के असमय निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि पांडेय जी काफी मिलनसार मृदुभाषी, और काफी कर्मशील व्यक्ति थे। प्रखंड कार्यालय परिसर में श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद प्रखंड-अंचल कर्मी, दिवंगत आत्मा के सम्मान में एक दिवसीय अवकाश पर चले गए। श्रद्धांजलि सभा में बीडीओ के साथ बीपीओ राजीव रंजन सिंह, बीएओ चंदन कुमार, अंचल निरीक्षक सर्वेश कुमार सिंह, मुखिया अजय कुमार भुईयां सहित प्रखंड और अंचलकर्मी शामिल थे।

जुआरियों के साथ लूटपाट की घटना से जेजेएमपी ने किया इंकार

लातेहार। सदर थाना क्षेत्र के गोवा गांव में शुक्रवार की शाम जुआरियों के साथ मारपीट व लूटपाट की घटना को लेकर झारखंड जनमुक्ति परिषद जेजेएमपी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इस घटना से इंकार किया है। झारखंड जनमुक्ति परिषद जेजेएमपी के कर्मवीर जी ने आज रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि गोवा गांव में जुआरियों के साथ मारपीट तथा लूटपाट की घटना का आरोप जेजेएमपी पर लगाया जा रहा है। यह आरोप बेबुनियाद है। ऐसा कार्य जेजेएमपी संगठन नहीं करती है।

मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन

आंखों की रौशनी लौटाना पुनीत कार्य : पूनम

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। जनजाति अस्पताल बाजकुम में जिला अंधापन नियंत्रण समिति लातेहार, जीवन ज्योति ट्रस्ट व अरोग्य भारती संस्थान के संयुक्त तत्वधान में मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया।शिविर का उद्घाघटन जिप अध्यक्ष पूनम देवी व अन्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में पहुंचे मरीजों का रांची के नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा जांच कर सभी का ऑपरेशन किया गया। शिविर में सौ से अधिक मरीजों के बीच ऑपरेशन के उपरांत दवा और चश्मा का वितरण किया गया।

शिविर को संबोधित करते हुए जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने कहा कि आंखों की रौशनी पुनः वापस लौटाना बड़ा पुनीत कार्य है। मोतियाबिंद के ऑपरेशन से गरीब निर्धन ग्रामीणों को

बड़ी राहत मिलती है। यही बड़े शहरों में इस प्रकार के ऑपरेशन में खर्च ज्यादा होता है जिसको वहन कर पाना हर किसी के लिए मुश्किल होता है। उन्होंने समिति को इस नेक कार्य के लिए साधुवाद दिया।

उम्र के अनुसार होती है बीमारी : डॉ अरविंद

सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ अरविंद कुमार ने कहा कि उम्र के अनुसार ये बीमारी आती है और इसका निदान ऑपरेशन ही है.सभी लोगों को ऑपरेशन समय से कराने से आंख में ज्योति बरकरार रहती है.

नेत्र सहायक संजू कुमारी ने सभी मोतियाबिंद मरीजों को उचित समय पर दवा डालने.खानपान और आवश्यक परहेज संबन्धी जानकारी विस्तार से दी साथ ही कहा कि किसी प्रकार की समस्या हो तो तुरंत उसे आप डॉक्टर को बता सकते हैं .सदर अस्पताल में जाकर के आप इलाज कर सकते हैं। अरोग्य भारती के राजेश शर्मा ने बताया कि अब तक 5 कैंप के माध्यम से 500 से ऊपर मरीजों का ऑपरेशन किया जा चुका है। प्रत्येक रविवार को लातेहार बाचकुम आदिम जनजाति हॉस्पिटल में ऑपरेशन किया जाता है.आप इसमें पहुंचकर लाभ उठा सकते हैं।मौके पर सैकड़ो लोग मौजूद थे।

जेजेएमपी उग्रवादियों ने हस्तलिखित पर्चा छोड़ काम रोकने की दी धमकी

नवीन मेल संवाददाता

चंदवा। थाना क्षेत्र अंतर्गत हुटाप के एकमहुआ गांव में सड़क निर्माण कार्य स्थल पर जेजेएमपी के हथियारबंद उग्रवादियों ने हमला कर दिया। इस दौरान निर्माण कार्य में लगे कर्मियों के मोबाइल लूट लिये और बिना इजाजत काम नहीं करने की चेतावनी भी दी।

जानकारी के अनुसार जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के नाम पर तीन चार लोग एकमहुआ गांव स्थित सड़क निर्माण कार्य स्थल पहुंचे और कर्मियों को काम रोकने की धमकी दी। मौके पर उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के नाम से पर्चा भी छोड़ा है। इस संबंध में सड़क निर्माण कार्य में लगे संवेदक मोहम्मद तनवीर ने बताया कि दो-तीन लोग हथियार लेकर निर्माण स्थल पर पहुंचे और धमकी दी। साथ ही जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के नाम पर पर्चा भी छोड़ा है।

बता दें कि चंदवा थाना क्षेत्र के हुटाप पंचायत स्थित एकमहुआ गांव से आमझरिया तक (6.3 किलोमीटर) सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। यह निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग लातेहार के द्वारा कराया जा रहा है। इधर, घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर छापामारी अभियान चला रही है।

बीज वितरण सह किसान गोष्ठी शिविर का आयोजन

गिद्धौर (चतरा)। गिद्धौर प्रखंड के मंझगांवा पंचायत सचिवालय परिसर में सोमवार को बीज वितरण सह किसान गोष्ठी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पंचायत के करीब 150 किसानों के बीच 2250 किलोग्राम चना बीज का वितरण किया गया। जबकि दर्जन भर जरूरतमंद लोगों के बीच ठंड को देखते हुए कंबल का भी वितरण किया गया। वितरण प्रमुख अनीता यादव, मुखिया सरिता देवी, उपप्रमुख प्रीतम यादव व पंचायत सचिव चितरंजन शर्मा के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। किसानों ने बताया कि इस बार समय से विभाग द्वारा चना बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। जो सराहनीय है। शिविर में कृषि विभाग के कर्मियों के साथ भारी संख्या में महिला-पुरुष किसान शामिल थे।

तेजस्विनी परियोजना के तहत किशोरियों के लिए काउंसेलिंग कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

राज्य में भूमि सर्वे कराने की प्रक्रिया प्रारंभ की गयी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग राज्य में भूमि के सर्वे के लिए कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, केरल, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा आदि राज्यों द्वारा अपनायी जा रही प्रक्रियाओं का अध्ययन करने के लिए इन राज्यों में अधिकारियों की टीम जल्द भेजगा। झारखंड में भूमि सर्वे की व्यवस्था को सुनिश्चित किया जा सके। दरअसल, सीएम की बैठक में यह बात सामने आयी थी कि राज्य में लंबे समय से सर्वे नहीं होने के कारण आनेवाले दिनों में विभिन्न प्रकार की भूमि एवं विधि-व्यवस्था संबंधी समस्या उत्पन्न होने की संभावना है। ऐसे में इसके निराकरण के लिए जल्द ही सर्वे का काम शुरू किया जाना जरूरी है। हालांकि, राज्य में भूमि बंदोबस्ती और सर्वेक्षण का काम अभी भी चल रहा है। किस जिले में कितना और किस स्टेज पर काम हो रहा है, इसका आकलन कराके सारी रिपोर्ट का संकलन किया जायेगा। इसके बाद अन्य राज्यों के मेथड का भी उपयोग कर सर्वे का काम कराया जायेगा। बता दें कि झारखंड की राजधानी सहित 20 जिलों में 47 वर्षों से जमीन का सर्वे नहीं हुआ है। खतियान जमीन का ऐसा दस्तावेज है, जो जमीन का मालिकाना हक परिभाषित करता है। कुछ जिलों में 1930-35 में सेटलमेंट हुआ। एकीकृत बिहार के समय जमीन का सर्वे और बंदोबस्त का काम शुरू हुआ था। रांची, खूंटी, सिमडेगा, गुमला में 1975 में शुरू हुआ सर्वे 47 वर्ष बाद भी पूरा नहीं हुआ। वहीं, धनबाद, बोकारो में 1981, पलामू, गढ़वा, साहिबगंज, दुमका, पाकुड़, जामताड़ा, गोड्डा व देवघर में 1976-77 से शुरू हुआ सर्वे आज तक पूरा नहीं हुआ है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सरकारी दस्तावेज के मुताबिक झारखंड लोहरदगा, लातेहार, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम में भूमि बंदोबस्ती और सर्वेक्षण काम पूरा हो चुका है। यहां अंतिम प्रकाशन भी हो गया है, लेकिन कई जिलों में विवाद के कारण प्रक्रिया रुकी हुई है। बता दें कि झारखंड में खतियान को ही स्थानीयता की पहचान का आधार बनाया गया है। खतियान न तो सिर्फ जमीन का मालिकाना हक बताता है बल्कि रैयत की पीढ़ी को भी दर्शाता है। जमीन के सर्वे और बंदोबस्त कार्यों के लिए राज्य के 24 जिलों को छह बंदोबस्त कार्यालयों में बांटा गया है। रांची, दुमका, पलामू, हजारीबाग, धनबाद और सिंहभूम। रांची के अधीन गुमला, गोड्डा, जामताड़ा, दुमका और पाकुड़, साहिबगंज है। पलामू कार्यालय में गढ़वा, पलामू, लातेहार। धनबाद कार्यालय में बोकारो और धनबाद, हजारीबाग में चतरा, कोडरमा, गिरिडीह और हजारीबाग, सिंहभूम में पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम तथा सरायकेला-खरसावां है।

आज का इतिहास

1862 : अमेरिकी गृहयुद्धः बुल रन की दूसरी लड़ाई जिसे द्वितीय मानसस की लड़ाई भी कहा जाता है वो लड़ाई 30 अगस्त को समाप्त हुई थी।
1879 : जूलस के अंतिम राजा केत्शेवे को अंग्रेजों ने कब्जे में कर लिया था।
1898 : कालेब ब्रैडम के पेय ब्रैड ड्रिंक का नाम बदलकर पेप्सी-कोला रखा गया था।
1901 : देश का पहला अमेरिकी निजी स्कूल सिलीमान विश्वविद्यालय फिलीपींस में स्थापित किया गया था।
1875 : कप्तान मैथ्यू वेबब 21 घंटे और 45 मिनट में डोवर, इंग्लैंड, कैलाइस, फ्रांस से यात्रा करते हुए अंग्रेजी चैनल में तैरने वाले पहले व्यक्ति बन गए थे।
1933 : द डाइक्सी भूकंप ने माओ काउंटी, सिचुआन, चीन पर हमला किया जिसमे 9,000 लोग मारे गए थे।
1950 : राष्ट्रपति हैरी ट्रूमैन ने अमेरिकी सेना की हड़ताल को रोकने के लिए देश के रेल मार्गों पर नियंत्रण करने का आदेश दिया था।
1961 : ब्राजील के राष्ट्रपति जैनियो क्वाड्रोस ने सत्ता में केवल सात महीने बाद इस्तीफा दे दिया जिससे एक राजनीतिक संकट शुरू हुआ जो 1964 में सैन्य विद्रोह में समाप्त हुआ था।
1904 : कलकत्ता से बैरकपुर तक प्रथम कार रैली का आयोजन किया गया था।
1909 : मध्य-स्तर के ग्रीक सेना के अधिकारियों के एक समूह ने व्यापक सुधारों की मांग करते हुए गौडी कूप शुरू किया था।
1914 : प्रथम विश्व युद्धः रॉयल नेवी ने जर्मन बेड़े को हेलीगोलांड बाइट की लड़ाई में हरा दिया था।

बढ़ती आबादी, बढ़ती चुनौतियां

संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक तीन दशक पहले की तुलना में लोग अब ज्यादा जी रहे हैं। 2019 में जहां लोगों की जीवन प्रत्याशा 72.8 वर्ष हो गई, वहीं 1990 में लोग नौ वर्ष कम जीते थे और उम्मीद जताई जा रही है कि 2050 तक जीवन प्रत्याशा 77.2 वर्ष हो जायेगी। हालांकि भारत का दुनिया का सर्वाधिक आबादी वाला देश बनना कोई उपलब्धि नहीं, बल्कि यह आबादी देश के लिए आने वाले वर्षों में गंभीर चुनौती न बन जाए। भारत को जनसंख्या नियोजन के लिए अभी से ठोस कदम उठाने होंगे। भारत में फिलहाल दुनिया की सबसे ज्यादा युवा आबादी है।

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) ने इसकी व्याख्या करते हुए कहा भी है कि, 'आठ अरब उम्मीदें, आठ अरब स्वप्न और आठ अरब संभावनाएं'। इसका सीधा अर्थ यही है कि दुनिया में जो भी बच्चा जन्म लेता है, उसके साथ उम्मीदें, स्वप्न और संभावनाएं जुड़ी होती हैं। इसीलिए यूएन दुनिया की आबादी आठ अरब हो जाने को मानवता के लिए एक अहम पड़ाव मानता है, जिसमें घटती गरीबी, लैंगिक समानता, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और शिक्षा का विस्तार जैसी उपलब्धियां शामिल हैं। ज्यादा महिलाएं जीने में सक्षम हैं, ज्यादा बच्चे जीवित रह पा रहे हैं और लोग दशकों तक स्वस्थ जीवन जी रहे हैं। दुनिया की आबादी आठ अरब हो जाने को मानव सभ्यता के विकास के दृष्टिकोण से खुशी का पल इसलिए भी माना जा रहा है, क्योंकि यह सार्वजनिक स्वास्थ्य, पोषण, व्यक्तिगत स्वच्छता आदि में दुनिया के देशों द्वारा सुधार किये जाने के कारण ही संभव हुआ। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक तीन दशक पहले की तुलना में लोग अब ज्यादा जी रहे हैं। 2019 में जहां लोगों की जीवन प्रत्याशा 72.8 वर्ष हो गई, वहीं 1990 में लोग नौ वर्ष कम जीते थे और उम्मीद जताई जा रही है कि 2050 तक जीवन प्रत्याशा 77.2 वर्ष हो जायेगी। हालांकि भारत का दुनिया का सर्वाधिक आबादी वाला देश बनना कोई उपलब्धि नहीं, बल्कि यह आबादी देश के लिए आने वाले वर्षों में गंभीर चुनौती न बन जाए। भारत को जनसंख्या नियोजन के लिए अभी से ठोस कदम उठाने होंगे। भारत में फिलहाल दुनिया की सबसे ज्यादा युवा आबादी है, लेकिन इसका देश के विकास में भरपूर लाभ कैसे लिया जाए, यह हमारे तंत्र के लिए गंभीर चुनौती है। इसके लिए ऐसे विशेष उपायों पर ध्यान केंद्रित करना होगा, जहां उनके लिए समुचित शिक्षा तथा रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध हों। इसके अलावा उद्योग-व्यापार को बढ़ावा देने के भी विशेष उपाय करने की दरकार है, ताकि देश में कृषि क्षेत्र में जरूरत से ज्यादा आबादी की निर्भरता को कम कर उसकी उत्पादकता का सही इस्तेमाल किया जा सके। बढ़ती आबादी की विस्फोटक परिस्थितियों के कारण ही संविधान में जिस उद्देश्य से प्राथमिक शिक्षा का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, वह भी गौण हो गया है हालांकि विगत दशकों में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से नए रोजगार जुटाने के कार्यक्रम चलाये गये, लेकिन बढ़ती आबादी के कारण ये सभी कार्यक्रम 'ऊंट के मुंह में जीरा' ही साबित हुए। बढ़ती जनसंख्या के कारण ही देश में आबादी और संसाधनों के बीच असंतुलन बढ़ रहा है। तेजी से बढ़ती आबादी के कारण ही हम सभी तक शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों को पहुंचाने में पिछड़ रहे हैं। इसलिए जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रमों की सफलता के लिए सर्वाधिक जरूरी यही है कि घोर निर्धनता में जी रहे लोगों को परिवार नियोजन कार्यक्रमों के महत्त्व के बारे में जागरूक करने की ओर खास ध्यान दिया जाए, क्योंकि जब तक इन कार्यक्रमों में लोगों की भागीदारी नहीं होगी, तब तक लक्ष्य की प्राप्ति संभव नहीं है। 'पीपुल्स कमीशन' की अध्ययन रिपोर्ट में हाल ही में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि देश में चार प्रकार की बेरोजगारी है, ढूंढने के बावजूद काम नहीं मिल पाने वाले लोग, निराश होकर काम ढूंढना बंद कर देने वाले, सप्ताह में केवल एक दिन काम पाने वाले और ऐसा रोजगार पाने वाले, जिनका काम उत्पादकता बढ़ाने में मददगार नहीं होता। देश में ऐसे लोगों की तादाद करीब 27.8 करोड़ है। इस रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि देश में प्रतिवर्ष करीब 2.4 करोड़ नये किशोर श्रम बाजार में उतरते हैं, लेकिन उनमें से महज पांच लाख को ही संगठित क्षेत्र में रोजगार मिल पाता है। अर्थशास्त्रियों के अनुसार अगर देश में 27.8 करोड़ बेरोजगारों को पर्याप्त कार्य मिल जाय तो इससे देश की जीडीपी में करीब पंद्रह फीसद की बढ़ोतरी होगी। आज दुनिया के अनेक देश अपने नागरिकों की न्यूनतम जरूरतों को पूरा करने में भी कठिनाई महसूस करने लगे हैं। संयुक्त राष्ट्र के एक आकलन के मुताबिक दुनिया की करीब नौ फीसद आबादी यानी 69 करोड़ लोग अत्यधिक गरीबी के शिकार हैं और दुनिया की 71 फीसद आबादी भारत सहित कई ऐसे देशों में रहती है, जहां आर्थिक असमानता बहुत ज्यादा है।

■ योगेश कुमार गोयल

फुटबॉल के महामुकाबले पर दुनिया की नजर

रविवार 20 नवंबर से कतर में फुटबॉल का महाकुंभ शुरू हो रहा है। इस बार विश्व की 32 टीमों के बीच कुल 64 मुकाबलेहोंगे। पिछले तमाम विश्व कप की तुलना मेंइस बार का टूर्नामेंट खास है,क्योंकि कतर मे क्योंकि कतर में खिलाडियों और टीमों को कहीं ज्यादा पैसे मिलेंगे। सेमीफाइनल तक का सफर तय करनेवाली टीमों को भी अच्छी-खासी प्रोत्साहन-राशि दी जायेगी। पुरस्कार की रकम तो खैर इस बार काफी ज्यादा हैही। यही वजह हैकि टीमों के आकलन का खेल भी शुरू हो गया है। फुटबॉल 90 मिनट तक चलनेवाला ऐसा मुकाबला है, जिसके आखिरी परिणाम को लेकर अंत-अंत तक कहना काफी कठिन होता है। फिर, विश्व कप मेंतो वेटीमेंआती हैं, जिनको यहां तक पहुंचने से पहले विभिन्न कठिन मुकाबलों सेगुजर गु ना पड़ता है। लिहाजा अभी ठीक-ठीक कहना मुश्किल हैकि कौन-सी आठ टीमें 'राउंड ऑफ 16' तक पहुंचेंगी, लेकिन ब्राजील, बेल्जि यम, अर्जेंटीना, इंग्लैंड, उरुग्वे, स्पेन, फ्रांस आदि पर विशेष नजर है, क्योंकि इनमेंकाफी ज्यादा क्षमता है। जर्मनी और क्रोएशिया की टीमों नेबेशक पिछलेविश्व कप मेंअच्छा प्रदर्शन नहीं किया था, मगर उनसेभी इस बार काफी उम्मीदें लगाई जा रही हैं। कतर मेंकमोबेश सभी टीमेंअपनी खास रणनीति के साथ पहुंची हैं। इंग्लैंड के खिलाडियों ने पिछले एक साल में अच्छा खेला है। उन्होंने 62 फीसदी गोल 'डेड बॉल सिचुएशन' मेंमारेहैं। इसका अर्थ है कि वेकॉर्नर, फ्री किक, पेनल्टी जैसेमौकों को बखूबी अपनेहक में भुना सकतेहैं। इसी तरह, जर्मनी की टीम आक्रामक खेल मेंविश्वास करती है, तो ब्राजील का हौसला कन्फेडरेशन कप और कोपा अमेरिका मेंबेहतर प्रदर्शन करनेके कारण बुलंद है। उसके पास नेमार जैसेखिलाड़ी भी हैं, जो किसी क्षण मुकाबलेका रुख बदल सकतेहैं। यह अच्छी बात हैकि भारत में फुटबॉल को लेकर उत्साह बढ़ा है। कोलकाता में तो फुटबॉलप्रेमी ब्राजील और अर्जेंटीना टीमों के बीच बंटे होते हैं। वहां हर घर मेंनेमार, लियोनेल मैसी जैसेखिलाडियों की तस्वीरें दिख जाती हैं। दक्षिण मेंकेरल जैसे राज्यों पर भी फुटबॉल का बुखार चढ़ने लगा है। दिल्ली में रुझान इस कदर बढ़ रहा हैकि यहां नये-नये बच्चों को मैदानों में पसीना बहाते देखा जा सकता है। ऐसेमें, यह विडंबना ही हैकि हमारी टीम फीफा विश्प कप जैसे अहम मुकाबलों के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाती। हालांकि, 2026 के लिए काफी उम्मीदें हैं। अगला विश्व कप मैक्सि को, कनाडा और अमेरिका मेंसंयुक्त रूप से आयोजित हो रहा हैऔर इसमेंटीमों की संख्या 32 सेबढ़ाकर 48 की गई है।

■ आनंदी बरुआ

परतों में पलती वंचनाये

जब महिलाओं के खिलाफ होने वाली वारदातें मीडिया के विभिन्न माध्यमों में सुर्खियां बनती हैं तो महिला होने के नाते एक ही सवाल मन में आता है कि इन पर लगाम कब लगेगी। हद तो तब हो जाती है जब घर की बच्ची को कोई बाप या भाई ही अपनी हवस का शिकार बना लेता है। निश्चित ही उस परिवार की मां खुद को ही इस दुनिया में बेटी लाने के लिए कोसती रहती होगी! विडंबना यह है कि परिवार अपनी बेटी को आत्मनिर्भर बनाने के लिए घर से दूर नौकरी करने की अनुमति देता भी है तो न जाने कितनी लड़कियों की मजबूरी का फायदा उठा कर उन्हें मार दिया जाता है या मरने के लिए छोड़ दिया जाता है। महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों और अपराध के ऐसे कितने उदाहरण दिये जाएं? कहां से शुरू किया जाए और कहां खत्म हो? यह दुविधा खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही। बस मन में एक ही सवाल घूमता रहता है कि कैसे इन अपराधों पर पूरी तरह रोक लगाई जायेगी और क्यों एक महिला स्वतंत्र देश में आजादी के साथ घूम नहीं सकती? हममें से अधिकतर लोग यही सोचते हैं कि जब उनकी बेटी घर से बाहर निकलती है तो वह सबसे ज्यादा असुरक्षित होती है। लेकिन सरकारी और गैरसरकारी संस्थाओं द्वारा किये गये अध्ययन बताते हैं कि महिलाओं के खिलाफ होने वाली शारीरिक हिंसा के सत्तर फीसद मामले तो घर के अंदर ही होते हैं। दूसरी तरफ बलात्कार के नब्बे फीसद मामलों में आरोपी उनके परिवार का ही कोई सदस्य, रिश्तेदार या दूर का कोई जानने वाला होता है। हमारे देश में एक अन्य अपराध कन्या भ्रूणहत्या का है, जिसके अंतर्गत एक रिपोर्ट के मुताबिक हर साल देश में पांच लाख लड़कियां कोख में ही मार दी जाती हैं। उन बच्चियों को मारने का निर्णय घर में परिवार के सदस्य ही आपस में मिल कर लेते हैं। इसलिए यह सोचना गलत है कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचार हर स्थिति में घर के बाहर ही होगा। इस परिप्रेक्ष्य में समस्या के मूल तक जाया जाए तो परिवारों में जहां लड़की और लड़के के पालन-पोषण और सामाजिक प्रशिक्षण में भेद किया जाता है। लडकी के जन्म से ही उसे परिवार का अन्य या बाहरी सदस्य समझ कर दोहरा रवैया अपनाया जाता है और बेटे को कुछ भी करने की पूरी स्वतंत्रता दी जाती है। बेटे को मिली इसी स्वतंत्रता पर लगाम नहीं लगाई जाती है तो यह आशंका खड़ी होती है कि यह बेलगाम आजादी पता नहीं कब अपराध बन जाए। इस पितृसत्तात्मक समाज में कमोबेश महिला को कमजोर समझा जाता है। जबकि पुरुष वर्ग को बचपन से ही 'माचो मैन' यानी हावी होने वाले व्यक्ति का दृष्टिकोण सिखाया जाता है। यही वजह है कि पुरुष द्वारा किसी महिला या बेटी के प्रति हिंसा करने में कोई देरी नहीं लगती, क्योंकि उन्हें लगता है कि कमजोर वर्ग हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकता। यही सोच महिलाओं के प्रति बढ़ती हिंसा का सबसे बड़ा मूल कारण है। सबसे पहले यह समझना होगा कि अगर प्रकृति ने महिलाओं की शारीरिक संरचना को ऐसा बनाया है तो उसका कारण प्रजनन क्षमता को पूर्ण करना है, न कि यह सुनिश्चित करना कि कौन घर के बाहर का काम करेगा और कौन अंदर का काम करेगा। इसलिए समाज को चाहिए कि बचपन से ही अच्छे संस्कारों से महिलाओं के प्रति समानता और आदर की भावना लाएं। खासतौर पर लडकों को बचपन से यह दृष्टिकोण देने और सिखाने की जरूरत है। अगर संकुचित विचारों, मूल्यों और धर्म की आड़ में महिला को कमजोर किया गया तो यह असमानता की खाई और चौड़ी होती जायेगी और उनके प्रति अत्याचार को समाज की अप्रत्यक्ष सहमति माना जायेगा। संविधान के अनुसार पुरुष और महिलाएं समान हैं, लेकिन सामाजिक तौर पर दोनों में असमानता की दीवार खड़ी कर दी गई है। दुर्भाग्य से इस सोच को बढ़ावा देने वालों में पुरुष और कुछ महिलाएं दोनों है। विशेषकर कुछ सक्षम वर्ग विशेष की महिलाओं को समझना चाहिए कि उनकी ऐसी सोच का खमियाजा सभी महिलाओं को भुगतना पड़ता है। इस समस्या का एक अन्य पहलू यह है कि महिलाओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा को रोकने के लिए कड़े कानून बनाये जाएं। लेकिन कई बार लगता है कि वे मंत्री या विधायक क्या कानून बनायेंगे जो कहीं न कहीं किसी बेटी के बलात्कार, हत्या या दहेज जैसे संगीन आरोपों में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं! इसलिए जनता को भी चाहिए कि इस मुद्दे पर एकमत हो और नीति-निर्माताओं से सवाल पूछें। तभी हम आशा कर सकते हैं कि सरकारें महिला सुरक्षा के प्रति गंभीरता से सोचेंगी और उनके प्रति हो रहे जघन्य अपराध के लिए कागजों पर बने कानूनों से बाहर निकल कर कठोर सजा का प्रावधान करेगी। यह मुद्दा सिर्फ सुरक्षा का नहीं, बल्कि दुनिया की आधी आबादी के मानवाधिकारों का है।

■ निधि शर्मा

धर्म दर्शन

श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

अथ प्रथमोऽध्यायः

इस प्रकार एकवीरको राजा बनाकर तथा योग्य मन्त्रियोंको नियुक्तकर इन्द्रियजित राजा हरिवर्मानें अपनी भायकि साथ वनमें प्रवेश किया ॥ 11 ॥

मैनाकपर्वतके शिखरपर तृतीय आश्रम (वानप्रस्थ) का आश्रय लेकर वे राजा प्रतिदिन वनके पत्तों तथा फलोंका आहार करते हुए भगवती पार्वतीकी आराधना करने लगे ॥ 12 ॥

इस प्रकार अपनी भायर्कोसाथ वानप्रस्थ-आश्रमका पालन करके वे राजा प्रारब्ध कर्मके समाप्त हो जानेपर मृत्युको प्राप्त हुए और अपने पुण्यकर्मके प्रभावसे इन्द्रलोक चले गये ॥ 13 ॥

पिता इन्द्रलोक चले गये- ऐसा सुनकर हैहय एकवीरने वैदिक विधानके अनुसार उनका और्ध्वदैहिक संस्कार सम्पन्न किया ॥ 14 ॥

पिताकी सभी श्राद्ध आदि क्रियाएँ सम्पन्न करके सबकी सहमतिसे पिताद्वारा दिये गये राज्यपर वह मेधावी राजकुमार एकवीर शासन करने लगा ॥ 15 ॥

उत्कृष्ट राज्य प्राप्त करके धर्मपरायण एकवीर सभी मन्त्रियोंसे सम्मानित रहते हुए अनेकविध सुखोंका उपभोग करने लगे ॥ 16 ॥

एक दिन प्रतापी राजा एकवीर मन्त्रियोंके पुत्रोंके साथ घोड़ेपर आरूढ़ होकर गंगाके तटपर गये। वहाँ उन्होंने कूजसे गुंजित, भ्रमरोंकी पंक्तियोंसे सुशोभित तथा फलों-फूलोंसे लदे मनोहर वृक्षों;` वेदपाठकी ध्वनिसे निनादित, हवनके धुएँसे आच्छादित आकाश-मण्डलवाले, मृगोंके छोटे शिशुओंसे आवृत

दिव्य मुनि आश्रमों गोपिकाओके द्वारा सुरक्षित तथा पके हुए शालिधान्यसे युक्त खेतों विकसित कमलोंसे सुशोभित अनेक सरोवरों तथा मनको आकर्षित करनेवाले निकुंजोंको देखा। उन राजा एकवारने प्रियाल चम्पक, कटहल, बकुल, तिलक, नीम, पुष्पित मन्दार, शाल, ताल, तमाल, जामुन, आम और कदम्बक आदि वृक्षोंको देखते हुए कुछ दूर आगे जानेपर गंगाके जलमें उत्कृष्ट गन्धयुक्त एक खिला हुआ शतदल कमल देखा। राजाने उस कमलके दक्षिण भागमें कमलसदृश नेत्रोंवाली, स्वर्णके समान कान्तिवाली, सुन्दर केश- पाशवाली, शंखतुल्य गर्दनवाली, कृश कटिप्रदेशवाली, बिम्बाफलके समान ओष्ठवाली, किंचित स्फुट पयोधरवाली, मनोहर नासिकावाली तथा समस्त सुन्दर अंगोंवाली एक सुन्दरी कन्याको देखा। अपनी सखीसे बिछुड़ जानेसे व्याकुल होकर दुःखपूर्वक विलाप करती हुई, निर्जन वनमें आँखोंमें आँसू भरकर कुररी पक्षीकी भाँति करती हुई उस कन्याको देखकर राजा एकवीरने उससे शोकका कारण पूछा ॥ 17-23 ॥

- क्रमशः

संपादक के नाम पाठकों की पाती

नालियों की सफाई जरूरी

आम लोगों में सफाई के प्रति जागरूक नहीं होने के कारण प्रधानमंत्री का स्वच्छ भारत मिशन उतना सफल नहीं हो पा रहा है। अभी भी लोग सफाई के प्रति उदासीन हैं। शौचालय के निर्माण में भी गंभीरता नहीं बरती जा रही है। भ्रष्ट लोगों ने उसे कमाने का जरिया बना लिया है। कई तो उस पैसे शौचालय बनाकर अन्य कामों उसका उपयोग कर रहे हैं। मेदिनीनगर शहर में भी घनी आबादी वाले में मुहल्लों में नालियां जाम हैं। जाम होने का मुख्य कारण उन नालियों में भारी मात्रा में पॉलिथीन व प्लास्टिक की बोतलों का फेका जाना है। यह दोनों ही चीजे न गलती हैं ना ही सड़ती है,जिसके कारण नालिया जाम हो जाती है। अगर नाली सड़ी सब्जी या अन्य खाद्य सामग्री डालते हैं तो वह सड़ गल जाती है, लेकिन पॉलिथीन व प्लास्टिक बोतल व अन्य कुरकुरे व चिप्स के पैकेट सड़ते -गलते नहीं जिसके कारण नालिया जाम रहती हैं। वहीं शहर की कई बड़ी नालियों में काफी कूड़ा रहा है। यह कूड़े बरसात आने पर ही वहां से बहते हैं। यह बात भी गौर करनेवाली है कि जबसे पलास्टिक व पॉलिथीन का प्रचलन हुआ है नालियों में गदंगी बढ़ी है। कागज के उपयोग से इतनी गंदगी नहीं हुआ करती थी। मैं आपके लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से लोगों से आग्रह करता हूं कि नालियों में पॉलिथीन व प्लास्टिक की बोतलें नहीं फेंके।

■ कौशल कुमार , मेदिनीनगर।

फुटबॉल वर्ल्ड कप के मजबूत दावेदार कौन

फुटबॉल विश्व कप के 20 नवंबर से कतर में शुरू होने के साथ ही दुनिया फुटबॉल के बुखार में जकड़े जा रही है। पहली बार किसी अरब देश में हो रहे इस विश्वकप मुकाबले में दुनिया की दिग्गज 32 टीमें खिताब के लिए जूझेंगी। इनमें 2018 की चैंपियन टीम फ्रांस खिताब पर कब्जा बनाये रखने का प्रयास करेगी तो बाकी टीमें उसकी जगह पहुंचने की कोशिश करेंगी। पिछले 92 सालों से आयोजित हो रहे इस विश्व कप के इतिहास में सिर्फ नौ ही टीमें खिताब पर कब्जा जमा सकी हैं। इनमें भी ब्राजील पांच बार, जर्मनी और इटली चार-चार बार खिताब जीतकर सबसे आगे हैं। इसमें मेजबान कतर के अलावा कोई भी ऐसी टीम नहीं है, जो पहली बार विश्व कप में खेल रही हो। दुनिया में विश्व कप की जबर्दस्त लोकप्रियता तो है ही, इसमें पैसों की भी भरमार है। हमारे यहां आमतौर पर माना जाता है कि क्रिकेट में धन वर्षा होती है। लेकिन फुटबॉल में मिलने वाली इनामी राशि के सामने क्रिकेट कहीं नहीं ठहरता। फुटबॉल विश्व कप में कुल इनामी राशि 35 अरब 76 करोड़ रुपये से ज्यादा है। वहीं टी-20 विश्व कप में कुल इनामी राशि 45.4 करोड़ रुपये थी। इसका मतलब हुआ कि फुटबॉल विश्व कप में विजेता टीम को मिलने वाली रकम टी-20 विश्व कप की कुल इनामी राशि का करीब सात गुना है। कतर में चैंपियन बनने वाली टीम को 344 करोड़ रुपये मिलने हैं। यही नहीं फुटबॉल विश्व कप में आखिरी यानी 32वें स्थान पर रहने वाली टीम को भी टी-20 विश्व कप की कुल इनामी राशि का करीब डेढ़ गुना यानी 74 करोड़ रुपये मिलेंगे। टी-20 विश्व कप की चैंपियन टीम इंग्लैंड को महज 13 करोड़ रुपये मिले। फुटबॉल विश्व कप का जब भी आयोजन होता है तो ब्राजील, इंग्लैंड, जर्मनी, फ्रांस और अर्जेंटीना को खिताब का प्रमुख दावेदार माना जाता है। यह विश्व कप भी इससे हटकर नहीं है। ब्राजील को खिताब जीतने का दावेदार माने जाने का मुख्य कारण उसकी विश्व में पहली रैंकिंग के अलावा क्वॉलिफायर में शानदार प्रदर्शन करना रहा है। उसने इसमें खेले 17 मैचों में से 14 जीते और तीन ड्रॉ करवाए। इस दौरान उसने 40 गोल दागे और विरोधी टीमें उसके खिलाफ पांच ही गोल कर सकीं। जहां तक फ्रांस के खिताब की रक्षा करने की बात है तो यह काम थोड़ा मुश्किल लगता है। यह सही है कि उसके पास एमबापे, करीम बेंजेमा और डेंम्बले ओसमैन के रूप में बेहतरीन फॉरवर्ड हैं। लेकिन मिडफील्ड की जान माने जाने वाले कांटे और पोगबा के चोटिल होने की वजह से बाहर होने के कारण टीम में थोड़ी कमजोरी आई है। कोच डेसचैंप ने इसकी भरपाई का प्रयास जरूर किया है पर देखना होगा कि वह मिडफील्ड में कितने सफल हो पाते हैं। ब्राजील की जब भी बात होती है तो नेमार का नाम सबसे पहले जेहन में आता है, क्योंकि उन्हें इस टीम की जान माना जाता रहा है। पर इस बार ब्राजील ने उनको केंद्रित करके योजना नहीं बनाई है। असल में पिछले विश्व कपों में उनको केंद्रित करके बनाई योजनाएं टीम को चैंपियन बनाने में असफल रही थीं। बेहतरीन प्लेयर होने के बावजूद नेमार अब तक अपनी टीम को विश्वकप नहीं दिला सके हैं। इस कारण टीम को 2002 में आखिरी बार कप्तान के तौर पर खिताब दिलाने वाले काफू ने कोच रहते ऐसी योजना बनाई है, जिसमें नेमार के ऊपर टीम की निर्भरता कम कर दी गई है। इस बार टीम के हमलों की कमान विनीसियस जूनियर, रिचर्लीसन और राफिन्हा के हाथों में रहेगी। नेमार की तरह ही दुनिया के सबसे लोकप्रिय खिलाड़ियों में शुमार होते हैं, अर्जेंटीना के लियोनल मेसी। अर्जेंटीना ने भी इस बार लियोनल मेसी को केंद्र में रखकर रणनीति नहीं बनाई है। इस टीम की पिछले कुछ समय की सफलताओं पर नजर दौड़ाएं तो साफ होता है कि इसके पीछे प्रतिभाशाली मिडफील्डरों की तिकड़ी-रोड्रिगो डि पॉल, अलजांद्रो गोमेज और लियेंद्रो- की प्रमुख भूमिका रही है। असल में यह तिकड़ी अपने शानदार प्रदर्शन से मेसी के लिए पर्याप्त स्पेस बनाकर देती रही है।

■ मनोज चतुर्वेदी

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

ठंड के मौसम में स्किन की केयर करेगी कीवी

ठंड के मौसम में आप कीवी की मदद से फेस मास्क बना सकते हैं। कीवी फ्रूट फेस मास्क में विटामिन सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इसके अलावा, यह आपके स्किन कोलेजन को बूस्ट अप करता है, जिससे आपकी स्किन अधिक यंगर नजर आती है। ठंड के मौसम में स्किन को अतिरिक्त केयर की जरूरत होती है। अमूमन इस मौसम में लोग तरह-तरह के स्किन केयर प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इसके अलावा आपको कुछ नेचुरल तरीकों को अपनाकर अपनी स्किन को पैम्पर करें। मसलन, इस मौसम में आप कीवी की मदद से फेस मास्क बना सकते हैं। कीवी फ्रूट फेस मास्क में विटामिन सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इसके अलावा, यह आपके स्किन कोलेजन को बूस्ट अप करता है, जिससे आपकी स्किन अधिक यंगर नजर आती है।

कीवी और बादाम के तेल से बनाएं फेस मास्क

विंटर में अगर आप अपनी स्किन को अधिक हाइड्रेटिंग बनाए रखना चाहते हैं तो ऐसे में कीवी और बादाम के तेल की मदद से फेस मास्क बना सकते हैं।

आवश्यक सामग्री

- 1 कीवी
- 3-4 बूंदे बादाम का तेल
- 1 बड़ा चम्मच बेसन

फेस मास्क बनाने का तरीका

- सबसे पहले आप कीवी को अच्छी तरह मैश कर लें।
- इसके बाद आप इसमें बादाम का तेल और बेसन डालकर एक स्मूद पेस्ट बना लें।
- ध्यान दें कि आप सभी चीजों को बेहद अच्छी तरह मिक्स करें।
- अब आप अपने फेस को क्लीन करके इस पेस्ट को चेहरे पर लगाएं।
- करीबन 10-15 मिनट बाद आप अपने चेहरे को वॉश कर लें और फिर मॉइश्चराइजर अप्लाई करें।

कीवी और एलोवेरा जेल से बनाएं फेस मास्क

अगर आपकी स्किन सेंसेटिव है तो ऐसे में आप कीवी और एलोवेरा जेल की मदद से भी फेस मास्क बना सकते हैं।

आवश्यक सामग्री

- 1 कीवी
- एक चम्मच एलोवेरा जेल

फेस मास्क बनाने का तरीका

- सबसे पहले आप एलोवेरा के पत्ते को तोड़कर उसमें से फ्रेश जेल निकाल लें।
- अब आप कीवी को अच्छी तरह मैश कर लें।
- इसके बाद आप कीवी के पल्प और एलोवेरा जेल को एक बाउल में डालकर अच्छी तरह मिक्स करें।
- अब आप अपने फेस को क्लीन करें और फिर इस पेस्ट को चेहरे पर लगाएं।
- आप एक दो मिनट के लिए चेहरे पर हल्की सी मसाज करें। इसके करीबन 10 मिनट बाद आप अपने चेहरे को पानी की मदद से धो दें।

कीवी और ऑलिव ऑयल से बनाएं फेस मास्क

यह एक ऐसा फेस मास्क है, जिसे विंटर के लिए काफी अच्छा माना जाता है। जैतून के तेल और कीवी के रस में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो स्किन सेल्स को रिजुविनेट करते हैं। साथ ही साथ इससे ब्लड सकुर्लेशन को बढ़ावा मिलता है और आपकी स्किन अधिक दमकने लगती है।

आवश्यक सामग्री

- 1 कीवी
- **एक चम्मच एक्स्ट्रा वर्जिल ऑलिव ऑयल**

फेस मास्क बनाने का तरीका

- सबसे पहले आप एक कीवी को मैश करें और पल्प बना लें।
- अब आप इस पल्प में एक चम्मच ऑलिव ऑयल डालकर मिक्स कर लें।
- चेहरे को क्लीन करके आप इस मिश्रण को चेहरे पर लगाएं औरर हल्की मसाज करें।
- करीबन 15 मिनट बाद आप अपने चेहरे को पानी की मदद से वॉश कर दें।

- मिताली जैन

बच्चों के दिमागी विकास और तेज आंखों की रोशनी के लिए जरूरी है डीएचए

डीएचए हर उम्र के लोगो के लिए जरुरी है लेकिन बच्चों को इसकी ज्यादा जरूरत होती है। डीएचए से बच्चों की आँखों व दिमाग का विकास होता है। इसलिए अब लोग डीएचए को अपने बच्चों की डाइट में जरूर शामिल कर रहे है। यह मुख्य रूप से ऑर्गेन मीट और मछली में पाया जाता है। बच्चों के शुरूआती विकास के लिए डीएचए बहुत जरुरी है। यह एक ओमेगा 3 फैटी एसिड है। डीएचए न्यूरोलॉजिकल फंक्शन में सुधार के लिए बहुत जरूरी होता है बच्चों के दिमाग के तेज विकास के लिए डीएचए लेना बहुत जरूरी है। इसकी कमी से बच्चों के दिमाग का सही से विकास नहीं हो पाता है। डीएचए हर उम्र के लोगो के लिए जरुरी है लेकिन बच्चों को इसकी ज्यादा जरूरत होती है। डीएचए से बच्चों की आँखों व दिमाग का विकास होता है। इसलिए अब लोग डीएचए को अपने बच्चों की डाइट में जरूर शामिल कर रहे है। यह मुख्य रूप से ऑर्गेन मीट और मछली में पाया जाता है। लेकिन बच्चों के लिए इसका बहुत ज्यादा सेवन ठीक नहीं है। इससे उनको एलर्जी की प्रॉब्लम हो सकती है इसलिए अब डीएचए युक्त बेबी फूड भी आने लगे है।

पांच साल तक के बच्चों के लिए जरुरी है डीएचए

जन्म से लेकर पांच साल तक के बच्चों के दिमाग और शरीर का विकास तेजी से होता है। अगर उन्हें डीएचए की भरपूर खुराक नहीं मिली तो उनका दिमागी विकास ठीक से नहीं होगा इसलिए उनको डीएचए की पर्याप्त खुराक देनी चाहिए जिससे उनका आईक्यू बेहतर होगा और मेमोरी तेज होगी, पढ़ने की स्किल्स अच्छी होगी और आंखों की रोशनी भी तेज होगी। कुल मिलाकर कहा जाए तो डीएचए बच्चों के न्यूरोलॉजिकल ग्रोथ और आंखों की रोशनी के लिए जरूरी है।

बच्चों को कितनी मात्रा में डीएचए की खुराक देना होगा लाभदायक

टॉडलर्स के लिए डीएचए की लगभग 500-600 मिलीग्राम की खुराक ठीक रहती है। जो बच्चें बहुत छोटे है है और ब्रेस्टफीडिंग करते है तो उनको ब्रेस्टमिल्क से डीएचए मिल जाता है। ब्रेस्टमिल्क में डीएचए पर्याप्त रूप से मौजूद होता है। ब्रेस्टफीडिंग कराने वाली महिलाओं को एक दिन में कम से कम 600-800 मिलीग्राम डीएचए लेना चाहिए। वो अपनी डायट में मछली, अंडे, दही और ड्राई फ्रूट्स शामिल कर सकती है।

टॉडलर्स में किन फूड आईटम से कर सकते है डीएचए की पूर्ति

- अंडे डीएचए का एक अच्छा सोर्स है और बच्चें अंडे खा भी सकते है।
- सी फूड में भी डीएचए भरपूर रूप से मौजूद होता है यह हेल्दी ओमेगा 3 फैट्स की कमी को पूरा करता है।
- अखरोट भी डीएचए का अच्छा सोर्स है।
- पीनट बटर से भी आप डीएचए की कमी को पूरा कर सकते है।
- डीएचए युक्त दही भी बाजार में उपलब्ध है यह भी डीएचए का का अच्छा सोर्स है।
- फिश ऑयल भी डीएचए से भरपूर होते है।

सावधानियां

सी फूड में मरकरी ज्यादा होता है जो बच्चें की ग्रोथ पर गलत इफेक्ट डाल सकता है। इसलिए सी फूड कम मात्रा में ही खिलायें। संतुलित मात्रा में डीएचए लेने से रेटिनल हेल्थ ठीक रहता है और बच्चें की मेन्टल ग्रोथ भी ठीक से होती है।

प्रेग्नेंसी में भूल से भी नहीं करें ये हेल्थ मिसटेक्स

प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को सिर दर्द से लेकर गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याओं का सामना करना पड़ता है। आमतौर पर इस तरह की समस्याओं को दूर करने के लिए महिलाएं खुद से ही दवा ले लेती हैं। जबकि आपको भूल से भी ऐसा नहीं करना चाहिए। प्रेग्नेंसी का दौर एक ऐसा समय होता है, जब महिला को हर छोटी से छोटी बात का ध्यान रखना होता है। दरअसल, अगर महिला जरा सी भी लापरवाही बरतती है तो सिर्फ महिला ही नहीं, बल्कि उसके गर्भ में पल रहे बच्चे पर इसका बुरा असर पड़ता है। आमतौर पर, प्रेग्नेंसी में महिला को सिर्फ उसके खान-पान का ही ख्याल नहीं रखना होता है, बल्कि अन्य भी ऐसी कई बातें होती हैं, जो उसकी सेहत को प्रभावित कर सकती हैं।

डबल खाना खाने से बचें : अक्सर प्रेग्नेंसी में महिलाएं सोचती हैं कि अब उनके गर्भ में एक शिशु है, इसलिए उन्हें दोगुना खाने की जरूरत होगी। जबकि ऐसा नहीं है। एकदम से दोगुनी कैलोरी लेने से महिलाओं का वजन बढ़ जाता है और मोटापे के कारण गर्भपात से लेकर समय से पहले शिशु का जन्म, उच्च रक्तचाप, स्लीप एपनिया और रक्त के थक्कों का खतरा बढ़ जाता है। मोटापे से ग्रस्त माताओं से पैदा होने वाले शिशुओं में जन्म दोष होने की संभावना अधिक होती है। आप ध्यान रखें कि सामान्य बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) वाली महिलाओं को दूसरी तिमाही में एक दिन में अतिरिक्त 340 कैलोरी और तीसरी तिमाही में एक दिन में अतिरिक्त 450 कैलोरी की जरूरत होती है।

खुद से दवाई लेने से बचें : प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को सिर दर्द से लेकर गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याओं का सामना करना पड़ता है। आमतौर पर इस तरह की समस्याओं को दूर करने के लिए महिलाएं खुद से ही दवा ले लेती हैं। जबकि आपको भूल से भी ऐसा नहीं करना चाहिए। इससे आपके गर्भस्थ शिशु को बहुत अधिक नुकसान हो सकता है। ऐसे में सबसे अच्छा तरीका है कि आप पहले एक बार डॉक्टर से बात करें और उनकी सलाह के आधार पर ही किसी दवा का सेवन करें।

एक्सरसाइज से ब्रेक लेने की गलती ना करें :
जब महिलाएं प्रेग्नेंट होती हैं तो वे वास्तव में खुद को बीमार समझने लगती हैं और इसलिए वह एक्सरसाइज करना या फिर कोई फिजिकल एक्टिविटी करना बंद कर देती हैं। जबकि आपको यह हेल्थ मिसटेक नहीं करनी चाहिए। एक्रसरसाइज मां और बच्चे दोनों के लिए जरूरी है। इसलिए, आप प्रेग्नेंसी में भी खुद को फिजिकली एक्टिव रखे। इससे डिलीवरी के दौरान भी आपको अपेक्षाकृत आसानी होती है। हालांकि, यह ध्यान रखें कि आप कभी भी खुद से एक्सरसाइज ना करें, बल्कि किसी एक्सपर्ट की देख-रेख में ही अभ्यास करें।

मिल्क थिस्ल से करें बॉडी को डिटॉक्स, लिवर व किडनी रहेगी सुरक्षित

अगर आप डायबिटीज से परेशान है तो मिल्क थिस्ल आपकी इस परेशानी को काफी हद तक दूर कर सकता है मिल्क थिस्ल में एंटी डाइबिटिक गुण पाए जाते है तो आप मिल्क थिस्ल के उपयोग से डाइबिटीज से होने वाले खतरे को दूर कर सकते है और ब्लड शुगर कंट्रोल में रख सकते है। दोस्तों मिल्क थिस्ल का नाम शायद आप सबने सुना होगा लेकिन बहुत से लोग नहीं जानते मिल्क थिस्ल क्या होता है और इसका सेवन क्यों किया जाता है यह एक प्रकार का औषधीय पौधा है वैसे तो यह विदेशी पौधा है लेकिन इसके बेनिफिट्स को देखते हुए अब इसकी खेती भारत के भी कुछ हिस्सों में की जाने लगी है, इसके फूल और बीजों को हेल्थ प्रॉब्लम्स को दूर करने के लिए यूज किया जाता है हालाँकि यह किसी तरह की बीमारी को दूर तो नहीं करता लेकिन स्वास्थ्य सबंधी कुछ परेशानियों को दूर जरूर करता है। मिल्क थिस्ल टॉक्सिन्स के बुरे इफेक्ट से लिवर को सेफ रखता है स्टेरॉयड के ज्यादा मात्रा में सेवन से होने वाली परेशानियों से किडनी को सुरक्षित रखता है आइये जानते है मिल्क थिस्ल के और कौन से फायदे हैं।

मिल्क थिस्ल के फायदे

डायबिटीज के लिए : अगर आप डायबिटीज से परेशान है तो मिल्क थिस्ल आपकी इस परेशानी को काफी हद तक दूर कर सकता है मिल्क थिस्ल में एंटी डाइबिटिक गुण पाए जाते है तो आप मिल्क थिस्ल के उपयोग से डायबिटीज से होने वाले खतरे को दूर कर सकते हैं और ब्लड शुगर कंट्रोल में रख सकते हैं।

अल्जाइमर की परेशानी में : अगर बढ़ती उम्र के कारण आप भी भूलने की बीमारी से परेशान हैं तो मिल्क थिस्ल आपके लिए फायदेमंद हो सकता है मिल्क थिस्ल में सिलिबिनिन पाया जाता है जोकि मेमोरी तेज करने में हेल्प करता है। मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के लिए भी मिल्क थिस्ल फायदेमंद साबित हुआ है।

वजन कंट्रोल करने के लिए : अगर आप बढ़ते वजन से परेशान है तो मिल्क थिस्ल का सेवन कर सकते है मिल्क थिस्ल में सबमेरीन नाम का तत्व पाया जाता है जोकि वजन घटाने में कारगर है।

यूवी रेज से बचाने में सहायक : कभी कभी तेज धूप में देर तक रहने से हमारी स्किन में बहुत सी दिक्क्तें हो जाती है जैसे स्किन में एलर्जी और इचिंग की प्रॉब्लम, यूवी रेज से होने वाली प्रॉब्लम में भी मिल्क थिस्ल हेल्प करता है इसके पाउडर को चाय में डालकर पीने से आप खुद को सूरज की हानिकारक किरणों से बचा सकते है। मिल्क थिस्ल एंटी ऑक्सीडेंट का भी काम करता है।

अच्छे डाइजेशन के लिए : फास्ट फूड और गलत लाइफ स्टाइल से अक्सर डाइजेशन खराब हो जाता है। मिल्क थिस्ल में फाइबर होता है जो पेट को क्लीन करने के साथ ही आपका डाइजेशन भी ठीक रखने का काम करता है, आप इसके बीजों को पीसकर शेक बना सकते है और इसके पत्तों को सलाद के रूप में भी खा सकते है इसको रूटीन डाइट में भी शामिल किया जा सकता हैं लेकिन बहुत ज्यादा इसका सेवन नहीं करना है।

इम्युनिटी को करे स्ट्रांग : मिल्क थिस्ल डाइजेशन को मजबूत करने के साथ ही इम्युनिटी को मजबूत करने के लिए भी बेस्ट है साथ ही यह रोजमर्रा में होने वाली छोटी-मोटी बीमारियों को भी दूर रखने में हेल्पफुल है इसमें फ्लेवोनॉइड नाम का तत्व होता है जो आपको संक्रमण से बचाता है।

मिल्क थिस्ल के साइड इफेक्ट

- कुछ लोगों को मिल्क थिस्ल सूट नहीं करता इसके ज्यादा इस्तेमाल से एलर्जी की परेशानी हो जाती है वैसे तो ऐसा बहुत कम लोगो के साथ ही होता है लेकिन अगर किसी को ऐसी कोई समस्या होती है तो उसको मिल्क थिस्ल का सेवन बंद कर देना चाहिए और डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए।
- अगर आप मिल्क थीस्ल को 250 -600 एमजी सेवन करते है तो यह सेफ है लेकिन इससे ज्यादा इसके प्रयोग से आपको एलर्जी की प्रॉब्लम हो सकती है।
- मिल्क थीस्ल आपको मार्किट में टेबलेट और पाउडर दोनों ही रूपों में मिल जायेगा।

इन तरीकों से पीतल के बर्तनों को कर सकते हैं साफ

आप एक चम्मच नमक और दो चम्मच नींबू के रस को आपस में मिला लें और इसे पीतल के बर्तनों पर लगायें और कुछ देर तक बर्तनो को अच्छी तरह रगड़ कर साफ करें फिर उन्हें तेज गुनगुने पानी से धोएं पीतल के बरतन फिर से नए जैसे चमकने लगेंगे। वैसे तो हम किचन में पीतल के बर्तनों का कम ही इस्तेमाल करते हैं फिर भी हर घर में थोड़ी संख्या में ही सही पीतल के बर्तन जरूर होते हैं। खासकर पूजा के लिए हम आज भी पीतल के बर्तनों का ही यूज करते हैं क्योंकि इन्हें शुद्ध माना जाता है। इन पीतल के बर्तनों की साफ सफाई बहुत ही मुश्किल है खासकर अगर यह एक बार काले पड़ गए तो फिर इनको दुबारा चमकाने में बहुत मुश्किल आती है। आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताने वाले है जिससे आप किचन में मौजूद चीजों से ही पीतल के बर्तनों को एकदम नया बना सकते है।

नींबू और नमक : आप एक चम्मच नमक और दो चम्मच नींबू के रस को आपस में मिला लें और इसे पीतल के बर्तनों पर लगायें और कुछ देर तक बर्तनो को अच्छी तरह रगड़ कर साफ करें फिर उन्हें तेज गुनगुने पानी से धोएं पीतल के बरतन फिर से नए जैसे चमकने लगेंगे।

इमली का पेस्ट : इमली का पेस्ट भी पीतल के बर्तनों को एकदम नए जैसा बना सकता है इसके लिए आप गरम पानी में इमली को भिगो कर उसका पेस्ट बना लें फिर इस पेस्ट को पीतल के बर्तनों पर लगाएं कुछ देर तक लगा रहने दें फिर साफ पानी से धोकर साफ करें।

बेकिंग सोडा और नींबू : एक चम्मच बेकिंग सोडा और एक चम्मच नींबू का रस मिलाकर बर्तनों पर रगड़े फिर साफ पानी से धोकर साफ कर दें बर्तन एकदम नए जैसे हो जायेंगे।

सिरका और नमक : पीतल के बर्तनों को सिरका से अच्छी तरह से साफ कर सकते हैं पीतल की चीजों को सिरका और नमक डालकर रगड़ें फिर थोड़ी देर लगा रहने दें, गरम पानी से धोकर साफ करें। यह पीतल की चीजों को बहुत ही अच्छी तरह से चमका सकता है।

आज का राशिफल

मेष राशि : बातचीत में संयत रहें। कारोबार में सुधार के लिए किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। मित्रों से भेंट होगी।

वृष राशि : शैक्षिक कार्यों में सुधार होगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी में सौम्यता रहेगी।

मिथुन राशि : धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र की स्थिति में सुधार होगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार विस्तार के अवसर मिल सकते हैं।

कर्क राशि : स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों में वृद्धि होगी। फिर भी धन की प्राप्ति होती रहेगी। माता-पिता का साथ मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

सिंह राशि : किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

कन्या राशि : जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।

तुला राशि : मन में नकारात्मकता से बचें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। पुराने मित्र का आगमन भी हो सकता है।

वृश्चिक राशि : आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना हो सकता है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

धनु राशि : परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें। कारोबार के लिए पिता से धन प्राप्त हो सकता है। किसी पुराने दोस्त से सम्पर्क हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

मकर राशि : उत्साही होने से बचें। आत्मसंयत रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है।

कुंभ राशि : परिवार के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त हो सकता है। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन प्राप्ति के योग हैं। परिवार का सहयोग मिलेगा।

मीन राशि : शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। खर्चों की अधिकता रहेगी। पैतृक व्यवसाय का विस्तार हो सकता है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

न्यूज गैलरी

मंगलुरु ऑटो विस्फोट : आरोपी के किराये के मकान से बम बनाने का सामान बरामद

मंगलुरु/कर्नाटक (एजेंसी)। पुलिस को उस घर से बम बनाने की सामग्री बरामद हुई है, जहां मंगलुरु विस्फोट का आरोपी मोहम्मद शारिक मैसूर में किराये पर रहता था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) आलोक कुमार ने बताया कि शारिक अंतरराष्ट्रीय (आतंकवादी) संगठनों से प्रभावित था। शिवमोगा जिले का निवासी शारिक (24) कुकर में आईईडी बनाने की कोशिश कर रहा था, जब तटीय शहर में शनिवार को उसमें विस्फोट हो गया। हादसे में वह झुलस गया। उसका शहर के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। कुमार ने कहा कि हमारी प्राथमिकता उसे बचाना है ताकि हम उससे पूछताछ कर सकें। पुलिस ने इस विस्फोट को आतंकवाद का एक कृत्य करार दिया है, जिसके पीछे की मंशा गंभीर नुकसान पहुंचाना था। कुमार ने कहा कि हमें मोहन कुमार के घर से बम बनाने में इस्तेमाल किए जानेवाले अमोनियम नाइट्रेट, नट, बोल्ट आदि अन्य सामग्री मिली है, जहां वह (किराए पर) रहता था।

आसियान रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए कंबोडिया पहुंचे राजनाथ

नयी दिल्ली (एजेंसी)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों के दो दिन के सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए सोमवार को कंबोडिया पहुंच गये। रक्षा मंत्री के कार्यालय ने ट्वीट कर जानकारी दी कि श्री सिंह सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए कंबोडिया पहुंच गये हैं। आसियान डिफेंस मिनिस्टर्स प्लस (एडीएमएम प्लस) के अध्यक्ष के रूप में कंबोडिया इस बार 9वीं वार्षिक बैठक की मेजबानी कर रहा है। श्री सिंह बुधवार को सम्मेलन को संबोधित करेंगे। वह कंबोडिया के प्रधानमंत्री से भी मुलाकात करेंगे। भारत-आसियान संबंधों के 30 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में इस सम्मेलन से इतर भारत और कंबोडिया भारत-आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। बैठक के दौरान भारत-आसियान साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहलों की घोषणा की जा सकती है। कंबोडिया प्रवास के दौरान रक्षा मंत्री अन्य भागीदार देशों के रक्षा मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय चर्चा भी करेंगे।

भूकंप से दहली इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता, 40 से अधिक लोगों की मौत

जकार्ता (एजेंसी)। इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में सोमवार को भूकंप का झटका महसूस किया गया है। यह भूकंप भारत के समयानुसार सोमवार 21 नवम्बर को सुबह करीब 11:51 पर आया। रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 5.6 दर्ज की गयी। रिपोर्ट के अनुसार इस भूकंप में अब तक करीब 44 लोगों की मौत की पुष्टि हो गयी है और करीब 700 लोग घायल हुए हैं। मरनेवालों और घायलों की संख्या में इजाफा हो सकता है। इंडोनेशिया के मौसम और जियोफिजिक्स एजेंसी की ऑफिशियल रिपोर्ट के अनुसार वेस्ट जावा का सिआनजुर भूकंप का केंद्र रहा। इंडोनेशिया के मौसम और जियोफिजिक्स एजेंसी से मिली जानकारी के अनुसार इस भूकंप की गहराई करीब 10 किलोमीटर रही। जकार्ता में आये इस भूकंप से राजधानी की कई बिल्डिंग्स में कंपन महसूस की गई। भगदड़ और बिल्डिंग में नुकसान की वजह से अब तक करीब 44 लोग मारे गए हैं और करीब 700 लोग घायल हो गए हैं, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। रिपोर्ट के अनुसार जकार्ता में आए इस भूकंप से मरनेवालों और घायलों की संख्या बढ़ सकती है।

फरवरी में भूकंप से 25 लोगों की हो गयी थी मौत

इस साल फरवरी में, पश्चिम सुमात्रा प्रांत में 6.2 तीव्रता के भूकंप में कम से कम 25 लोगों की मौत हो गयी थी और 460 से अधिक घायल हो हुए थे। जनवरी 2021 में, पश्चिम सुलावेसी प्रांत में 6.2 तीव्रता के भूकंप से 100 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी और लगभग 6,500 लोग घायल हो गए थे। 2004 में हिंद महासागर में आए एक शक्तिशाली भूकंप और सूनामी ने एक दर्जन देशों में लगभग 230,000 लोगों की जान ली थी, जिनमें से अधिकांश इंडोनेशिया में थे।

भूकंप, ज्वालामुखी विस्फोट और सूनामी से अक्सर प्रभावित होता है इंडोनेशिया

दक्षिण जकार्ता में एक कर्मचारी विडी प्रिमाधनिया ने कहा कि भूकंप बहुत तेज महसूस हुआ। मेरे सहयोगियों और मैंने नौवीं मंजिल पर आपातकालीन सीढ़ियों के साथ हमारे कार्यालय से बाहर निकलने का फैसला किया। विशाल द्वीपसमूह राष्ट्र में अक्सर भूकंप आते हैं, लेकिन जकार्ता में उन्हें महसूस करना असामान्य है। इंडोनेशिया, 27 करोड़ से अधिक लोगों का एक विशाल द्वीपसमूह भूकंप, ज्वालामुखी विस्फोट और सूनामी से अक्सर प्रभावित होता रहता है।

असम में 50 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त, पांच लोग गिरफ्तार

गुवाहाटी (एजेंसी)। असम पुलिस ने दो अलग-अलग घटनाओं में कछार और कार्बी आंगलोंग जिलों से कई करोड़ रुपये का मादक पदार्थ जब्त किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने नशा तस्करी में शामिल पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। कछार जिले के लखीपुर क्षेत्र में रविवार को नशे में इस्तेमाल होने वाली 1.80 लाख गोलियों के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि जब्त गोलियों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 50 करोड़ रुपये है। आरोपियों की पहचान कछार जिले के निवासी अब्दुल सईद, इबाजुर रहमान और समीर आलम के रूप में हुई है। कछार के पुलिस अधीक्षक नुमल महतो ने कहा, ये तीनों एक लॉरी में गोलियों की तस्करी कर रहे थे। वाहन के कैरियर में बने सीक्रेट चेंबर में मादक पदार्थों की तस्करी की जा रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर वाहन की तलाशी लेने पर तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से टैबलेट बरामद किया गया है। पुलिस अधिकारी ने आगे बताया कि अब्दुल सईद पड़ोसी मणिपुर राज्य के चुराचंदपुर जिले से गोलियां लाया था। इनका मकसद विदेशों में तस्करी करना था। मामले में आगे की जांच की जा रही है। एक अन्य घटना में, पुलिस और सीआरपीएफ ने एक संयुक्त अभियान में एक ट्रक को रोका और रविवार को कार्बी आंगलोंग जिले में एक संशोधित गुप्त कक्ष में छिपाकर रखे गए चार क्विंटल गांजा जब्त किया। दो आरोपी भी पकड़े गए।

मोरबी पुल हादसा

सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट से जांच की साप्ताहिक निगरानी करने को कहा

नयी दिल्ली (एजेंसी)। उच्चतम न्यायालय ने गुजरात के मोरबी झूला पुल हादसे में 140 लोगों के मारे जाने और बड़ी संख्या में घायल होने की घटना को बड़ी त्रासदी बताते हुए राज्य के उच्च न्यायालय से सोमवार को अनुरोध किया कि वह घटना से संबंधित जांच की साप्ताहिक निगरानी के साथ-साथ दोषियों की जिम्मेदारी तय करने और पीड़ितों को मुआवजे के अलावा अन्य संबंधित पहलुओं पर समय-समय पर सुनवाई करें। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायाधीश न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने मौखिक रूप से कहा कि इस मामले में स्वतः संज्ञान सुनवाई कर रहे उच्च न्यायालय ने कई आदेश पारित किए हैं, इसलिए शीर्ष अदालत अब सुनवाई नहीं करेगी। पीठ ने कहा कि यदि जांच शुरू नहीं की गई होती तो हम इस मामले में नोटिस जारी करते। शीर्ष अदालत के समक्ष सुनवाई के दौरान पीड़ितों में से एक का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने हादसे के लिए जिम्मेदार लोगों को गिरफ्तार करने का मुद्दा उठाया। उन्होंने पीड़ितों को दिए गए मुआवजे की राशि पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि खेलों के लिए 10 से 15 लाख रुपए दिए जाते हैं, लेकिन यहां वैसा कुछ नहीं हुआ। प्रधानमंत्री राहत कोष से 2 लाख और मुख्यमंत्री राहत कोष से चार लाख रुपये पीड़ितों को दिए गए। उन्होंने कहा कि मुआवजे की इस नीति पर भी फिर से विचार करना होगा। जनहित याचिका दायर करनेवाले अधिवक्ता विशाल तिवारी ने अदालत की निगरानी में हादसे की न्यायिक जांच कराने की गुहार लगाई थी। उन्होंने शीर्ष अदालत के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में जांच कराने की मांग की थी। याचिकाकर्ता ने गुजरात के मोरबी में पुल हादसे में कम से कम 140 लोगों के मारे जाने की घटना का जिक्र करते हुए देशभर में सभी पुराने सार्वजनिक ढांचे की विस्तृत सुरक्षा ऑडिट कराने की गुहार लगाई थी। जनहित याचिका में केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को पर्यावरणीय व्यवस्था और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुराने और जोखिम वाले स्मारकों, पुलों आदि के सर्वेक्षण तथा संचालन करने के लिए एक समिति गठित करने का निर्देश देने की गुहार लगाई गई थी।

पीएम मोदी का कांग्रेस पर पलटवार, बोले -

मेरी कोई औकात नहीं, मैं तो बस सेवादार हूं

गांधीनगर (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर तंज कसते हुए कहा कि जिन लोगों को सत्ता से बेदखल कर दिया गया है, वे अब सत्ता में आने के लिए यात्रा निकाल रहे हैं। चुनावी राज्य गुजरात के सुरेंद्रनगर में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने यह भी कहा कि कुछ लोग गुजरात में निर्मित नमक खाकर भी गुजरात को गाली देते हैं। उन्होंने कहा कि देश के कुल नमक उत्पादन का 80 प्रतिशत हिस्सा गुजरात में होता है। मोदी ने कहा कि जिन लोगों को काफी समय पहले सत्ता से बेदखल कर दिया गया था, वे आज सत्ता में वापसी के लिए यात्रा निकाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे ऐसा कर सकते हैं लेकिन वह ऐसे लोगों के साथ यात्रा कर रहे हैं जिन्होंने गुजरात में नर्मदा बांध परियोजना को 40 सालों तक रोके रखा। प्रधानमंत्री का इशारा नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता रही मेधा पाटकर की ओर था। पाटकर हाल ही में राहुल गांधी की अगुवाई में जारी भारत बचाओ यात्रा में शामिल हुई थीं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 40 सालों तक नर्मदा बांध परियोजना को रोकने वालों को गुजरात की जनता सबक सिखाकर रहेगी। उन्होंने कहा कि गुजरात चुनाव में विकास पर चर्चा करने की बजाय विपक्षी कांग्रेस उन्हें औकात बताने का दावा कर रही है। उन्होंने कहा कि पहले भी कांग्रेस ने मेरे लिए मौत का सौदागर, नीच आदमी और नाली का कीड़ा जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया है। लेकिन मैं अपमान पी जाता हूं। अब चुनावों में विकास की बात ना करके कांग्रेस नेता मुझे औकात दिखा देने की बात करते हैं। मोदी ने कहा कि उनकी कोई औकात नहीं हैं और सिर्फ एक जन सेवक हैं।

भारत के साथ व्यापार समझौते के अनुमोदन की सिफारिश

कैनबरा/आस्ट्रेलिया (एजेंसी)। आस्ट्रेलिया की एक संसदीय समिति ने ऑस्ट्रेलिया-भारत आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते (एआई-ईसीटीए) की पुष्टि करने की सिफारिश की है और कहा है कि दोनों देशों के बीच आगे व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते में शुल्कों में और अधिक कटौती, सेवा बाजार में प्रवेश और पर्यावरण एवं श्रमिकों के अधिकार जैसे मुद्दे पर ध्यान दिया जाना महत्वपूर्ण होगा। संधियों पर संयुक्त स्थायी-समिति की यह सिफारिश ब्रिटेन के साथ आस्ट्रेलिया के मुक्त व्यापार समझौते (एफटी) के अनुमोदन की सिफारिश के तुरंत बाद आयी है। समिति की ओर से यहां जारी एक बयान के मुताबिक संधियों पर संयुक्त स्थायी-समिति के अध्यक्ष जोश विल्सन एमपी ने कहा कि भारत के साथ व्यापार में शीघ्र लाभ उठाये जाने के लिए समझौता व्यापार बढ़ाने, बाजार में प्रवेश, निवेश और विनियमन के लिए मार्ग प्रशस्त करनेवाला है।

भागवत ने आरएसएस के स्वयंसेवकों के परिजनों से किया आग्रह, कहा-

स्वदेशी सामान का करें उपयोग, गरीब तबके के लोगों के साथ करें भोजन

जबलपुर (एजेंसी)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने संघ के स्वयंसेवकों के परिवारों से स्वदेशी वस्तुओं का अधिक से अधिक उपयोग करने, पश्चिमी परिवार व्यवस्था को त्यागने और सप्ताह में कम से कम एक बार समाज गरीब तबके के लोगों के साथ भोजन करने का आह्वान किया। जबलपुर में मध्य प्रदेश के महाकौशल क्षेत्र में आरएसएस के स्वयंसेवकों के परिवार के सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की शुरुआत जबलपुर शहर के एमएल बाई स्कूल मैदान में एक गाय और बछड़े के साथ-साथ तुलसी के पौधे की पूजा के साथ हुई। संघ के



पदाधिकारी ने कहा कि उन्होंने परिवारों से अपने बंधन को मजबूत करने के लिए सप्ताह में कम से कम एक बार भोजन के लिए मेज पर एक साथ बैठने का आग्रह किया। उन्होंने दर्शकों से पुराने भारतीय संयुक्त परिवार के मूल्यों को आगे बढ़ाने और पश्चिमी परिवार प्रणाली को त्यागने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि उन्होंने परिवारों से कहा कि वे अपने इलाके में सफाई कर्मचारियों या समाज के निचले तबके के किसी अन्य परिवार को अपने स्थान पर आमंत्रित करें और सप्ताह में एक बार उनके साथ भोजन करें।

उन्होंने जाति व्यवस्था को दूर करने की दिशा में स्वयंसेवकों से अच्छाई और काम करके रोल मॉडल बनने को कहा। संघ के परिवारों के साथ बैठक ऐसे समय में हुई है जब आरएसएस का लक्ष्य अपने स्वदेशी सामान अभियान को मजबूत करने के साथ-साथ 2025 तक अपने आधार को दोगुना करने के लिए देश के प्रत्येक घर तक पहुंचना है, जो कि संघ का शताब्दी वर्ष होगा। एक अनुमान के अनुसार, रक्षा, शिक्षा, श्रमिक संघों और आदिवासी क्षेत्रों जैसे क्षेत्रों में संगठन के विभिन्न शाखाओं में आरएसएस के लगभग तीन हजार प्रचारक (पूर्णकालिक कार्यकर्ता) हैं। आरएसएस के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, संघ का लक्ष्य अंशकालिक स्वयंसेवकों या 'विस्तारकों' को शामिल करके और अपने शताब्दी वर्ष से पहले अपने पदचिह्न का विस्तार करके अपनी संगठनात्मक ताकत को दोगुना करना है।

न्यूज गैलरी

रीजनल लेवल इंटर स्कूल समूह गायन प्रतियोगिता में डीपीएस रांची को प्रथम स्थान

रांची। अपने उत्कृष्ट गायन कौशल एवं प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए, डीपीएस रांची के विद्यार्थियों ने संस्कृति भवन, पुरी, ओडिशा में भारत विकास परिषद (ईस्ट रीजन) द्वारा आयोजित अंतर-विद्यालय समूह गायन प्रतियोगिता के रीजनल लेवल में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल की कुल 06 टीमों ने भाग लिया था। प्रतिभागियों ने हिंदी और संस्कृत भाषाओं में देशभक्ति गीतों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और दोनों श्रेणियों में प्रथम स्थान हासिल किया। डीपीएस राँची की टीम राजस्थान में होने वाली इस प्रतियोगिता के राष्ट्रीय स्तर के लिए क्वालीफाई कर गई है। माननीय प्राचार्य, डॉ. राम सिंह ने विद्यार्थियों को उनकी शानदार उपलब्धि पर बधाई दी एवं उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम आने के लिए प्रेरित किया।

संत पॉल उच्च विद्यालय रांची के प्रांगण में प्रखंड स्तरीय हेलो झारखंड कार्यक्रम आयोजित

रांची। विभागीय निदेश के आलोक में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को संत पॉल उच्च विद्यालय रांची के प्रांगण में प्रखंड स्तरीय हेलो झारखंड कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी रांची कमला सिंह रहे कार्यक्रम में विभागीय निर्देश के आलोक में विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। सभी स्पर्धाओं के प्रथम विजेता आगामी जिला स्तरीय लो झारखंड मैं भाग लेने का निर्देश दिया गया। सभी प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार विजेताओं को मिडिल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि कमला सिंह जिला शिक्षा पदाधिकारी रांची ने सभी बच्चों के पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का अनुरोध किया अवध विद्यालय निरीक्षक श्रीमती अरविंद कुमारी कार्यक्रम में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी आभा कुमारी संजय को अमित कुमार प्रकाश चंद्र दास एवं लगभग 200 शिक्षक शिक्षिकाएं कर्मी तथा विभिन्न विद्यालयों से 800 प्रतिभागी बच्चे सम्मिलित हुए।

मुद्दा विहीन भाजपा अब अपने अस्तित्व को बचाने के लिए सड़कों पर नौटंकी कर रही है : कांग्रेस

रांची। भाजपा द्वारा सोमवार को आहूत विरोध प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए झारखंड प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने इसे नौटंकी करार दिया है। श्री सिन्हा ने कहा कि राज्य में मुद्दा विहीन भाजपा अब अपने अस्तित्व को बचाने के लिए सड़कों पर नौटंकी कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल हंगर इंडैक्स में भारत 101 पयदान पर आ गया है। सीएमआई के अनुसार आज देश में 48 करोड़ लोग बेरोजगार हैं, महिलाओं का रोजगार 10 फीसदी कम हुआ है। इस पर चर्चा करने के बजाय भाजपा सड़कों पर उतरक अपनी नकामियां छीपाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र के भाजपा के शासनकाल में जीडीपी बेहाल है, रूपए में गिरावट आ रही है। बैंक घोटाले हो रहे हैं, सभी सरकारी संस्थाओं को बेचा जा रहा है, किसानों का दर्द 100 गुना बढ़ गया है, आजादी के 75वें साल में केवल झूठ, नफरत, अहंकार, परोपगंडा, और पूंजीपतियों का अमृतकाल चल रहा है। युवाओं , किसानों, महिलाओं, गरीबों, छोटे दुकानदारों, और व्यवसायियों का राहू काल चल रहा है।

झारखंड पावर लिफिटिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय चैंपियनशिप का विधिवत रूप से हुआ समापन

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड पावर लिफिटिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय चैंपियनशिप का विधिवत समापन हरमु रोड स्तिथ जैन भवन में हुआ। 200 प्रतियोगियों में 12 विजेता इस प्रकार रहे : जूनियर पुरुष-स्ट्रॉग मैन इन पावरलिफि्टंग-आफताब खान, बेस्ट लिफ़्टर इन बेंच प्रेस-शाहिल अंसारी, बेस्ट लिफ़्टर इन डेडलिफ्ट-दीपक गोप, जूनियर महिला-स्ट्रॉग विमेन इन पावरलिफि्टंग-हेमा कुमारी, बेस्ट लिफ़्टर इन बेंच प्रेस-हेमा कुमारी, सीनियर पुरुष-स्ट्रॉग मेन इन पीवरलिफि्टंग-धनेशर कुमार रॉय, बेस्ट लिफ़्टर इन बेंच प्रेस-उमेश चंद्र उपाध्याय, बेस्ट लिफ़्टर इन डेडलिफ्ट-धनेशर कुमार रॉय, सीनियर महिला-स्ट्रॉग विमेन इन पावरलिफि्टंग-असरिता तिर्की, बेस्ट लिफ़्टर इन डेडलिफ्ट-पूर्णिमा कंदुलना, बेस्ट लिफ़्टर इन बेंच प्रेस-असरिता तिर्की विजयी रहे। सभी विजेताओं को एसोसिएशन की तरफ से प्राइज देकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह में चैम्बर उपाध्यक्ष अमित शर्मा, हजारीबाग पावरलिफि्टंग एसोसिएशन के राज कुमार थापा, झारखंड पावरलिफि्टंग एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीण जैन, सचिव अशोक कुमार गुप्ता,कोषाध्यक्ष अजय पोद्दार,सह सचिव सुजाता भगत, सदस्य अयोध्या अकेला आदि उपस्थित थे।

पीएम मोदी ने अभी तक अपनी सरकार में 2016 के दौरान उठाए गए नोटबंदी के कदम की महाविफलता को स्वीकार नहीं किया : कांग्रेस

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता आभा सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने अभी तक अपनी सरकार में 2016 के दौरान उठाए गए नोटबंदी के कदम की महाविफलता को स्वीकार नहीं किया है। इसके कारण अर्थव्यवस्था का पतन हुआ और देश की आर्थिक स्थिति अतिदयनीय हो गयी है। प्रधानमंत्री ने नोटबंदी के जरिये देश को कालेधन से मुक्त करने का वादा किया गया था, लेकिन इसने व्यवसायों को नष्ट कर दिया और नौकरियों को बर्बाद कर दिया। मास्टर स्ट्रोक के छह साल बाद सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नकदी 2016 की तुलना में 72 फीसदी अधिक है। उन्होंने कहा कि काला धन नहीं आया, बस गरीबी आई और अर्थव्यवस्था कैशलेस नहीं, कमजोर हुई। आतंकवाद नहीं, करोड़ों छोटे व्यापार और रोजगार खत्म हुए। नोटबंदी में 50 दिन का झांसा देकर अर्थव्यवस्था का नाश कर दिया। नोटबंदी देश के काले अध्याय के रूप में देखा जायेगा। नोटबंदी के कारण देश के हजारों नागरिकों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। मोदी सरकार ने नोटबंदी कर देश के विकास को अवरुद्ध करने का काम किया।

बीआईटी में नये सत्र के विद्यार्थियों का हुआ स्वागत

रांची। बिड़ला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी), मेसरा में सोमवार को शैक्षणिक सत्र 2022-23 के नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों के अभिभावक भी मौजूद थे। नए बैच का स्वागत एजुकेशन सेल के संयोजक डॉ संजय कुमार ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ इंद्रनील मन्ना ने की। कार्यक्रम में कुलपति ने छात्रों को चुनौतियों और विकास के अवसरों पर ध्यान देने के साथ एक प्रेरक वक्तव्य दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को अध्ययन काल का सदुपयोग करने व लक्ष्य के प्रति पूर्ण समर्पित भाव से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विभिन्न संकाय के डीन के साथ विद्यार्थियों व उनके अभिभावाकों का संवाद सत्र भी आयोजित किया गया। विद्यार्थियों को सिलेबस, संस्थान के नियम-कानून, अनुशासन और उपलब्धियों की जानकारी दी गई।

कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भारत जोड़ो पदयात्रा निकाली

पिस्कानगड़ी। नगड़ी प्रखंड में सोमवार को कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भारत जोड़ो पदयात्रा की। पदयात्रा नगड़ी के नया बाजार से भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। पदयात्रा नगड़ी मेन रोड होते हुए अन्य गांव और टोलों में गई फिर नयासराय मठटोली पहुंचकर समाप्त हुई। यहां एक जनसभा हुई, इसमें मुख्य अतिथि कांग्रेस के हटिया विधानसभा प्रभारी अजयनाथ शाहदेव ने कहा केंद्र की भाजपा सरकार देश की एकता और अखंडता से खिलवाड़ कर रही है। यहां के वर्षों पुराने भाईचारे को तोड़ने में लगी है। इसी को लेकर हमारे नेता राहुल गांधी ने देश जोड़ो पदयात्रा शुरू की है, इसे हम सबको मिलकर सफल बनाना है। सभा को सुरेश बैठा, पूर्व जिला परिषद ऐनुल हक, शहीद अहमद, राजेश्वर नाथ शाहदेव, कृजीवन महतो, नगड़ी प्रखंड अध्यक्ष साबिर लोहरा, माहिर अंसारी, सरफराज अंसारी ने संबोधित किया।

सरकार की नीतियों के खिलाफ भाजपा ने उपायुक्त कार्यालय का किया घेराव

रांची। भाजपा रांची महानगर जिला एवं ग्रामीण ने सोमवार को जनाक्रोश यात्रा निकाली और उपायुक्त कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं की पुलिस से नोक-झोंक भी हुई। भाजपा कार्यकर्ता झारखंड सरकार की नीतियों का विरोध कर रहे थे। कार्यकताओं का कहना था कि झारखंड सरकार आम लोगों से किए गए वादे पूरा नहीं कर रही है। इस अवसर पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सासंद दीपक प्रकाश ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था हर दिन गिर रही है। राज्य में अवैध खनन और भ्रष्टाचार चरम पर है। सांसद संजय सेठ ने कहा कि सरकार तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। आदित्य साहू ने कहा कि युवा आज ठगा महसूस कर रहे हैं। विधायक सीपी सिंह ने भी सरकार की नीतियों की आलोचना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए रांची महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता ने कहा कि झारखंड में अराजकता वाली सरकार चल रही है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

पत्रांक 807 गढ़वा/दिनांक 19.11.2020

शुद्धि-पत्र

इस कार्यालय के अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण संख्या-WRD/MID/GARHWA/ F2-20/2022-23 विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी जिसका PR No.- 282641 Minor Irrigation (22-23) D है को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है :-

1	ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि	:-	21.11.2022
2	ई0 निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय	:-	26.11.2022, 09:00 AM तक
3	अग्रधन जमा करने की तिथि एवं समय	:-	26.11.2022 1:00 बजे अपराह्न तक
4	Technical Bid खुलने की तिथि एवं समय	:-	28.11.2022, 09:00 AM

उक्त निविदा की अन्य शर्ते यथावत् रहेगी। निविदा को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

PR 282971 Minor Irrigation(22-23).D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

पत्रांक 806 गढ़वा/दिनांक 19.11.2020

शुद्धि-पत्र

इस कार्यालय के अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण संख्या-WRD/MID/GARHWA/ F2-19/2022-23 विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी जिसका PR No.- 282623 Minor Irrigation (22-23) D है को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है :-

1	ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि	:-	21.11.2022
2	ई0 निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय	:-	26.11.2022, 09:00 AM तक
3	अग्रधन जमा करने की तिथि एवं समय	:-	26.11.2022 1:00 बजे अपराह्न तक
4	Technical Bid खुलने की तिथि एवं समय	:-	28.11.2022, 09:00 AM

उक्त निविदा की अन्य शर्ते यथावत् रहेगी। निविदा को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

PR 282959 Minor Irrigation(22-23).D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

द्वितीय शुद्धि-पत्र

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर अन्तर्गत आमंत्रित ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-DWSD/RPWS/Med-14/2022-23 (1st Call) (Pansha-Rambandh RPWSS) का प्रथम शुद्धि पत्र जो PR No. 280947 द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित है। उक्त निविदा की तिथि पुनः अपरिहार्य कारणों से निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :-

विवरण	पूर्व संशोधित प्रकाशित तिथि/समय	पुनः संशोधित तिथि एवं समय
बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय	21/11/2022 / 05.00 P.M.	03/12/2022 / 05.00 P.M.
अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समय	22/11/2022 / 05.00 P.M.	05/12/2022 / 05.00 P.M.
निविदा खोलने की तिथि एवं समय	23/11/2022 / 04.00 P.M.	06/12/2022 / 04.00 P.M.

यह शुद्धि-पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा एवं शेष पूर्ववत् रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,मेदिनीनगर

PR 282854 Drinking Water and Sanitation(22-23).D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

ई- अति अल्पकालीन् निविदा आमंत्रण सूचना

ई-निविदा संख्या- 07/2022-23/RWD/CHATRA दिनांक- 19.11.2022

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा विशेष केन्द्रीय सहायता मद (S.C.A.) अन्तर्गत् निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	आईडेन्टिफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में	अक्षर में	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	RWD/CHATRA/01/2022-23/01	नगर परिषद् क्षेत्र में 5MT Prefab Solar Cold Storage का अधिष्ठापन कार्य	20,21,400.00	बीस लाख इक्कीस हजार चार सौ	02 माह
2.	RWD/CHATRA/01/2022-23/02	नगर परिषद् क्षेत्र में 10MT Prefab Solar Cold Storage का अधिष्ठापन कार्य	39,24,600.00	उन्चालीस लाख चौबीस हजार छः सौ	02 माह

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :- **27.11.2022**
3. ई- निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- **05.12.2022 अपराह्न 5.00 बजे तक।**
4. (1) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा, (2) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा एवं (3) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, हजारीबाग में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ-पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं संमय :- **06.12.2022 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।**
5. ई- निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- **07.12.2022 पूर्वाह्न 11.30 बजे।**
6. ई- निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- **कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।**
7. ई- निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :- **7979730487**
8. ई- निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/एकाउन्ट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के पक्ष में एवं चतरा में भुगतेय होगा, जो लौटाया नहीं जायेगा।"
9. UCAN Registration की Photocopy Upload करना अनिवार्य है।
10. परिमाण-विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, चतरा।

PR 282846 (Rural Work Department) 22-23 (D)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।

पत्रांक 805 गढ़वा/दिनांक 19.11.2020

शुद्धि-पत्र

इस कार्यालय के अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण संख्या-WRD/MID/GARHWA/ F2-18/2022-23 विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी जिसका PR No.- 282629 Minor Irrigation (22-23) D है को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है :-

1	ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि	:-	21.11.2022
2	ई0 निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय	:-	26.11.2022, 09:00 AM तक
3	अग्रधन जमा करने की तिथि एवं समय	:-	26.11.2022 1:00 बजे अपराह्न तक
4	Technical Bid खुलने की तिथि एवं समय	:-	28.11.2022, 09:00 AM

उक्त निविदा की अन्य शर्ते यथावत् रहेगी।
निविदा को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 282956 (Minor Irrigation) 22-23 (D)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।

पत्रांक 804 गढ़वा/दिनांक 19.11.2020

शुद्धि-पत्र

इस कार्यालय के अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण संख्या-WRD/MID/GARHWA/F2-17/2022-23 विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी जिसका PR No.- 282616 Minor Irrigation (22-23) D है को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है :-

1	ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि	:-	21.11.2022
2	ई0 निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय	:-	26.11.2022, 09:00 AM तक
3	अग्रधन जमा करने की तिथि एवं समय	:-	26.11.2022 1:00 बजे अपराह्न तक
4	Technical Bid खुलने की तिथि एवं समय	:-	28.11.2022, 09:00 AM

उक्त निविदा की अन्य शर्ते यथावत् रहेगी।
निविदा को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 282953 (Minor Irrigation) 22-23 (D)

GOVT. OF JHARKHAND WATER RESOURCES DEPTT. OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER WATER WAYS DIVISION, MEDININAGAR

Tender inviting e-Procurement Notice

e-Tender Reference No.-WRD-Water Ways Division, Medininagar-F_2-03/2022-23 Dated :-19.11.2022

01.	Name of Work	Repair & Maintenance of Qtr. No.-EP 01 to 12 of Water Ways Colony under Water Ways Division, Medininagar.
02.	Estimated Cost (Rs.)	Rs. 12572522.00
03.	Time of Completion	275 Days
04.	Last date/Time for receipt of e-Tender upto	09.12.2022 (05:00 P.M.)
05.	Date of Publication of e-Tender on website	22.11.2022 (Till 02:00 P.M.)
06.	Date of Opening Bid	14.12.2022 (2:00 P.M.)
07.	Name & Address of Office inviting tender	Executive Engineer, Water Ways Division, Medininagar
08.	Contact No. of E.E. Procurement officer	9430195390
09.	Help line number of e-Procurement Cell	06562-240841
10.	Last date of received of hard copy, cost of bid document & EMD.	12.12.2022 (05:00 P.M.)

Note :- Only e-Tenders will be accepted.
Further details can be seen on website http://Jharkhandtenders.gov.in
Mentioning of you GSTIN number is essential.

Executive Engineer,
Water Ways Division,Medininagar

PR 282839 Water Resource(22-23).D

GOVT. OF JHARKHAND WATER RESOURCES DEPTT. OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER WATER WAYS DIVISION, MEDININAGAR

Tender inviting e-Procurement Notice

e-Tender Reference No.-WRD-Water Ways Division, Medininagar-F_2-04/2022-23 Dated :-19.11.2022

01.	Name of Work	Repair & Maintenance of Qtr. No.-ET-01 to 26 of Kutku Colony under Water Ways Division, Medininagar.
02.	Estimated Cost (Rs.)	Rs. 23938827.00
03.	Time of Completion	275 Days
04.	Last date/Time for receipt of e-Tender upto	09.12.2022 (05:00 P.M.)
05.	Date of Publication of e-Tender on website	22.11.2022 (Till 02:00 P.M.)
06.	Date of Opening Bid	14.12.2022 (2:00 P.M.)
07.	Name & Address of Office inviting tender	Executive Engineer, Water Ways Division, Medininagar
08.	Contact No. of E.E. Procurement officer	9430195390
09.	Help line number of e-Procurement Cell	06562-240841
10.	Last date of received of hard copy, cost of bid document & EMD.	12.12.2022 (05:00 P.M.)

Note :- Only e-Tenders will be accepted.
Further details can be seen on website http://Jharkhandtenders.gov.in
Mentioning of you GSTIN number is essential.

Executive Engineer,
Water Ways Division,Medininagar

PR 282840 Water Resource(22-23).D

पृष्ठ एक के शेष

झारखंड विधानसभा का स्थापना दिवस आज...

महतो द्वारा रचित संसदीय दायित्व के तीन वर्ष नामक पुस्तक का लोकार्पण होगा। स्थापना दिवस कार्यक्रम में सभी मंत्रियों और विधायकों को आमंत्रित किया गया है।

केंद्र-राज्य संबंधों पर राष्ट्रीय सम्मेलन कल : नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ, रांची और पीआरएस लेजिसलेटिव रिसर्च, नयी दिल्ली के साथ केंद्र-राज्य संबंध पर कल राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। भारत में पहली बार किसी राज्य का विधानसभा इस तरह की एकेडमिक पहल राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के सहयोग से करने जा रही है। इसमें केंद्र और राज्यों के संबंधों से जुड़े 10 महत्वपूर्ण पहलुओं राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपति, शिक्षाविद और जानकार हस्तियां अपना भाषण प्रस्तुत करेंगी।

कुमार विश्वास बांधेंगे समां : कार्यक्रम के दूसरे दिन बुधवार 23 नवम्बर को ही शाम 6.30 बजे से झारखंड के लोक संगीत कार्यक्रम में पद्मश्री मधु मंसुरी हंसमुख और पद्मश्री मुकुंद नायक अपने लोकगीतों से समां बांधेंगे। इसके बाद डॉ. कुमार विश्वास अपने सहयोगियों के साथ काव्य कलश की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम को देखने के लिए निमंत्रण कार्ड लाना जरूरी होगा। एक कार्ड पर दो लोगों की एंट्री होगी।

छह हजार रुपये घूस लेते...

मामले के सत्यापन के बाद एसीबी टीम द्वारा जाल बिछाया गया और आरोपित दारोगा को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि फिलहाल गिरफ्तार दारोगा से पूछताछ की जा रही है।

टिकट कटने से नाराज नेता...

पर भी लागू होगा। जिसमें चुनाव से छह माह पहले दल-बदल करनेवाले पदाधिकारी को भी किसी अन्य पार्टी के टिकट से चुनाव लड़ने पर पाबंदी लग सकती है। लेकिन निर्दलीय चुनाव लड़ सकता है। जिस पर विपक्षी दलों को इसमें खेल व चालाकी नजर आ रही है। आपसी बातचीत में उनमें से कुछ का कहना है कि निर्दलीय लड़ने पर कोई जीता तो उसको पुष्पम-पत्रम-पद पुरस्कार का प्रलोभन व साम-दाम-दंड-भेद से अपने साथ लाकर सत्ता पाया या सरकार बनायी जा सकती है। इसी तरह से किसी पार्टी से चुना गया सांसद या विधायक यदि दल-बदल कर या पाला बदल कर महाबलशाली पार्टी के साथ सटकर उसकी सरकार बनवा सकते हैं, जैसे कर्नाटक व मध्य प्रदेश में हुआ, तो उनकी सदस्यता जायेगी या नहीं? कुछ संविधानविदों का कहना है कि जब तक दल-बदल पर कड़ा कानून नहीं बनेगा, केंद्र में जो भी बलशाली सत्ताधारी पार्टी होगी लचर दल-बदल कानून का लाभ लेकर अपनी सरकारें बनाती रहेगी। इसलिए दल-बदल का कठोर नियम बनना चाहिए। यह कि कोई भी इंसान जिस पार्टी में है वह उसे छोड़ता है या उससे निकाला जाता है, तो अपनी पार्टी बना या किसी दूसरी पार्टी में शामिल होकर या निर्दलीय ही पांच वर्ष तक चुनाव नहीं लड़ सकता है। उस पांच वर्ष के दौरान उसको कोई भी सत्ताधारी पार्टी न तो राज्यपाल बना सकती, नहीं मंत्री या कोई भी सरकारी बोर्ड या संस्था में कोई वैतनिक या अवैतनिक पद, काम या जिम्मेदारी आदि दे सकती है। कोई दल किसी अन्य दल या पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ती है, तो चुनाव बाद इसे छोड़ किसी अन्य दल के साथ गठबंधन कर सरकार में शामिल नहीं हो सकती है। यदि इस तरह का कठोर नियम बनाया गया, तभी दल-बदल पर रोक लगेगी। वरना पैसे व पावर वाली पार्टी इसका अपने लाभ के लिए दुरुपयोग करती रहेंगी।

न्यूज गैलरी

झारखंड से हार कर दिल्ली विजय हजारे ट्रॉफी के नॉकआउट की दौड़ से बाहर

कोलकाता (एजेंसी)। दिल्ली की टीम सोमवार को यहां झारखंड से पांच विकेट की हार के साथ ही विजय हजारे ट्रॉफी एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में पहुंचने की दौड़ से बाहर हो गयी। दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 259 रन बनाए जिसमें आयुष बडोनी की 69 गेंदों पर खेली गई नाबाद 91 रन की पारी भी शामिल है। उन्होंने अपनी इस पारी में नौ चौके और चार छक्के लगाए। उनके अलावा कप्तान नितीश राणा ने 51 और यश धुल ने 49 रन का योगदान दिया। झारखंड की तरफ से बाएं हाथ के स्पिनर शाहबाज नदीम ने कसी हुई गेंदबाजी की तथा अपने 10 ओवरों में केवल 34 रन दिए। झारखंड ने दिल्ली का लक्ष्य 48.5 ओवर में हासिल कर दिया। उसकी तरफ से विराट सिंह ने 128 गेंदों पर नाबाद 116 रन बनाए। कुमार कुशाग्र ने 40 गेंदों पर 49 रन का योगदान दिया। दिल्ली ने टी-20 घरेलू प्रतियोगिता के नॉकआउट में जगह बनाई थी, लेकिन लिस्ट ए टूर्नामेंट में उसको लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले दिल्ली की टीम राजस्थान और कर्नाटक से हार गई थी। दिल्ली की तरफ से अनुभवी तेज गेंदबाज इशांत शर्मा ने आठ ओवर में 40 रन दिए जबकि ललित यादव और शिवांक वशिष्ठ ने दो-दो विकेट लिए। दिल्ली पर जीत से झारखंड के छह मैचों में पांच जीत से 20 अंक हो गए हैं। कर्नाटक और असम के भी 20 अंक हैं।

भारत ने इजराइल और पोलैंड से ड्रॉ खेला

येरूशलम/इजराइल (एजेंसी)। फीडे विश्व शतरंज ओलंपियाड में कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के लिए विश्व टीम शतरंज चैंपियनशिप का पहला दिन खास अच्छा नहीं रहा और पूल बी में खेल रहे भारत नें पहले दिन अपने दोनों मुकाबले ड्रॉ खेले। सबसे पहले भारत का सामना ग्रुप की सबसे कमजोर टीम इजराइल से था, पर इजराइल नें शानदार खेल दिखाते हुए मुकाबला 2-2 से ड्रॉ पर रोक लिया। पहले बोर्ड पर विदित गुजराती मकसीम रोडशतें से तो तीसरे बोर्ड पर एसपी सेथूरमन अवि-टल बोरुचोव्स्की के खिलाफ जीत के करीब जाकर फिसल गए और मुकाबला ड्रॉ रहा, जबकि निहाल सरीन से तामिर नाबाटी नें तो अभिजीत गुप्ता से ओरी कोबो ने बाजी ड्रॉ खेली। इसके बाद भारत का सामना पोलैंड से था, पहले बोर्ड पर वोइटसजेक से विदित नें तो दूसरे बोर्ड पर निहाल नें पीओरून केस्पर से बाजी ड्रॉ खेली । तीसरे बोर्ड पर एसएल नारायनन नें बार्तल मतेउस्ज को पराजित कर भारत को बढ़त दिला दी पर चौथे बोर्ड पर सेथुरमन की इगोर जानिक के हाथो हार से यह मैच भी 2-2 से बराबरी पर छूटा।

क्वार्टर फाइनल में भारत की देविका और प्रीति

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारत की देविका घोरपड़े और प्रीति दहिया ने सोमवार को स्पेन के ला नुसिया में चल रही आईबीए युवा पुरुष और महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पुणे की रहनेवाली देविका ने महिलाओं के 52 किग्रा भार वर्ग में आयरलैंड की मार्गरेट लैम्बे को आसानी से हराया। उन्होंने शुरू से ही आक्रामक रुख अपनाया और रेफरी को तीसरे राउंड में खेल रोकने के लिए मजबूर किया। इसके बाद भारतीय खिलाड़ी को विजेता घोषित किया गया। हरियाणा की प्रीति ने महिलाओं के 57 किग्रा भार वर्ग में इसी तरह का रवैया अपनाया और फिनलैंड की बेनेडिक्टा मेकिनेन पर आसान जीत दर्ज की। उन्होंने अपनी प्रतिद्वंदी को एक भी अंक नहीं बनाने दिया। भारत के ही महक शर्मा (66 किग्रा), साहिल चौहान (71 किग्रा) और भरत जून (92 किग्रा) को हालांकि हार का सामना करना पड़ा।

आईओए ने लिंग-संतुलित निर्वाचक मंडल की घोषणा की

नयी दिल्ली (एजेंसी)। ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू, गगन नारंग और साक्षी मलिक समेत कई मौजूदा और पूर्व खिलाड़ी भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के 10 दिसम्बर को होनेवाले चुनाव में 77 मतदाताओं में शामिल होंगे। ओलंपिक पदक विजेता योगेश्वर दत्त और एमएम सोमाया भी मतदान करेंगे। मतदान सूची के 77 सदस्यों में से 39 महिलाएं और 38 पुरुष हैं। योगेश्वर और सोमया को नये एथलीट आयोग ने शनिवार को उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ी (एसओएम) के आठ खिलाड़ियों के हिस्से के रूप में चुना, जबकि साक्षी को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) द्वारा नामित किया गया था। सिंधु और नारंग को एथलीट आयोग ने नामित किया था। मतदान अधिकारी उमेश सिन्हा ने सोमवार को 77 सदस्यीय निर्वाचक मंडल की सूची

सूची में सिंधू, नारंग और साक्षी जैसे खिलाड़ी

जारी की जिसमें 33 राष्ट्रीय खेल संघों के 66 सदस्य शामिल हैं। इन सभी ने एक पुरुष और एक महिला को नामित किया है। इसके अलावा एसओएम के आठ (चार पुरुष और चार महिला), एथलीट आयोग से दो (एक पुरुष और एक महिला) को नामित किया गया। इसमें भारत से अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति की सदस्य नीता अंबानी भी शामिल है। पिछले कुछ समय से विवादों में रहे आईओए के लिए यह किसी बड़ी उपलब्धि की तरह है, क्योंकि पुरूष से अधिक महिला सदस्य मतदान करेंगी। यह चुनाव उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त पूर्व न्यायाधीश एल नागेश्वर राव द्वारा तैयार किए गए नए संविधान के तहत होनेवाले हैं। आईओसी से मंजूरी मिलने के बाद आईओए ने 10 नवम्बर को नये संविधान को अपनाया। इस निर्वाचक मंडल में लगभग 25 प्रतिशत सदस्य वर्तमान या पूर्व खिलाड़ी हैं। नये संविधान के तहत आईओए की महासभा में पुरुष और महिला मतदान अधिकार सदस्यों की समान संख्या होगी।

कार्तिक ने जगदीशन की पारी को बताया अद्भुत

चेन्नई (एजेंसी)। सलामी बल्लेबाज एन जगदीशन (277) और साईं सुदर्शन (154) की रिकॉर्डतोड़ पारियों की बदौलत तमिलनाडु ने विजय हजारे ट्रॉफी के ग्रुप-सी एकदिवसीय मैच में सोमवार को अरुणाचल प्रदेश को 435 रनों से रौंद दिया। इस जीत के बाद भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक ने जहां इन दोनों खिलाड़ियों की तारीफ की, वहीं हैरानीजनक बाद करते हुए यह भी कह दिया कि क्या विजय हजार ट्रॉफी फार्मेट का कोई अर्थ बनता है। कार्तिक ने कुछ ट्वीट करते हुए लिखा, वर्ल्ड रिकॉर्ड अलर्ट! क्या अद्भुत प्रयास है एन जगदीशन। उसके लिये इससे खुशी की बात नहीं हो सकती। बड़ी चीजें इंतजार कर रही हैं। साईं सुदर्शन के लिए अब तक कितना शानदार टूर्नामेंट रहा है। यह ओपनिंग कॉम्बो किलिंग है। शाबाश लड़कों। इसके बाद एक अन्य ट्वीट में कार्तिक ने लिखा, 'क्या यह समझ में आता है कि उत्तर पूर्व की टीमें लीग चरण में एलीट टीमों से खेलती हैं। यह सिर्फ टीमों की रन रेट को गिरा देता है और कल्पना कीजिए कि इनमें से किसी एक टीम के खिलाफ मैच बारिश की भेंट चढ़ जाए! क्या उनके पास एक अलग समूह नहीं हो सकता है और फिर योग्यता प्राप्त कर सकते हैं?

नेपियर पहुंची भारतीय टीम, आज खेला जायेगा आखिरी टी-20 मैच

नेपियर (एजेंसी)। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज के आखिरी मैच के लिए सोमवार को भारतीय क्रिकेट टीम नेपियर पहुंची। बता दें कि इस सीरिज का पहला मुकाबला बारिश की वजह से रद्द हो गया। वहीं, दूसरे मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को 65 रनों से हराया। इसी के साथ सीरिज में इंडियन टीम फिलहाल 1-0 से आगे चल रही है। अब सीरिज का आखिरी मैच होने जा रहा है जो कि निर्णायक मैच होगा। ये मैच 22 नवम्बर को नेपियर में खेला जायेगा। दोनों के बीच यह मैच भारतीय समयानुसार 12 बजे शुरू होगा। वहीं, इसे अमेजन प्राइम वीडियो पर लाइव देखा जा सकता है। इसके अलावा मैच का प्रसारण दूरदर्शन पर भी होगा।

बल्लेबाजों से गेंदबाजी में योगदान की उम्मीद : पांड्या

नेपियर (एजेंसी)। भारतीय कप्तान हार्दिक पांड्या ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी-20 मैच के बाद कहा कि उन्हें बल्लेबाजों से उम्मीद है कि वे गेंदबाजी में भी अपना योगदान देंगे। पांड्या ने कहा,

गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया। हमें आक्रामक मानसिकता से खेलने की जरूरत थी। इसका मतलब हर गेंद पर विकेट लेना नहीं होता, लेकिन गेंदबाजी में आक्रामकता दिखाना जरूरी है। मैदान काफी गीला था, इसलिए गेंदबाजों को इसका श्रेय जाना चाहिए। मैंने काफी गेंदबाजी की है इसलिये मैं आगे बढ़ते हुए गेंदबाजी में ज्यादा विकल्प देखना चाहता हूं। यह हमेशा हमारे हित में काम नहीं करेगा, लेकिन मैं और बल्लेबाजों को गेंद से योगदान देते हुए देखना चाहता हूं। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड को 192 रन का लक्ष्य दिया, जिसके जवाब में न्यूजीलैंड 126 रन पर ऑलआउट हो गयी। इस 65 रन की जीत में हरफनमौला दीपक हुड्डा ने अहम भूमिका निभाते हुए 2.5 ओवरों में 10 रन देकर चार विकेट चटकाये। पांड्या ने कहा, मुझे उनसे (गेंदबाजों) पेशेवर होने की उम्मीद है, जो वे हैं भी। हम टीम में ऐसा माहौल बनाना चाहते हैं जहां वे सब खुश महसूस करें।

दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग इलेवन : -

टीम इंडिया : ऋषभ पंत, इशान किशन, सूर्यकुमार यादव/संजू सैमसन, श्रेयस अय्यर, हार्दिक पांड्या, दीपक हुड्डा, वाशिंगटन सुंदर, भुवनेश्वर कुमार, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह/उमरान मलिक, मोहम्मद सिराज।

न्यूजीलैंड : फिन एलेन, डेवोन कॉनवे, ग्लेन फिलिप्स, डेरिल मिशेल, मार्क चैपमैन/माइकल ब्रेसवेल, जेम्स नीशम, मिशेल सेंटनर, टिम साउदी, एडम मिल्ने, ईश सोढ़ी, लॉकी फर्ग्यूसन।

सूर्यकुमार अभी नहीं हैं टी-20 में भारत के बेस्ट प्लेयर : साउथी

वेलिंगटन (एजेंसी)। न्यूजीलैंड के खिलाफ सूर्यकुमार यादव की 111 रन की नाबाद पारी ने टी-20 प्रारूप में शीर्ष बल्लेबाज के रूप में उनके रुतबे और और बढ़ाया है, लेकिन कीवी टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउदी ने कहा कि खेल के सबसे छोटे अंतर्राष्ट्रीय प्रारूप में भारत का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बनने के लिए उन्हें खुद को लगातार साबित करते रहना होगा। सूर्या ने 51 गेंदों में नाबाद 111 रन की तूफानी पारी खेली, जिससे भारत ने दूसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में छह विकेट पर 191 रन बनाने के बाद न्यूजीलैंड को 65 रन से शिकस्त दी। साउदी से मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब पूछा गया कि क्या इस मैच में उन्होंने भारत के सर्वश्रेष्ठ टी-20 बल्लेबाज को गेंदबाजी की तो उन्होंने कहा, "भारत के पास कई महान टी-20 खिलाड़ी रहे हैं। सूर्या के लिए बीते 12 महीने शानदार रहे हैं और यह लगातार दमदार पारी खेलने में सफल रहे हैं।" टी-20 अंतर्राष्ट्रीय

न्यूजीलैंड के गेंदबाज ने बताया कारण

में 106 मैचों में 132 विकेट लेनेवाले इस गेंदबाज ने कहा, "भारत ने न केवल टी-20 प्रारूप में, बल्कि तीनों प्रारूपों में भी कई अद्भुत क्रिकेटर दिए हैं। आपके पास इतने सारे खिलाड़ी हैं जो लंबे समय तक खेले हैं और उन्होंने इस दौरान बहुत कुछ हासिल किया है।" तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजे गए 32 साल के सूर्यकुमार के सामने न्यूजीलैंड के गेंदबाज बेबस नजर आये। उन्होंने इस दौरान कई बेहतरीन शॉट लगाए। सूर्यकुमार ने अपनी पारी के आखिरी 18 गेंदों में 64 रन बटोरे। मैच में हैट्रिक पूरा करने वाले साउदी ने कहा, "वह ऐसे खिलाड़ी हैं जो एक गेंद पर कई तरह के शॉट लगा सकते हैं। वह आईपीएल और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पिछले 12 महीने से शानदार लय में हैं। उन्होंने कमाल की पारी खेली।"

टी-20 में सूर्या की चमक से चमक रही टीम इंडिया

नयी दिल्ली (एजेंसी)। देश बदला, विरोधी टीम बदली, टूर्नामेंट बदला बस एक बात नहीं बदली और वह है सूर्यकुमार यादव की बल्लेबाजी। माउंट मॉन्गनुई के बे ओवल मैदान पर न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी-20 इंटरनेशनल में सूर्या ने सिर्फ 51 गेंद पर 111 रन बना दिए। स्ट्राइक रेट रहा 217.64, इस पारी में 11 चौके और 7 छक्के लगाए। सूर्या इस पारी में सबसे ज्यादा रन बनानेवाले भारतीय बल्लेबाज रहे। दूसरे टॉप स्कोरर ईशान किशन रहे।

उन्होंने 36 रन बनाए। सबसे बेहतरीन स्ट्राइक रेट भी सूर्या का रहा। 9 बॉल पर 13 रन बनाने वाले श्रेयस अय्यर दूसरे नंबर पर रहे। उनका स्ट्राइक रेट 144 का था। चौके और छक्के में भी कोई सूर्या के आस-पास नहीं था। टी-20 इंटरनेशनल में भारत के लिए अब तक 11 शतक लगे हैं। चार शतक इसी साल आए। इनमें से 2 तो अकेले सूर्यकुमार यादव ने ही बनाए हैं। सूर्या और देश के बाकी बल्लेबाजों के बीच यह फर्क सिर्फ इस मैच में देखने को नहीं मिला। यह पांच महीने की कहानी है। मैच चाहे इंग्लैंड में हो, यूएई में हो, भारत में हो, ऑस्ट्रेलिया में हो या न्यूजीलैंड में हो, सूर्या हर जगह चमकते रहे। मूलतः उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के रहनेवाले इस मुंबईकर ने इसी साल भारत के इंग्लैंड दौरे से ऐसी बल्लेबाजी की है मानो भारतीय टी-20 क्रिकेट के आकाश में वे इकलौते सूरज हों। उनके सौरमंडल में दूसरे बल्लेबाजों की हैसियत क्षुद्र ग्रहों से ज्यादा नहीं रही। हर पैमाने और ज्यादातर आंकड़ों में वो सब पर हावी साबित हुए।

25 मैच में 1029 रन, 187 स्ट्राइक रेट : सूर्या को हमेशा से टी-20 क्रिकेट का अच्छा बल्लेबाज माना जाता था, लेकिन उनका महामानव वाला रूप इस साल भारत के इंग्लैंड दौरे से दिखना शुरू हुआ। 3 मैच की सीरीज में उन्होंने 57 के औसत और 201.17 के स्ट्राइक रेट से 171 रन बना दिए।

चौके-छक्के जमाने में भी सबको पीछे छोड़ा

सूर्या ने इस साल जुलाई से अब तक 25 मैच में 96 चौके और 58 छक्के जमाए हैं। कोई भी दूसरा भारतीय बल्लेबाज उनके आस-पास नहीं फटक पाया है। इस टाइम पीरियड में चौके के मामले में विराट (18 मैचों में 58 चौके) दूसरे और रोहित शर्मा (23 मैचों में 55 चौके) तीसरे नंबर पर हैं। कोई भी अन्य भारतीय बल्लेबाज इस दौरान 30 छक्के भी नहीं जमा पाया है। 27 छक्कों के साथ रोहित दूसरे और 26 छक्कों के साथ केएल राहुल तीसरे नंबर पर हैं।

किसी पर आजीवन प्रतिबंध लगाना कठोर : वार्नर

मेलबर्न (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वार्नर ने अपनी निराशा व्यक्त की कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने उन्हें अपने आजीवन प्रतिबंध की समीक्षा के लिए आवेदन करने की अनुमति देने में इतना समय लिया। सोमवार 21 नवम्बर को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने घोषणा की कि उन्होंने खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के समर्थन कर्मियों के लिए उनके आचार संहिता में संशोधन के बाद खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए दीर्घकालिक प्रतिबंधों को संशोधित करने के लिए दरवाजा खोल दिया है। अक्टूबर में बोर्ड की बैठक में एक अनुरोध के बाद सोमवार को इस कदम की घोषणा की गई जिसका अर्थ है कि खिलाड़ी और अधिकारी अब तीन-व्यक्ति समीक्षा पैनल द्वारा अपने प्रतिबंधों को सुनने के लिए कह सकते हैं। पिछले कानून के तहत स्वीकार किए जाने के बाद खिलाड़ियों को मंजूरी की समीक्षा करने का अधिकार नहीं था, लेकिन नए नियम के तहत यदि वे साबित

कर सकते हैं कि उन्होंने पश्चाताप किया है और उनका व्यवहार बदल गया है तो यह लंबी अवधि के दंड को कम करने की अनुमति देता है। एक रिपोर्ट में वार्नर के हवाले से कहा गया, 'मैं एक अपराधी नहीं हूं। आपको किसी स्तर पर अपील का अधिकार मिलना चाहिए। मैं समझता हूं कि उन्होंने प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन किसी को जीवन भर के लिए प्रतिबंधित कर दिया, मुझे लगता है कि यह थोड़ा कठोर है। वार्नर ने कहा, 'जहां यह निराशाजनक रहा है, वहां पहुंचने में इतना समय लगा है। मुझे लगता है कि यह इस साल फरवरी में लाया गया था। यह मेरे और मेरे परिवार और इसमें शामिल सभी लोगों के लिए दर्दनाक है। हमें उसमें वापस जाने की जरूरत नहीं है। जो हुआ उसे फिर से जीने की जरूरत नहीं है।

वार्नर ने कहा, 'यह निराशाजनक है क्योंकि हम नौ महीने पहले ऐसा कर सकते थे जब इसे पहली बार लाया गया था।' 'यह जाहिर तौर पर दुर्भाग्यपूर्ण है, फिंच ने संन्यास लिया और फिर उन्होंने इसे अपने तरीके से तेजी से ट्रैक किया। लेकिन यह थोड़ा निराशाजनक है कि जब आप 2018 में निर्णय लेते हैं, तो यह चार दिनों में होता है, और फिर इसमें 9 महीने लगते हैं, तो यह है सबसे कठिन बात है। यह वास्तव में मुझे ऐसा दिखता है जैसे मैं प्रचार कर रहा हूं, जो कि मैं बिल्कुल नहीं हूं। इसलिए मेरे दृष्टिकोण से, यह निराशाजनक रहा है।

फीफा वर्ल्ड कप : 92 साल के इतिहास में पहला ही मैच हारी मेजबान

अल खोर/कतर (एजेंसी)। कप्तान इनर वेलेंसिया के दो गोल की मदद से इक्वाडोर ने फीफा विश्व कप के उद्घाटन मैच में मेजबान कतर को 2-0 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरूआत की। वेलेंसिया ने ग्रुप ए के इस मैच में पहला गोल 16वें मिनट में पेनल्टी पर किया, जबकि 31वें मिनट में उन्होंने हेडर से दर्शनीय गोल दागा। विश्व कप के 92 साल के इतिहास में यह पहला मौका है, जबकि मेजबान टीम ने अपना पहला मैच गंवाया। मैच में केवल 11 शॉट की गोल को लक्ष्य करके जमाए गए, लेकिन पहली बार विश्वकप में खेल रहे कतर के पांचों शॉट लक्ष्य से बाहर गए। वेलेंसिया ने खेल के तीसरे मिनट में ही प्रतियोगिता का पहला गोल दाग दिया था, लेकिन वीडियो रिव्यू

से ऑफ साइड का पता चला और यह गोल अमान्य करार कर दिया गया। लेकिन विश्वकप 2022 का पहला गोल करने का श्रेय वेलेंसिया को ही मिलना था। उन्होंने खेल के 16वें मिनट में पेनल्टी पर यह गोल किया। कतर के गोलकीपर साद अब्दुल्ला अल शीब ने बॉक्स के अंदर फाउल किया जिससे उन्हें पीला कार्ड और इक्वाडोर को पेनल्टी मिली जिसे उसके कप्तान ने गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की। वेलेंसिया का विश्वकप में यह चौथा गोल था और वह इक्वाडोर की तरफ से विश्व कप में सर्वाधिक गोल करनेवाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने ऑगस्टन डेलगाडो को पीछे छोड़ा। वेलेंसिया ने 31वें मिनट में हेडर से खूबसूरत गोल करके इक्वाडोर की बढ़त दोगुनी की। तब मोएजेस कैसिडो बड़ी कुशलता से कतर के हाफ में गेंद लेकर गए। उन्होंने दाहिने छोर पर एंजेलो प्रेसियाडो की तरफ गेंद बढ़ाई जिनके क्रास पर वेलेंसिया ने बेहतरीन हेडर जमाकर अल शीब को कोई मौका नहीं दिया।

इक्वाडोर ने कतर को 2-0 से हराया

कतर की टीम शुरू में नर्वस नजर आयी और संघर्ष करती दिखी, लेकिन मैच आगे बढ़ने के साथ उसने दर्शकों के अपार समर्थन के बीच आत्मविश्वास हासिल किया। उसके पास गोल करने का सबसे अच्छा मौका पहले हाफ के इंजरी टाइम में आया, लेकिन तब अल हैदोस के क्रास पर लगाया गया अलमोज अली का हेडर बाहर चला गया। इक्वाडोर ने दूसरे हाफ में शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाया। उसके पास 55वें मिनट में गोल करने का मौका था लेकिन अल शीब ने रोमेरियो इबारा के शॉट को बड़ी खूबसूरती से रोक कर कतर पर आया संकट टाला। इसके बाद जब खेल नीरस अंदाज में आगे बढ़ रहा था तब 84वें मिनट में कतर को मौका मिला लेकिन मोहम्मद मुंतारी का शॉट क्रास बार के ऊपर से बाहर चला गया। इक्वाडोर दूसरे हाफ में गोल नहीं कर पाया लेकिन इस बीच उसकी रक्षापंक्ति ने दमदार खेल दिखाया और कतर को वापसी का कोई मौका नहीं दिया।